


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 41 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) वैशाख शु.11 2082 गुरुवार, 8 मई-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## देश के 244 शहरों में ब्लैकआउट

**मॉक ड्रिल में हमले से बचने के तरीके सिखाए, युद्ध के हालात से निपटने की तैयारी**

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट में ब्लैकआउट एक्सरसाइज हो रही है। गृह मंत्रालय ने इन जगहों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इससे पहले, इधर, इन 244 डिस्ट्रिक्ट में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई।

# पहलगाम का बदला पूरा

**पाकिस्तान पर 24 मिसाइल दागीं**

## मोदी बोले-जवाब देना जरूरी था



> 9 ठिकानों को निशाना बनाया, इसमें 100 से ज्यादा मारे गए

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्वाई कर ही दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर'।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा-भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे। सेना ने एयर स्ट्राइक के 9:30 घंटे बाद सुबह 10:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी और आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। सबसे पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो प्ले किया गया। इसमें आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई दिखाई गई। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि 25 मिनट में पाकिस्तान और पीओके में 9 टारगेट पहचाने गए थे। इन्हें हमने तबाह कर दिया। लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स टारगेट किए गए।पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर को सबसे पहले निशान बनाया गया। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम हमले के आतंकियों ने यहीं ट्रेनिंग ली थी।

मुजफ्फराबाद का सैयदना बिलाल कैंप। यहां हथियार, विस्फोटक और जंगल सर्वाइवल की ट्रेनिंग दी जाती थी। कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप। पूंछ में 2023 में श्रद्धालुओं पर हमला करने वाले आतंकी यहीं ट्रेंड हुए थे। भिम्बर का बरनाला कैंप। यहां हथियार चलाना सिखाया जाता है। कोटली का अब्बास कैंप। यह एलओसी से 13 किमी दूर है। यहां फिदायीन तैयार होते हैं। सियालकोट का सरजल कैंप। मार्च 2025 में पुलिस जवानों की हत्या के आतंकवादियों को यहीं ट्रेंड किया गया था। सियालकोट का हिजबुल महमूना जाया कैंप। पठानकोट हमला यहीं प्लान किया गया। मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप। अजमल कसाब और डेविड कोलमैन हेडली यहीं ट्रेंड हुए थे। मस्जिद सुभान अल्लाह बहावलपुर जैश का हेडक्वार्टर था। यहां रिक्रूटमेंट, ट्रेनिंग दी जाती थी। बड़े अफसर यहां आते थे।

बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने कहा है कि सुभान अल्लाह मस्जिद पर किए गए हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबियों की मौत हो गई। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हिफाजत कर सकता है, लेकिन भारत रुक जाता है तो हम भी रुक जाएंगे।

**> सुनक बोले-आतंकी ठिकानों पर हमला जायज**

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि किसी भी देश को यह स्वीकार नहीं करना चाहिए कि उसकी सरजमीं पर किसी और देश से आतंकी हमले किए जाएं। सुनक ने भारत के जवाबी हमलों को सही ठहराते हुए कहा, 'भारत का आतंकियों के ढांचे पर हमला करना पूरी तरह जायज है। आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।'

### पाकिस्तानी मीडिया और सरकार के बयान

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी से कहा-भारत ने अपनी हवाई सीमा से पाकिस्तान पर मिसाइल हमले किए हैं, जो नागरिक इलाकों पर गिरे। पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया- पाकिस्तानी सेना ने 6 भारतीय फाइटर जेट मार गिराए। इनमें 3 राफेल, 2 मिग-29 और एक सुखोई शामिल है। एलओसी के पास भारतीय चेकपोस्ट भी तबाह किए हैं।

हमले की लोकेशन और मरने वालों की अलग-अलग संख्या। पाकिस्तान ने रात 2 बजे कहा- हमले 5 ठिकानों पर हुए और 3 लोगों की मौत हुई। 3 घंटे बाद यानी सुबह 5 बजे इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस डायरेक्टर अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, 'भारत ने 6 इलाकों में 24 मिसाइलें दागीं। इनमें 8 नागरिक मारे गए, 35 घायल और 2 लापता हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर हाफिज अब्दुल मलिक भी शामिल है। मलिक मुरीदके स्थित मरकज तैयबा एयर स्ट्राइक में मारा गया।

**पाकिस्तान बोला-भारत ने युद्ध के लिए उकसाया**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक में भारत के हमले को पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया गया। शहबाज ने कहा- इस कार्रवाई से भारत ने हमें युद्ध के लिए उकसाया है। बैठक में सेना प्रमुखों, आईएसआई चीफ और कई केंद्रीय मंत्रियों ने हिस्सा लिया।

## कौन हैं कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका



व्योमिका सिंह | कर्नल सोफिया कुरैशी

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस ब्रीफ में भारत के पाकिस्तान पर किए मिलिट्री ऑपरेशन की जानकारी दी। दोनों ऑफिसर्स ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पूरी कहानी बताई। कर्नल सोफिया जहां आर्मी कम्युनिकेशन एक्सपर्ट हैं, वहीं विंग कमांडर व्योमिका स्पेशलिस्ट हेलिकॉप्टर पायलट हैं। कर्नल कुरैशी सिग्नल कोर में सर्विस देती हैं, जो आर्मी कम्युनिकेशन में एक्सपर्टीज रखती हैं।

**उनके कामों में शामिल है**

**कांगो ऑपरेशन :** साल 2006 में कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में महिलाओं और बच्चों को हिंसा से बचाने को लेकर एक सैन्य टीचर के तौर पर काम किया है।

**ऑपरेशन पराक्रम :** 2001-2002 में पंजाब सीमा पर तैनात होने पर उन्हें उनकी समर्पित सेवा के लिए जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

पूर्वोत्तर भारत में बाढ़ राहत अभियान : आपदा राहत के दौरान कम्युनिकेशन के जरिए उनके असाधारण काम के लिए उन्हें सिग्नल ऑफिसर-इन-चीफ से प्रशस्ति पत्र मिला।

**विंग कमांडर व्योमिका**

विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारतीय वायु सेना में स्पेशलिस्ट हेलिकॉप्टर पायलट हैं। वो चुनौतीपूर्ण इलाकों में चेतक और चीता जैसे स्पेशलाइज्ड हेलिकॉप्टर ऑपरेट करती हैं। वो अपने परिवार में सशस्त्र बलों में शामिल होने वाली पहली महिला हैं और पिछले 21 साल से एयरफोर्स में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

व्योमिका जब छठी क्लास में पढ़ती थीं, तब क्लास में उनके नाम का मतलब पूछा गया। उन्हें पता चला कि उनके नाम 'व्योमिका' का मतलब है उड़ना। तभी उन्होंने तय कर लिया कि वो एयरफोर्स का हिस्सा बनेंगीं। अपने जुनून के चलते उन्होंने स्कूल में एनसीसी जॉइन की और शॉर्ट सर्विस कमीशन की मदद से एयरफोर्स का हिस्सा बनीं। विंग कमांडर व्योमिका के पास 2,500 घंटों से ज्यादा का फ्लाइट आवर्स एक्सपीरियंस है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर सहित मुश्किल पहाड़ी इलाकों में चेतक और चीता जैसे हेलिकॉप्टरों को ऑपरेट किया है।

## कश्मीर के पंपोर में गिरा फाइटर जेट पाकिस्तान का

> पूर्व आईएएफ अफसर बोले-जेएफ-17 हो सकता है; रामबन, अखनूर, बठिंडा में भी जेट क्रैश

श्रीनगर, 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर भारत की एयरस्ट्राइक के बाद जम्मू-कश्मीर में तीन और पंजाब में एक फाइटर जेट गिरने की खबरें सामने आई हैं। एक घटना पुलवामा के पंपोर की है। दूसरी अखनूर और तीसरी रामबन की बताई जा रही है। चौथी घटना बठिंडा की है। पंपोर में लोगों ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे एक फाइटर जेट गिरा है। एक घंटे तक धमाके की आवाज सुनी। फाइटर जेट किसका है, ये पता नहीं चला है। इसकी मलबे की फोटो सामने आई हैं। इंडियन एयरफोर्स के रिटायर्ड अफसरों ने फोटो देखने के बाद कहा कि जिस तरह की मार्किंग है, उससे ये भारतीय जेट नहीं लग रहा है। ये पाकिस्तानी फाइटर जेट जोएफ-17 हो सकता है। उन्होंने कहा कि ये बड़े साइज का फाइटर जेट नहीं है। इसके रंग से भी पता चल रहा है कि ये भारतीय नहीं है। वहीं अखनूर में फाइटर जेट गिरने के विजुअल सामने आए हैं।

## जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे : राजनाथ सिंह



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बुधवार रात की गई एयर स्ट्राइक में कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। सेना की इस कार्रवाई को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, सेना ने हमारा मस्तक ऊंचा किया है।

भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें सही समय पर ध्वस्त किया।

**'सेना को पूरे देश की ओर से साधुवाद'**

6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 50 बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी नागरिक ठिकाने को जरा भी प्रभावित न होने की संवेदनशीलता दिखाई है। जिसके लिए मैं हमारे सेना के जवानों और अधिकारियों को पूरे देश की ओर से साधुवाद देता हूं। सेना को संपूर्ण सम्बल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को भी साधुवाद देता हूं। हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था 'जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे' अर्थात केवल उन्हीं को मारा जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने, 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च करके, पहले की तरह ही, इस बार भी, आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंपों को तबाह करके करारा जवाब दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि,हमारी यह कार्रवाई, बेहद सोच-समझकर, सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकियों के हौंसले पस्त करने के उद्देश्य से, यह कार्रवाई, महज उनके कैंपों और अन्य संरचनाओं तक ही सीमित रखी गई है।

## देश के 18 एयरपोर्ट्स पर ऑपरेशन बंद

> 200 फ्लाइट्स कैंसिल; एअर इंडिया
> इंडिगो और स्पाइसजेट ने 15 शहरों में उड़ानें रद्द कीं

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद भारत ने 7 राज्यों के 18 एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिए हैं। इनमें से बड़े एयरपोर्ट श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर हैं।

यह एयरपोर्ट्स पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। एअर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने करीब 200 फ्लाइट्स को कैंसिल किया है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। करतारपुर कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है। यहां से सिख श्रद्धालु पाकिस्तान में करतारपुर साहिब के दर्शन करने जाते थे। एअर इंडिया ने 9 शहरों के लिए लिए सभी उड़ानें 10 मई की सुबह 05:29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं-जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट।

इंडिगो ने 11 शहरों की सभी फ्लाइट्स 10 मई की सुबह 05:29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, ग्वालियर, किशनगढ़ और राजकोट। स्पाइसजेट ने 6 शहरों की सभी उड़ानें 7 मई तक रद्द कीं। ये शहर हैं-लेह, श्रीनगर, जम्मू, कांगड़ा (हिमाचल), कांडला (गुजरात) और अमृतसर।

10 मई तक इंडिगो की 165 डोमेस्टिक फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरलाइंस हर दिन करीब 2200 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। दिल्ली एयरपोर्ट पर अलग-अलग एयरलाइंस की 20 फ्लाइट्स कैंसिल हुई है।

## सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल का विस्तार किया है। सरकार ने उनके कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ाया है। इससे पहले सोमवार को अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए पीएमओ में बैठक हुई थी। जिसमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए थे। केंद्र सरकार ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो वर्ष की अवधि के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था। एक साल के सेवा विस्तार के बाद वह इस पद पर मई 2026 तक बने रहेंगे।

सरकार की ओर से जारी बयान में मुताबिक, उनके कार्यकाल को बढ़ाने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया। इस समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे। चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर नियुक्तियों की मंत्रिमंडलीय समिति (एसीसी) ने 24 मई के बाद एक वर्ष की अवधि के लिए सूद के कार्यकाल के विस्तार को मंजूरी दी।

प्रवीन सूद 1986 बैच के कर्नाटक कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं। उन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का निदेशक नियुक्त किए जाने से पहले कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में कार्यरत थे। सूद का जन्म 1964 में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में हुआ था। उन्होंने 22 वर्ष की आयु में भारतीय पुलिस सेवा ज्वाइन की थी। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है। इसके अलावा उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), बेंगलुरु और न्यूयॉर्क स्थित मैक्सवेल स्कूल ऑफ गवर्नेंस, सिरैक्यूज़ यूनिवर्सिटी से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। सूद ने कई हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच की निगरानी की। तकनीक-प्रेमी सूद कर्नाटक में न्यायपालिका के साथ मिलकर सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स) और आईसीजेएस (इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) को मजबूत करने की दिशा में भी कार्य कर चुके हैं।

## सेना की जांबाजी को सलाम, हम सरकार के साथ खड़े हैं : कांग्रेस



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले के बाद चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कांग्रेस ने कार्यसमिति की आपात बैठक बुलाई थी। जिसमें तमाम शीर्ष कांग्रेस नेता शामिल हुए हैं। वहीं इस बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि, हम सेना के जांबाज सैनिकों को सलाम करते हैं, हम आतंकवाद के खिलाफ सरकार के साथ खड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, 'हम भारतीय सेना पर गर्व करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्वाई करते हुए मुंह तोड़ जवाब दिया है। आतंकवादी हमले के पहले दिन से ही कांग्रेस ने सेना और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमापार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्वाई का समर्थन किया था।'

**सेनाओं को पूरा समर्थन - राहुल**

वहीं इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 'हमने कार्यसमिति में चर्चा की। हमारी सेनाओं को पूरा समर्थन। उन्हें शुभकामनाएं। उन्हें ढेर सारा प्यार। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से पूरा समर्थन है। हमें कल सर्वदलीय बैठक के लिए बुलाया गया है।'

## ऑपरेशन सिंदूर से पहले पीएम मोदी ने दुनिया को साधा

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर भारत का तीसरा ऐसा सैन्य अभियान है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पाकिस्तान के खिलाफ अंजाम दिया गया है। इन तीनों में भारतीय सशस्त्र सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) और नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार करके पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया है। इन सब में ऑपरेशन सिंदूर सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसे अंजाम देने के लिए सरकार और सशस्त्र सेना पर बहुत ज्यादा दबाव था। पिछले एक दशक में सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड से यह प्रेशर और ज्यादा बढ़ गया था। हालांकि, इस दौरान फिर से अमेरिका समेत दुनिया के तमाम देश 'संयम बरतने'जैसी बातें करने में पीछे नहीं हटे। लेकिन, भारत ने तय कर रखा था कि पहलगाम में 25 भारतीयों और एक विदेशी नागरिक की हत्या करने वाले आतंकियों और उनके आकाओं को सजा देकर रहेगा और उसने ऐसा करके दिखा दिया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने को लेकर जो इच्छाशक्ति दिखाई है; उसे पूरी दुनिया ने सिर माथे लिया है,उसके पीछे पांच वजह हैं।

**भारतीय हित सर्वोपरि**

भारत ने पहलगाम हमले के बाद से ही उचित और कल्पना से परे जवाब देने की ठान रखी थी। लेकिन, दुनिया फिर भी 'संयम बरतने' वाला कूटनीतिक ज्ञान देने से पीछे नहीं हट रही थी। ऑपरेशन सिंदूर की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार देश के हित में फैसले लेने में विश्वास रखती है। उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय कैसी प्रतिक्रिया देगा।

उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा, लेकिन इसे एक संकेत के रूप में देखा गया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमले पर कैसी प्रतिक्रिया होने वाली है। उन्होंने यहीं कहा, 'कई सालों से, लोगों की सोच नकारात्मक थी। कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले लोग चिंता करते थे। वे सोचते थे, 'दुनिया क्या सोचेगी, वोट मिलेंगे या नहीं?'

इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विश्व को एक और संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'पहले भारत के हक का पानी भी बाहर जा रहा था...अब भारत का पानी भारत के हक में बहेगा, भारत के हक में रुकेगा और भारत के ही काम आएगा।' >14

### आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए सेना अधिकारी

लाहौर, 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना के जवान और मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा के सदस्य बुधवार को तीन लोगों के जनाजे में शामिल हुए। ये तीनों बुधवार को मुरीदके में भारतीय सेना के हवाई हमले में मारे गए। मुरीदके लाहौर से करीब 40 किलोमीटर दूर है। जमात उद-दावा के राजनीतिक संगठन पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के प्रवक्ता ताबिश कय्यूम ने कहा कि कारी अब्दुल मलिक, खालिद और मुदस्सिर को कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज-ए-जनाजा अदा की गई।

### फूट-फूटकर रोया मसूद अजहर

**ऑपरेशन सिंदूर में परिवार के 10 लोगों की मौत पर बोला-मैं क्यूं नहीं मर गया!**

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारत की सशस्त्र सेनाओं द्वारा अंजाम दिए गए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों की मौत हुई है। मसूद अजहर ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। बहावलपुर में आतंकी ठिकानों पर हुए हमले में मसूद अजहर के लोगों की मौत हुई है।

मसूद अजहर ने बयान जारी कर बताया है कि हमले में उसके परिजनों के अलावा चार करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बहावलुपर में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हुए हमले में जैश ए मोहम्मद चीफ मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों की मौत हुई है। हमले में मसूद अजहर के करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में अपनों के मारे जाने पर मसूद अजहर फूट-फूटकर रोया। भारत के हमले में आतंकी कारी मोहम्मद इकबाल की भी मौत हुई है। कारी इकबाल ही कोटली में चलने वाले आतंकी कैंपों का कमांडर था। कारी इकबाल के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं।

# पहलगाम हमले के 48 घंटे बाद ही बैकफुट पर आ गया था हाफिज



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा', के चीफ हाफिज सईद को यह अहसास हो गया था कि इस बार भारत, कोई बड़ा कदम उठाएगा। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम के आतंकी हमले के तुरंत बाद 'लश्कर-ए-तैयबा' की जम्मू कश्मीर में सक्रिय प्रॉक्सी विंग 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने वह जिम्मेदारी ली थी। इसके लिए बाकायदा, टीआरएफ की तरफ से सोशल मीडिया के जरिए एक बयान भी जारी किया गया। हालांकि इस हमले के बाद भारत में जिस तरह का गुस्सा देखा गया, हाफिज सईद ने उसे भांप लिया था। यही वजह रही कि पहलगाम हमले के 48 घंटे बाद यानी 25 अप्रैल को टीआरएफ ने अपना बयान बदल लिया। सूत्रों का कहना है कि यह सब हाफिज सईद के इशारे पर हुआ था। टीआरएफ ने उस बयान में कहा था, इस हमले में हमारा हाथ नहीं है। आतंकी संगठन के इंटरनल ऑडिट में यह पता चला है कि किसी ने साइबर घुसपैठ कर टीआरएफ का नाम आगे कर दिया है।

**टीआरएफ ने ली थी हमले की जिम्मेदारी**

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद पाकिस्तान में स्थित आतंकी कैंपों पर स्ट्राइक की है। इस स्ट्राइक को 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम दिया गया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के भीतर 100 किलोमीटर के दायरे में आने वाले आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा', 'जैश-ए-मोहम्मद' और 'हिज्बुल मुजाहिदीन' के 9 ठिकानों को तबाह कर दिया है। दर्जनों आतंकियों के मारे जाने की बात कही जा रही है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता में यह बात स्पष्ट कर दी है कि पहलगाम आतंकी हमला, पाकिस्तान के आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' द्वारा अंजाम दिया गया था। इस संगठन की प्रॉक्सी विंग टीआरएफ ने इस हमले की जिम्मेदारी भी ली थी। बाद में इस संगठन ने यह भी कहा कि हमारा हाथ नहीं है। देश की खुफिया एजेंसियों के इनपुट से पता चला कि 'लश्कर-ए-तैयबा' की प्रॉक्सी विंग 'टीआरएफ' ने ही पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिया था।


**हमले के बाद क्या कहा था टीआरएफ ने**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने उसकी जिम्मेदारी ली थी। आतंकी संगठन ने एक पत्र भी जारी किया था। उसमें कहा गया था कि जम्मू कश्मीर में 85 हजार से अधिक डोमिसाइल जारी किए गए हैं। आतंकी संगठन का दावा है कि ये डोमिसाइल स्थानीय लोगों को नहीं, बल्कि बाहरी लोगों को प्रदान किए गए हैं। इससे जेएंडे की डेमोग्राफी को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह का आतंकी हमला, लोगों को गैर कानूनी तरीके से जम्मू कश्मीर में बसाने के प्रयासों का नतीजा है। टीआरएफ ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली। यह संगठन पाकिस्तान के आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' की प्रॉक्सी विंग है। कई वर्षों से टीआरएफ, जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम दे रही है। खासतौर पर, जेएंडके में सुरक्षा बलों पर हमले और टारगेट किलिंग, ये टीआरएफ की रणनीति का हिस्सा रहा है। टीआरएफ ने पहले भी गैर-कश्मीरियों को अपना निशाना बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा यूएपीए के तहत इस संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**हाफिज सईद को था भारत की स्ट्राइक का अंदाजा**

केंद्रीय एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक, 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमला हुआ था। टीआरएफ ने उसकी जिम्मेदारी ली थी। हमले के बाद भारत में जिस तरह की प्रतिक्रिया देखने को मिली, उससे हाफिज सईद को यह अंदाजा हो गया था कि भारत, इस बार चुप नहीं बैठेगा। नई दिल्ली में पीएम हाउस में हो रही लगातार बैठकें और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह बयान कि जवाब दिया जाएगा, इससे यह तय हो गया था कि देर सवेर पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक होगी। 25 अप्रैल को टीआरएफ द्वारा एक पत्र जारी किया गया। इसमें कहा गया कि संगठन ने अपना ऑडिट किया है। उसमें यह बात निकल कर आई है कि पहलगाम के आतंकी हमले में उसका कोई हाथ नहीं है। ये भारतीय खुफिया एजेंसियों की कोई चाल है। साइबर तकनीक के जरिए यह बात फैला दी गई कि टीआरएफ ने यह हमला कराया है। अब विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ये साफ कर दिया है कि टीआरएफ ने ही पहलगाम में हमला किया था।

## जांच समिति ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों की पुष्टि की, मुख्य न्यायाधीश ने मांगा जवाब





नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त जांच समिति ने भी अपनी जांच रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा के घर से नकदी की बरामदगी के आरोपों की पुष्टि कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने जस्टिस वर्मा से रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर पद छोड़ने की मांग की है। मुख्य न्यायाधीश ने जांच समिति की रिपोर्ट जस्टिस वर्मा को भेजी है और उनसे जवाब मांगा है।

तीन सदस्यों वाली जांच समिति ने 3 मई को अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश को सौंपी। जांच समिति में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधवालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की जस्टिस अनु शिवरामन शामिल रहीं।

सूत्रों ने कहा कि 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले सीजेआई खन्ना इस मुद्दे को तार्किक निष्कर्ष पर ले जाने की संभावना है और उन्होंने शीर्ष अदालत के वरिष्ठ कॉलेजियम सदस्यों के साथ रिपोर्ट के निष्कर्षों पर अनौपचारिक रूप से चर्चा की है। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि की है कि जस्टिस वर्मा के घर के स्टोर रूम में आग लगने के बाद भारी संख्या में नकदी बरामद हुई थी। हालांकि जस्टिस वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दिए जवाब में अपने ऊपर लगे आरोपों को नकारा था। जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर यह नकदी बीती 14 मार्च को बरामद हुई थी।

## आप सांसद संजय सिंह का बड़ा बयान: सेना की ये कार्रवाई जरूरी थी और इसका हम स्वागत करते हैं।



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में एक बड़ी सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया। ये कार्रवाई बीती रात 1:44 बजे को किया गया। तीनों सेनाओं की समन्वित कार्रवाई में कुल 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर पूरी तरह तबाह कर दिया गया। इस पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। संजय सिंह ने बात करते हुए उन्होंने कहा, पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा देश है। पूरी दुनिया में आतंकवाद को फैलाने का काम पाकिस्तान करता है। भारत लंबे समय से उसका निशाना रहा है। सेना की यह कार्रवाई जरूरी थी और इसका हम स्वागत करते हैं। उन्होंने आगे कहा, पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई थी। सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है। हमें अपनी सेना पर गर्व है और पूरा देश उनके साथ खड़ा है। 140 करोड़ भारतवासियों का विश्वास और गर्व सेना के साथ है।

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि हमने सर्वदलीय बैठक में भी स्पष्ट कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ किसी भी कार्रवाई में हम सरकार के साथ हैं। संजय सिंह ने यह अपील भी की कि जो भी देश आतंकवाद के खिलाफ हैं, उन्हें भारत का साथ देना चाहिए ताकि वैश्विक स्तर पर आतंक के खिलाफ एक सशक्त संदेश जाए। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद से ही लगातार देशवासियों सहित विपक्षी पार्टियां भी पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई की मांग कर रही थी।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीएम ममता की आई प्रतिक्रिया, जय हिंद, जय इंडिया



कोलकाता, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर मंगलवार रात मिसाइल हमले किए। इन हमलों में बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा सहित आतंकियों के 21 ठिकाने को निशाना बनाया गया। इस सैन्य कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत अंजाम दिया गया था, जो जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई। बता दें कि पहलगाम में आतंकियों ने 26 लोगों की जान ले ली थी। भारतीय सेना की इस कार्रवाई को लेकर देश समेत पूरी दुनिया में हलचल है। इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' अपनी प्रतिक्रिया दी है। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, जय हिंद! जय इंडिया! मुख्यमंत्री का यह संदेश आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई के बाद आया। ममता बनर्जी ने पहले भी स्पष्ट किया था कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) भारतीय जमीन पर हुए आतंकवादी हमलों के खिलाफ केंद्र सरकार की कार्रवाई में उसके साथ खड़ी रहेगी।

**जैश के 4 तो लश्कर के 3 आतंकी ठिकाने तबाह**

बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के 9 जगहों में 21 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद के कम से कम 30 आतंकी मारे गए। इस हमले में जैश-ए-मोहम्मद के 4, लश्कर-ए-तैयबा के 3 और हिज्बुल मुजाहिदीन के 2 आतंकी ठिकाने तबाह हो गए हैं। जैश और लश्कर के हेडक्वार्टर मिट्टी में मिला दिए गए।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा का बड़ा बयान

**'कलमा पढ़ते रहो, 1400 साल के आतंक का सर्वनाश नरेंद्र मोदी के हाथों होगा '**



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान में किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर बीजेपी नेता और दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 1400 साल के आतंक का सर्वनाश नरेंद्र मोदी के हाथों से होगा। पीओके के मंदिरों के खंडहरों में पुनः हर हर महादेव का जयघोष सुनाई देगा, युद्ध काल में सबको सैनिक बनना होगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीछे मजबूती से खड़े होने को तैयार रहो डॉक्टर, नर्स, पुलिस, निगम कर्मचारी, सामान्य नागरिक सबको योद्धा की तरह कर्तव्यों का पालन करना होगा। भव्य विजय का वरण करने की तैयारी करो। इसके अलावा एक और पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के मदरसे में रात को ऐलान हुआ घर छोड़कर भागो, कलमा पढ़ते रहो, जिहादियों ने बेगुनाहों को कलमा पढ़ने को कहा था, जो नहीं पढ़ पाया उसे मार दिया था, अब भागते-भागते कलमा पढ़ रहें हैं । उन्होंने लिखा, जिहादियों ने कहा था मोदी को बता देना, जाओ बता दिया, भारत माता की जय।

# आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर पर स्वाति मालीवाल का बड़ा बयान: करारा जवाब, सटीक वार



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले का बदला भारत ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक से लिया है। भारतीय सेना ने नौ आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर को सफलता पूर्वक अंजाम दिया है। इस पर राज्यसभा की सांसद स्वाति मालीवाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि 'करारा जवाब, सटीक वार, भारत की तरफ आंख भी उठाई तो मिट्टी में मिला दिए जाओगे। जय हिन्द' बता दें कि भारत की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की बारीकी से निगरानी की। अधिकारियों ने बताया कि जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया उनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय शामिल है। ये दोनों पाकिस्तान के पंजाब में हैं।

**पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए थे 26 लोग**

भारत की यह कार्रवाई 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद आई है। हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया, ये कदम बर्बर पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी।

**राजनाथ सिंह ने क्या कहा?**

इसमें कहा गया कि हम इस प्रतिबद्धता पर कायम हैं कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। इस कारवाई के तत्काल बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत माता की जय। भारतीय सेना ने अपने पोस्ट में कहा, न्याय हुआ। वहीं पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारत की ओर से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के कोटली और मुजफ्फराबाद और बहावलपुर में मिसाइल हमले किए गए। उन्होंने 'एआरवाई न्यूज ' चैनल को बताया कि कुछ समय पहले, भारत ने बहावलपुर के अहमद पूर्वी इलाके, कोटली और मुजफ्फराबाद में तीन जगहों पर हवाई हमले किए।

## बठिंडा में लड़ाकू विमान क्रैश: गांव आकलिया के खेतों में गिरा, मजदूर की मौत; आर्मी ने कब्जे में लिया

बठिंडा, 7 मई (एजेंसियां)। बठिंडा देर रात एक लड़ाकू विमान गांव आकलिया में आकर गिरा। विमान के गिरने से वहां खडे.एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं विमान के कई हिस्से साथ लगते कई गांवों में भी गिरे हैं। विमान में आग लग गई है। सेना ने इस पूरे इलाके को सील कर दिया है। सूत्रों के अनुसार लोगों द्वारा उक्त जहाज को पाकिस्तानी बताया जा रहा है। स्पष्ट तौर पर भारतीय सेना के अधिकारी ही इसकी पुष्टि करेंगे। जिस जगह पर लड़ाकू विमान गिरा है, उस जगह को भारतीय सेना ने अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं मीडिया कर्मियों को भी पास नहीं जाने दिया गया। इसके अलावा उक्त गिरे हुए जहाज को सेना की क्रेन द्वारा उठाने का काम शुरू कर दिया गया है। विमान गिरने के बाद जिला प्रशासन द्वारा भारी पुलिस फोर्स को गांव आकलिया एवं आस पास के इलाके में तैनात कर दिया गया और पूरे इलाके को सील कर दिया गया है।

# फगवाड़ा डबल मर्डर केस: पत्नी ने की बेवफाई... पति ने लिया बदला, गन प्वाइंट पर किडनैपिंग, वकील दोस्त भी मारा गया

फगवाड़ा, 7 मई (एजेंसियां)। पंजाब के कपूरथला के फगवाड़ा में डबल मर्डर केस में पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। फगवाड़ा के एजीआई फ्लैट से 2 सप्ताह पहले महिला और उसके एडवोकेट दोस्त की किडनैपिंग व हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी गौरव तूरा ने बताया कि महिला और उसके वकील दोस्त की किडनैपिंग के बाद दोनों की हत्या कर शवों को खुदबुर्द कर दिया था। मृतकों में महिला अंजू पॉल और उसका दोस्त एडवोकेट संजीव कुमार है।

मामले में मुख्य आरोपी मृतक महिला के पति हरविंदर सिंह सहित अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पहले पकड़े गए तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। वहीं अब तीन और आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। तीनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं। एसएसपी ने बताया कि आरोपी हरविंदर सिंह 2012 में हुए डीएसपी हत्या मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। जो कुछ दिन पहले ही पैरोल पर जेल से बाहर आया था। इसी दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पत्नी और उसके वकील दोस्त को किडनैप कर उनकी हत्या कर दी। आरोपी हरविंदर सिंह का अंजू पॉल से वर्ष 2019 में विवाह हुआ था। अंजू पॉल पति हरविंदर सिंह के आपराधिक मामलों में अदालत में मदद करती थी। इसी दौरान महिला के संपर्क में एडवोकेट संजीव कुमार आ गया।

संजीव तलाकशुदा है। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इस बात की जानकारी महिला के पति हरविंदर सिंह को भी लग गई। पत्नी की बेवफाई की वजह से उसने अंजू पॉल और उसके एडवोकेट दोस्त को रास्ते से हटाने के लिए योजना बनाई थी। आरोपियों ने 19-20 अप्रैल की रात दोनों को किडनैप किया और फिर उनकी हत्या कर दी। दोनों की हत्या मामले में आरोपी हरविंदर सिंह की मदद करने वाले कुलदीप सिंह उर्फ बिल्ला और रुपिंदर उर्फ पिंदर को पुलिस ने 27 अप्रैल को लुधियाना से राउंडअप किया था।

पूछताछ खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी हरविंदर सिंह गुजरात के कच्छ क्षेत्र में छुपा हुआ है। पुलिस टीम ने कच्छ में छापेमारी कर हरविंदर सिंह को गिरफ्तार किया था। हरविंदर सिंह नशा तस्करी का काम भी करता था और उसकी काली कमाई पत्नी अंजू पॉल को देता था। पुलिस जांच में सामने आया कि हरविंदर सिंह पर पहले भी 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। 19-20 अप्रैल की रात हरविंदर सिंह अपने साथी मनजोत सिंह, जशनप्रीत और एक अन्य के साथ अंजू पॉल के एआईजी फ्लैट में आया था। उन्होंने अंजू पॉल और एडवोकेट संजीव कुमार गन पॉइंट पर किडनैप किया और लुधियाना ले गए। वहां एक खेत में दोनों की गला घोंट कर हत्या कर दी। आरोपियों ने दोनों शव लाडूवाल क्षेत्र के खेतों में दबा दिए थे।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के 10 किमी दायरे में संचालित आरा मशीनों को एचसी ने दिया हटाने के निर्देश

उमरिया, 7 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पर्यावरणीय सुरक्षा को लेकर जबलपुर उच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है। न्यायालय ने टाइगर रिजर्व की सीमा से 10 किलोमीटर के भीतर संचालित सभी आरा मशीनों और अन्य काष्ठ आधारित उद्योगों को हटाने के निर्देश जारी किए हैं। यह आदेश उमरिया निवासी सीमांत रैकवार द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया गया है। याचिका में कहा गया था कि उमरिया शहर के विनायक टाउन क्षेत्र में संतोष गुप्ता नामक व्यापारी द्वारा संचालित आरा मशीन से न केवल ध्वनि और वायु प्रदूषण फैल रहा है, बल्कि यह वन क्षेत्र के समीप नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रही है। सीमांत रैकवार ने इसकी शिकायत वन विभाग और जिला प्रशासन से की थी, लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई न होने के कारण उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण ली। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि न केवल संबंधित आरा मशीन नियमों का उल्लंघन कर रही है, बल्कि इस प्रकार के अन्य काष्ठ उद्योग भी बफर जोन के भीतर चल रहे हैं, जो पर्यावरण और वन्यजीवों के लिए गंभीर खतरा हैं। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि टाइगर रिजर्व की सीमा से 10 किलोमीटर के भीतर स्थापित सभी आरा मशीनों और काष्ठ उद्योगों की जांच कर 90 दिनों के भीतर उन्हें बंद किया जाए। इसके साथ ही वन विभाग, पार्क प्रबंधन और जिला प्रशासन को कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय ने इस मामले में वन विभाग की निष्क्रियता पर भी नाराजगी जताई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, आप जंगलों को समाप्त करना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। यह टिप्पणी इस बात को रेखांकित करती है कि वन संरक्षण को लेकर न्यायपालिका कितनी गंभीर है। यह आदेश भारत सरकार द्वारा 16 नवंबर 2016 को जारी नोटिफिकेशन के आधार पर दिया गया है, जिसमें टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों पर प्रतिबंध के स्पष्ट निर्देश हैं। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र तिवारी और उनके सहायक रुद्र प्रताप द्विवेदी ने प्रभावशाली पैरवी की।

# बीजेपी की प्रवक्ता मसूद अजहर पर बोलीं

## 'इतनी आसान मौत थोड़ी मिलेगी, भारतीय सेना तुझे गोली से नहीं, तड़पा-तड़पा के इतिहास से मिटाएगी'



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी मसूद अहजर के परिवार के 14 सदस्य ढेर कर दिए गए। इस बीच मसूद अजहर को लेकर बीजेपी की प्रवक्ता राधिका खेरा ने कहा कि उसे इतनी आसान मौत नहीं मिलेगी। सूत्रों की मानें तो अजहर का भाई आतंकी रऊफ असगर ऑपरेशन में गंभीर रूप से घायल हुआ है।

**हर सांस तेरे लिए सजा बनेगी- राधिका खेरा**

आतंकी मसूद अजहर का जिक्र कर बीजेपी की प्रवक्ता ने कहा, इतनी आसान मौत थोड़ी मिलेगी। भारतीय सेना तुझे गोली से नहीं, तड़पा-तड़पा के इतिहास से मिटाएगी। हर सांस तेरे लिए सज़ा बनेगी।

**'खूनखराबे का पूरा खानदान खत्म',14 लाशें गिनी गईं**

राधिका खेरा ने अपने एक और सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मसूद अजहर के 'वारिस' खत्म। 14 लाशें गिनी गईं। बीवी-बेटा-पूरा खूनख़राबे का खानदान, सब खत्म। सिर्फ़ बदला नहीं, भारत ने नस्लें जला दीं। मोदी जी ने चेताया था कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी। भारतीय सेना ने जलते घरों में वो भविष्य लिखा जो पाकिस्तान सपने में नहीं सोच सकते। जय हिन्द।

**'नया भारत घर में घुसकर मारता है'**

इसके साथ ही राधिका खेरा लिखा, ये नया भारत है। घर में घुस कर मारता है। और फिर हमारी थल सेना-वायु सेना की जांबाज़ महिलाएं देश को इसकी पूरी सूचना प्रेस वार्ता के ज़रिए देती है। जय हिन्द। बता दें कि राधिका खेरा ने जिन जांबाज महिलाओं का जिक्र किया है वो सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह हैं। सोफिया कुरैशी कर्नल हैं तो वहीं व्योमिका सिंह एयरफोर्स की विंग कमांडर हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को दोनों महिला अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी।

**'9 आतंकी कैंपों को पूरी तरह से बर्बाद किया गया'**

कर्नल सोफिया ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में मारे गए मासूम नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए लॉन्च किया गया था। इस कार्रवाई में 9 आतंकी कैंपों को टारगेट किया गया और पूरी तरह से इसे बर्बाद किया गया।

## भारत द्वारा एयर स्ट्राइक पर अमानतुल्लाह खान ने कहा हिंदुस्तान जिंदाबाद



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना के एक्शन से देश में जश्न का माहौल है। लोग सेना को सलाम कर रहे हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान ने कहा कि हिंदुस्तान जिंदाबाद। वहीं आप के नेता राघव चड्ढा ने कहा जय हिंद, जय हिंद की सेना।


**सेना ने क्या कहा?**

भारतीय सेना ने बुधवार को तड़के बताया कि पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। 9 जगहों पर कार्रवाई की गई है। सेना ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, "न्याय हुआ, जय हिंद" भारतीय सेना ने बताया कि भारत ने उन आतंकी ढांचों को निशाना बनाया जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और उन्हें अंजाम दिया गया। कुल मिलाकर 9 स्थलों को निशाना बनाया गया है। भारतीय सेना ने कहा, ''हमारी कार्रवाई केन्द्रित, नपी-तुली और गैर-बढ़ावा देने वाली रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है।''बयान में कहा गया,'' ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।"

सुविचार: जीवन में सफलता पानी है तो आपको छोटी - छोटी चीजो को हर रोज़ करना होगा ।

# एक वर्ष के भीतर 57,000 सरकारी नौकरियों की भर्ती की गई : श्रीधर बाबू

## जिला परिषद हाईस्कूल में नई इमारत का उद्घाटन



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री, दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने एक वर्ष के भीतर सरकारी सेवा में 57,000 व्यक्तियों की सफलतापूर्वक भर्ती की है - जो राष्ट्रीय स्तर पर एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।बुधवार को शादनगर निर्वाचन क्षेत्र के कोथुर में नाटको जिला परिषद हाई स्कूल में एक नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार के प्रतिबद्ध प्रयासों पर प्रकाश डाला।श्रीधर बाबू ने कहा, "सभी सरकारी स्कूलों में डिजिटल कक्षाएं शुरू करने की पहल चल रही है, जिसका स्पष्ट उद्देश्य एक संरचित, विशेषज्ञ-संचालित दृष्टिकोण के माध्यम से शैक्षणिक मानकों को बढ़ाना है।" उन्होंने सरकारी संस्थानों में छात्रों को निजी स्कूलों के छात्रों के बराबर प्रदर्शन करने के लिए तैयार करने के लक्ष्य पर जोर दिया। मंत्री ने कहा, "भविष्य की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती हुई तकनीकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में लोगों का भरोसा बहाल करने में शिक्षकों की अहम भूमिका है। स्कूल संचालन की देखरेख के लिए विशेष 'अम्मा समितियां' स्थापित की गई हैं।" उन्होंने विपक्ष की आलोचना को राजनीति से प्रेरित और निराधार बताया, खासकर तब जब सरकार हर चुनावी वादे को पूरा करने के लिए ईमानदारी से काम कर रही है। उन्होंने उन लोगों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया जो पिछले एक दशक में गरीबों को आवास उपलब्ध कराने में विफल रहे लेकिन अब मौजूदा प्रशासन की आलोचना करना चाहते हैं। समावेशी विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मंत्री ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी पात्र लाभार्थियों को इंदिराम्मा आवास प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शादनगर के विधायक के. शंकरैया और लक्ष्मीनारायण और पीएसआरके प्रसाद सहित नैटको के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री आज भारतीय सशस्त्र बलों के समर्थन में रैली करेंगे

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। सशस्त्र बलों के प्रति समर्थन प्रदर्शित करने के लिए मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के साथ, गुरुवार को शाम 6 बजे राज्य सचिवालय से शुरू होकर नेकलेस रोड तक जाने वाली रैली में भाग लेंगे।बुधवार को एकीकृत कमान नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) में एक आपातकालीन उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के साथ एकजुटता दिखाने और ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्रीय सशस्त्र बलों को पूर्ण सहयोग देने का निर्णय लिया।

## करीमनगर कांग्रेस प्रभारी निलंबित

करीमनगर, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के करीमनगर निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी पुरुमल्ला श्रीनिवास को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में पार्टी से निलंबित कर दिया गया। टीपीसीसी अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के अध्यक्ष डॉ जी चिन्ना रेड्डी ने मंगलवार को निलंबन आदेश जारी किए। आदेश में कहा गया है कि अनुशासन समिति श्रीनिवास द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं थी और उन्हें पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया गया। आदेश में यह भी कहा गया है कि पार्टी ने उन्हें कांग्रेस पार्टी के साथियों के साथ अपने व्यवहार में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय दिया था, लेकिन उनके रवैये में कोई बदलाव नहीं आया।

टीपीसीसी अनुशासन समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने और पार्टी नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए 6 जनवरी को श्रीनिवास को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

# भविष्य में ऐसी परिस्थितियों का सामना करने के लिए कदम उठाएंगे : सीवी आनंद

## पुलिस अधिकारियों ने मॉक ड्रिल की प्रत्यक्ष निगरानी की



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जैसा कि केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को लागू करने के बाद मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन बैठक की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सी.वी. आनंद डीजी सीपी हैदराबाद ने मीडिया को यह जानकारी दी। ऑपरेशन सिंदूर अलर्ट उपायों के एक भाग के रूप में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश में सभी को सतर्क करने के लिए एक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इसमें कहा गया कि लोगों को सचेत करने तथा उन्हें युद्ध की स्थिति का सामना करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करने के लिए ऑपरेशन अभ्यास शुरू किया जाना चाहिए। बताया गया कि केंद्र ने लोगों को ऐसे प्रारंभिक उपायों के लिए अभ्यस्त बनाने के निर्देश दिए हैं। सीवी आनंद ने कहा कि आज हमने सभी विभागों के साथ समन्वय करके यह तय किया कि मॉक ड्रिल कैसे आयोजित की जाए और आज सुबह हमने हैदराबाद में चार क्षेत्रों का चयन किया और शाम 4 बजे मॉक ड्रिल शुरू किया। आज मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सभी विभागों को सतर्क करने के लिए समीक्षा की। हमने मुख्यमंत्री को मॉक ड्रिल के बारे में अन्य सभी विवरण इस प्रकार बताए। सी.वी. आनंद डीजी सीपी हैदराबाद, रवि गुप्ता प्रमुख सचिव गृह, वाई. नागी रेड्डी, डीजी फायर सर्विस, विक्रम सिंह मान एडिशनल सीपी कानून एवं व्यवस्था, बी. कमलासन रेड्डी आईसीसीसी प्रभारी और पुष्पा डीसीपी आईसीसीसी ने कमांड कंट्रोल के माध्यम से मॉक ड्रिल की प्रत्यक्ष निगरानी की तथा उचित निर्देश दिए। बाद में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये मॉक ड्रिल सिर्फ तैयारी के उपाय थे। सरकार की ओर से हम जनता से अनुरोध कर रहे हैं कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि यह सिर्फ सतर्कता के लिए है। हमने केंद्र सरकार के आदेश पर चार बजे सायरन बजाया। हमने औद्योगिक सायरन, गश्ती वाहन सायरन, और पुलिस सायरन बजाया। हमने लोगों को सलाह दी कि जब सायरन बजे तो वे जहां हों वहीं रहें। हमें कमांड कंट्रोल सेंटर से सभी तरह के निर्देश दिए गए हैं। हमने चार क्षेत्रों में हवाई हमलों की सूचना दी है। आज हमने सभी विभागों के अधिकारियों के प्रदर्शन और प्रतिक्रिया का आकलन करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, राजस्व, जीएचएमसी, नगर प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, बिजली, परिवहन और अन्य विभाग संबंधित क्षेत्रों में पहुंच गए हैं और राहत कार्य शुरू कर दिया है। इस अवसर पर हमने घायलों को अस्पताल पहुंचाने और आग बुझाने के लिए सभी उपाय किए। यातायात पुलिस ने आपातकालीन कर्मियों और वाहनों की आवाजाही को मंजूरी दे दी। हमने चिकित्सा अधिकारियों के साथ मिलकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। हमने घायलों को बचाने के लिए उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हम आपको सूचित कर रहे हैं कि यह सब लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक प्रारंभिक उपाय है। सी.वी.आनंद डीजी सीपी हैदराबाद ने कहा कि हमने एक मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शित किया है कि ऐसी घटनाएं होने पर सरकारी विभाग किस प्रकार भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें यदि कोई कमी रह गई है तो सभी विभागों के अधिकारी बैठकर इसकी समीक्षा करेंगे और इसे दूर करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

# अगर आप सरकार नहीं चला सकते तो इस्तीफा दे दें

## केटीआर ने रेवंत रेड्डी पर बोला हमला

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के वित्तीय रूप से दिवालिया होने और ऋण लेने में असमर्थ होने संबंधी मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणी का कड़ा खंडन करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने मांग की कि अगर वह राज्य चलाने में असमर्थ हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर अपने चुनावी वादों को पूरा करने से बचने के लिए जानबूझकर तेलंगाना को दिवालिया के रूप में चित्रित करने का आरोप लगाया।

मंगलवार को तेलंगाना भवन में मीडिया से बात करते हुए रामा राव ने कहा कि रेवंत रेड्डी ने खुद को भारत के सबसे अयोग्य और अक्षम मुख्यमंत्री के रूप में उजागर किया है। उन्होंने याद दिलाया कि देश के इतिहास में किसी भी मुख्यमंत्री ने अपने राज्य की वित्तीय स्थिति के बारे में इस तरह के पराजयवादी बयान नहीं दिए। उन्होंने कांग्रेस शासन को बौद्धिक रूप से दिवालिया और नैतिक रूप से पतित करार दिया। तेलंगाना की वित्तीय सेहत पर मुख्यमंत्री की हालिया टिप्पणियों का खंडन करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कांग्रेस नेताओं को अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए राज्य की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ये टिप्पणियां न केवल गैर-जिम्मेदाराना हैं, बल्कि अक्षम्य भी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य वित्तीय रूप से मजबूत बना हुआ है।

रामा राव ने सरकारी कर्मचारियों को खलनायक के रूप में चित्रित करने और उनकी उचित मांगों को अनदेखा करने के लिए मुख्यमंत्री की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ये वही कर्मचारी हैं जो तेलंगाना आंदोलन के दौरान अग्रिम मोर्चे पर खड़े थे। वादे पूरे करने के बजाय रेवंत रेड्डी उन्हें बदनाम कर रहे हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिम्मेदार विपक्ष के रूप में बीआरएस हड़तालों का समर्थन नहीं करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने चुनावी वादों को पूरा करने के लिए नैतिक रूप से बाध्य है। उन्होंने कहा कि लेकिन अगर सरकार जवाब देने में विफल रहती है, तो बीआरएस आंतरिक चर्चा के बाद फैसला करेगी।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मंत्री ने जताई प्रसन्नता



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हुस्नाबाद निर्वाचन क्षेत्र के कोहेड़ा में आयोजित समारोह में भाग लिया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने खुशी व्यक्त करते हुए समारोह में भाग लिया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने "भारत माता की जय" जैसे नारे लगाते हुए समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार द्वारा जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के विरोध में शुरू किया गया था। भारत सरकार आतंकवादी शिविरों पर सफल हमले, ऑपरेशन सिंदूर के लिए जोरदार तालियों के साथ बधाई देती है।

राजनीति और दलों से परे, केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस पार्टी नेतृत्व के साथ-साथ सभी दलों के नेता इस कदम का समर्थन कर रहे हैं।

हुस्नाबाद में भी लोग जश्न मना रहे हैं। लोग चाहते हैं कि आतंकवादियों को उनकी गतिविधियों से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई की जाए। हम देश की अखंडता को बढ़ावा देने वाली सैन्य कार्रवाइयों का समर्थन करते हैं। हमने उन्हें मानसिक साहस देने के लिए ये कार्यक्रम शुरू किए हैं।

CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME
I, S MOTHU LAXMI, M/O: HAV S RAJU , R/O. H. NO.33-1/5, OFFICERS COLONY, R K PURAM, SECUNDERABAD-HYDERABAD , TELANGANA-500056, HAVE CHANGED MY NAME FROM S MOTHU LAXMI TO MUTHU LAXMI VIDE AFFIDAVIT DT.07-05-2025 SIGNED BY P RAVEENDRANATH, ADV & NOTARY

सावधान
पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# एससीआर ने नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया

## काचीगुडा, रायचूर और औरंगाबाद रेलवे स्टेशनों पर मॉक ड्रिल का आयोजन





हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। गृह मंत्रालय (एमएचए) के विस्तृत नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल के संचालन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप दक्षिण मध्य रेलवे नागरिक सुरक्षा संगठन ने काचीगुडा, रायचूर और औरंगाबाद रेलवे स्टेशनों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह ड्रिल व्यापक युद्ध-पूर्व तैयारी पहल के हिस्से के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण परिदृश्यों में आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र और अंतर-एजेंसी समन्वय को मजबूत करना था। यह अभ्यास उदयनाथ कोटला, नागरिक सुरक्षा नियंत्रक और उप महाप्रबंधक, एससीआर की देखरेख में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों, स्काउट्स और गाइड्स, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों आदि के साथ आयोजित किया गया था, जिन्होंने अंतर-एजेंसी समन्वय के साथ एक शत्रुतापूर्ण हमले के परिदृश्य का अनुकरण किया और आपातकालीन तैयारियों के दौरान निकासी प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया। अप्रत्याशित आपात स्थितियों के लिए रेलवे की समग्र तैयारी का प्रदर्शन किया गया। इसी तरह, दक्षिण मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में औरंगाबाद और रायचूर रेलवे स्टेशनों पर भी मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, आरपीएफ कर्मियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस ड्रिल में व्यापक आपातकालीन प्रतिक्रिया अभ्यास शामिल थे, जिन्हें दक्षिण मध्य रेलवे की संकट स्थितियों को कुशलता से संभालने की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। मुख्य गतिविधियों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन को सक्रिय करना, यह सुनिश्चित करना कि रेलवे कर्मचारी और यात्री आपातकालीन अलर्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया दें।

क्रैश ब्लैकआउट उपायों का कार्यान्वयन, नकली हवाई खतरे के दौरान दृश्यता को कम करने के लिए पावर-डाउन प्रोटोकॉल का परीक्षण करना, निकासी योजना का पूर्वाभ्यास, निर्दिष्ट सुरक्षा क्षेत्रों में समन्वित यात्री आवागमन की सुविधा प्रदान करना, अग्निशमन, बुनियादी जीवन समर्थन (बीएलएस), प्राथमिक चिकित्सा प्रशासन और बचाव कार्यों सहित विभिन्न नागरिक सुरक्षा सेवाओं के लिए परिचालन तत्परता जाँच, रेलवे सुरक्षा कर्मियों, स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ताओं के बीच प्रतिक्रिया एकीकरण को बढ़ाने के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय अभ्यास शामिल हैं।

नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल दक्षिण मध्य रेलवे की यात्री सुरक्षा और परिचालन लचीलापन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में कार्य करता है। वास्तविक समय आपातकालीन सिमुलेशन में रेलवे कर्मियों और स्वयंसेवकों को सक्रिय रूप से शामिल करके, इस पहल का उद्देश्य यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों के बीच विश्वास पैदा करना है, जिससे रेलवे संचालन अधिक सुरक्षित और संकट की स्थितियों के प्रति उत्तरदायी बन सके। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर ने नागरिक सुरक्षा संगठन की एससीआर टीम और अन्य सदस्यों की सराहना की जिन्होंने मॉक ड्रिल अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास संरचित आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को लागू करने और बहु-एजेंसी सहयोग को बढ़ावा देने में जोन के सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाता है।

चतुर्थ पुण्यतिथि

स्व.श्री भीकारामजी परिहार
सुपुत्र: स्व.श्री करमारामजी परिहार
स्वर्गवास: 08.05.2021; मरुधर मे वेरा नवादिया, कोलपुरा
आपकी मधुर स्मृतियां कभी विस्मृत नहीं हो पायेगी।
जीवन के अंतिम क्षण तक हमें आपकी याद आयेगी।।
: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : प्यारीबाई (धर्मपत्नी), ढगलाराम-गवरीबाई (भाई-भाभी), अमराराम-पानीबाई (भाई-बहु), जतनादेवी-रामलालजी, दरियादेवी-देवारामजी (बहन-बहनोई), गमनाराम-पुष्पा, अशोक-दीपिका, भंवर-कविता (पुत्र-पुत्रवधु), गट्टू-रमेशजी, मंजु-सजारामजी, संतोष-सुरेशजी, तलसी-मांगीलालजी, पुष्पा-प्रकाशजी (पुत्री-जंवाई), दिनेश (पुत्र), पिंकी (पुत्री), रुही, नेहा (पौत्री), राजु (पौत्र) एवं समस्त परिहार परिवार
फर्म: ❊ चौधरी हार्डवेयर, चौधरी इलेक्ट्रीकल्स
श्री रामा मार्केटिंग ❊ श्री रामा पेन्टस् एंड सैनेटरी
हैदराबाद
मो.नं. : 9866024151, 9000177720, 9848287541
P.Solankey

# सरकार की लापरवाही के कारण किसानों को हो रहा है नुकसान

बीआरएस नेता और पूर्व विधायक सुनके रविशंकर ने लगाया आरोप

करीमनगर, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता और पूर्व विधायक सुनके रविशंकर ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की लापरवाही के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंगलवार को बीआरएस नेताओं के साथ गंगाधर बाजार प्रांगण में भीगे धान का निरीक्षण करने के बाद बोलते हुए रविशंकर ने कहा कि सरकार तत्काल फसल खरीदने में विफल रही है, जिसके कारण क्रय केंद्रों में रखा धान बेमौसम बारिश के कारण भीग गया है। नतीजतन, किसानों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से तत्काल धान खरीद कर किसानों की रक्षा करने की मांग की।

बीआरएस सरकार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव गांव-गांव में पीपीसी सेंटर बनाकर एक-एक दाना खरीदते थे और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी दिया जाता था। इतना ही नहीं, खरीद के कुछ ही दिनों के भीतर किसानों के बैंक खातों में राशि जमा हो जाती थी। कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद खरीद प्रक्रिया एक बड़ा मुद्दा बन गई है। धान को खरीद केंद्रों पर ले जाने के हफ्तों बाद भी उसकी तौल नहीं हो रही थी। किसानों को तिरपाल नहीं दिए जाने के कारण धान बारिश के पानी में भीग रहा था। उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों का हवाला देकर लगभग 5 किलोग्राम धान की कीमत कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार तुरंत कदम उठाने और खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने में विफल रही तो किसानों को और अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री का 48 घंटे के भीतर राशि प्रदान करने का वादा भी गलत साबित हुआ है, क्योंकि किसानों को 10 दिनों के बाद भी राशि नहीं मिली है।

## ब्राह्मण संघ ने निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार का किया आयोजन

कोत्तागुडेम, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। भद्राचलम में श्री सीता रामचंद्र स्वामी देवस्थानम के अंबा सतराम में ऑल ब्राह्मण ऑफिशियल्स एंड प्रोफेशनल्स एसोसिएशन के तत्वावधान में मुफ्त सामूहिक उपनयन और विवाह परिचय मंच का आयोजन किया गया। कोत्तागुडेम ब्राह्मण समाख्या के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 20 उपनयन वटुवु (युवा लड़के जो इस अनुष्ठान के विषय हैं) को पवित्र धागा पहनाया गया और गायत्री मंत्र की दीक्षा दी गई। समारोह में भद्राचलम के विधायक तेलम वेंकट राव, एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार, सचिव वी सुधाकर, सदस्य फणी राजू, करिवेना सीतारमैया, कृष्णार्जुन राव, मोहन शर्मा, सुनकारा रामचन्द्र राव, बीएसएनएल रामचन्द्र राव, कोटा वेंकट, शशिकांत शर्मा शामिल हुए। विवाह परिचय कार्यक्रम में 50 से अधिक लोग शामिल हुए।

हरि ॐ हरि ॐ
द्वितीय पुण्यतिथि

श्रीमती कमलादेवी चोयल
धर्मपत्नी: श्री इंदरसिंहजी चोयल (मरुधर में जाणुंदा राज.)
स्वर्गवास : 08-05-2023
इतना स्नेह दिया आपने, जिसे नहीं हम सकते भूल।
है अर्पित पावन चरणों में, अपनी श्रद्धा के दो फूल।।
: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : इंदरसिंह (पति), भरत-शोभा (पुत्र-पुत्रवधु), तरूण, हरीश (पुत्र), स्व.घीसारामजी (ससुरजी), मांगीलाल, डायाराम, धनाराम (देवर), जमनीबाई (माता), घीसुलाल-कन्याबाई (काकोसा-काकीसा), गणेश, देवाराम, राजेश, रमेश, सुरेश (भाई) एवं समस्त चोयल परिवार
:फर्म: तरुण ट्रेडर्स वारसीगुड़ा हैदराबाद
9440687170, 6309667170
P.Solankey

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सीएम नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया

## पीएम मोदी का नाम लेकर क्या कहा?



पटना, 7 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया आई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कार्रवाई के लिए भारतीय सेना पर गर्व जताया है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में पीएम मोदी का भी जिक्र किया है। नीतीश कुमार ने अपने पोस्ट के जरिए कहा है, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में आतंकवादियों के 09 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है। जय हिंद।

### छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं: संजय झा



जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रतिक्रिया दी है। संजय झा ने सिलसिलेवार एक्स परर दो पोस्ट किए हैं। एक में लिखा है, जय हिंद की सेना, हम भारतवासी हैं, छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं! दूसरे पोस्ट में संजय झा ने लिखा, जय हिंद, भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंक के 9 ठिकानों को किया तबाह! भारतीय सेना के शौर्य को सलाम। हम सभी को आप पर गर्व है। उधर केंद्रीय मंत्री और सांसद ललन सिंह ने भी एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने पोस्ट के जरिए भारतीय सेना पर गर्व जताया। लिखा, जय हिंद। भारतीय सेना के शौर्य को सलाम। हम सभी को आप पर गर्व है। वहीं जेडीयू के प्रवक्ता अरविंद निषाद लिखते हैं, भारतीय सेना जिंदाबाद।

### जीतन राम मांझी बोले- करारा जवाब मिलेगा



केंद्रीय मंत्री और सांसद जीतन राम मांझी ने एक्स पर पोस्ट कर आतंकवादियों को चेतावनी दी है कि उन्हें हमले का सख्त जवाब मिलेगा। पोस्ट में लिखा है, उन्होंने धर्म पूछा था ना... ये है जय हिंद की सेना का धर्म... करारा जवाब मिलेगा

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तेजस्वी यादव का ये बयान चौड़ा कर देगा हर भारतीय का सीना, बोले- हिंदुस्तान जिंदाबाद



पटना, 7 मई (एजेंसियां)। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद से अब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत हुई इस कार्रवाई के बाद आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार (07 मई, 2025) को ऐसा बयान दिया कि हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा।

**'हम सत्य, अहिंसा और शांति को मानने वाले लोग'**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि भारतीय सेना ने हर बार माताओं की कोख, बहनों की कलाई और उनके माथे के सिंदूर की रक्षा की है। भारत, भारतीयों और भारतीय सेना ने कभी भी अपने देश में किसी भी प्रकार के आतंकवाद और अलगाववाद को बर्दाश्त नहीं किया है और ना ही कभी करेंगे। हम सत्य, अहिंसा और शांति को मानने वाले लोग हैं।

**'हम भारतीयों को मुंहतोड़ जवाब देने आता है**

तेजस्वी यादव ने कहा कि हम भारतीय कभी गलत नहीं करते, लेकिन अगर कोई हमारे साथ गलत करता है तो फिर हम सहते नहीं हैं। आतंकवाद को पोसने वाले लोग यदि हमारी एकता, अखंडता और संप्रभुता पर प्रहार करेंगे तो हमें एकजुट होकर मुंहतोड़ जवाब देना आता है। आतंकवाद के विरुद्ध इस लड़ाई में 140 करोड़ भारतवासी भारतीय सेना और सरकार के साथ है। हिंदुस्तान जिंदाबाद! भारतीय सेना जिंदाबाद! जय हिंद!

**'हमारे देश में मैं नहीं, सब हम हैं'**

उधर आरजेडी के प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हमारे देश की अखंडता हमारी साझी विरासत है। हमारे देश में मैं नहीं, सब हम हैं। भारतीय सेना ने जिस तरह का युद्ध कौशल दिखाया है उससे हर भारतीय खुश है। हमारे नेता तेजस्वी जी ने पहले ही कहा है कि अगर बात इस देश की अखंडता, सुरक्षा और एकता की आएगी तो पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। हम साथ हैं, हम भारतीय सेना को सलाम करते हैं। जय हिंद, जय हिंद की सेना!!

## 'भारत का आरंभ, आतंकिस्तान का अंत'

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद सम्राट चौधरी ने दी प्रतिक्रिया



पटना, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद बिहार से सत्ता पक्ष के नेताओं की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। इसी क्रम में बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए पाकिस्तान को आतंकिस्तान बता डाला। उन्होंने आतंकिस्तान के खत्म होने की बात कही। सम्राट चौधरी ने लिखा कि भारत का आरंभ हो गया है और आतंकिस्तान का अंत होने वाला है। सम्राट चौधरी ने लिखा कि भारतीय सेना ने चुन-चुनकर मारा है, घुस-घुसकर मारा है।



### यह है 56 इंच के सीने का जवाब: विजय सिन्हा

वहीं बिहार के दूसरे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम हमला हुआ, उसी दिन तय हो गया था कि अब पाकिस्तान के आतंकवादियों को छोड़ा नहीं जाएगा। आज भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में छिपे 9 आतंकियों के ठिकानों पर करारा प्रहार किया गया है। यह है 56 इंच के सीने का जवाब! जय भारत! जय हिंद!



### जेडीयू की तरफ से आई प्रतिक्रिया

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक को लेकर जेडीयू प्रवक्ता अभिषेक झा का भी जवाब सामने आया है। जेडीयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है। इसमें आतंकियों के कई ठिकानों को ध्वस्त किया गया है और कई आतंकियों को उसकी असली जगह पहुंचा दी गई है। अब इस पूरी कार्रवाई से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। वहां, आपातकाल घोषित किया गया है और सीमा पर तनाव बना हुआ है। इस हमले के बाद हमारी सेना पूरी तरह से मुस्तैद है। खुफिया एजेंसी अपने काम पर लग चुकी है।

## ट्रक और कार की भीषण टक्कर हादसे में पांच की मौत, तीन घायल

उरई, 7 मई (एजेंसियां)। उरई में झांसी-कानपुर हाईवे स्थित सोमई गिरथन के पास भीषण हादसा हो गया। चालक को नींद आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी ओर जा पहुंची। इससे झांसी की ओर से आ रहे ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकलते हुए घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। कार सवार बहराइच से बेंगलुरु जा रहे थे। बहराइच जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के इकधरा निवासी अंकित (35) पत्नी संगीता, पुत्री सिद्धिका, कार चालक ब्रजेश उसकी पत्नी प्रीति पुत्र अत्तु, मानवी और मंदा के साथ बुधवार की सुबह कार से बेंगलुरु जा रहे थे। जैसे ही कार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास स्थित सोमई गिरथन के पास पहुंची थी। चालक ब्रजेश को झपकी आ गई और कार डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी तरफ पहुंच गई। इससे झांसी की ओर से आ रहा ट्रक ने कर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इससे उसमें सवार बृजेश, प्रीति, संगीता, सिद्दीका, अत्तु की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अंकित, मानवी व मंदा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर करीब एक घंटे के लिए यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया है। पुलिस ने ट्रक को हटवाया है। जांच की जा रही है।

## आईएएस कौशल राज दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ बने:15 दिन पहले योगी के सचिव बनकर लखनऊ आए, फिर दिल्ली बुलाए गए



वाराणसी, 7 मई (एजेंसियां)। वाराणसी के कमिश्नर और डीएम रहे आईएएस कौशल राज शर्मा को 3 साल के लिए दिल्ली में प्रतिनियुक्ति दी गई है। उन्हें दिल्ली जल बोर्ड का सीईओ बनाया गया है। 15 दिन पहले ही उनका वाराणसी से लखनऊ ट्रांसफर किया गया था। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कौशल राज को सचिव बनाया था। लखनऊ आने के 15 दिन के अंदर ही उनकी जिम्मेदारी बदलने का फरमान आ गया। कौशल राज शर्मा को प्रतिनियुक्ति पर एजीएमयूटी कैडर (दिल्ली पोस्टिंग) में बुलाया गया। इससे पहले वाराणसी के कमिश्नर रहे दीपक अग्रवाल को भी वाराणसी से सीधे दिल्ली बुलाया गया था। वह भी पीएम मोदी के करीबी थे। कौशल राज शर्मा पीएम नरेंद्र मोदी करीबी और विश्वसनीय अफसर माने जाते हैं। उनका ट्रांसफर पीएमओ की पसंद से ही मुख्यमंत्री के सचिव के पद पर किया गया था। कौशल राज ने जॉइन तो कर लिया था, लेकिन दिल्ली सरकार में प्रतिनियुक्ति पर जाने का फैसला भी कर लिया था। इसके चलते उन्हें मुख्यमंत्री ऑफिस में काम का आवंटन नहीं हुआ था। पहले माना जा रहा था कि उन्हें पीएमओ में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। क्योंकि यूपी कैडर का एक भी अफसर पीएमओ में नहीं है। इससे पहले वाराणसी के डीएम रहते हुए उनका ट्रांसफर प्रयागराज में कमिश्नर के पद पर कर दिया गया था। इससे पहले कि वह प्रयागराज जाते, तबादला आदेश संशोधित हो गया था। उन्हें वाराणसी में ही कमिश्नर बना दिया गया था। कौशल राज को वाराणसी में 6 साल हो चुके थे। विधानसभा चुनाव 2027 से पहले वैसे भी उन्हें हटाना पड़ता। कौशल राज योगी के भी करीबी अफसर माने जाते हैं। इसीलिए उन्हें मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया था। 2006 बैच के आईएएस कौशल राज ने नवंबर, 2019 में वाराणसी के डीएम का कार्यभार संभाला था। अक्टूबर, 2022 में वह यहीं के कमिश्नर भी बनाए गए। विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण और कोरोना काल में कौशल राज के काम की खूब तारीफ हुई थी। इन्हीं को देखते हुए कौशल राज को 2020 में फेम इंडिया मैगजीन की ओर से देशभर के 50 सर्वश्रेष्ठ आईएएस अफसरों की सूची में शामिल किया गया था। यह 3 साल पहले की बात है। उस वक्त कौशल राज वाराणसी के डीएम थे। उनका ट्रांसफर प्रयागराज के कमिश्नर पद पर कर दिया गया था, लेकिन आधी रात को उनका तबादला रोक दिया गया। उस वक्त शासन ने कहा था- आईएएस कौशल राज शर्मा का ट्रांसफर जनहित में निरस्त किया गया है। वह वाराणसी के डीएम बने रहेंगे। हरियाणा के भिवानी में जन्मे कौशल राज शर्मा 2006 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में एमटेक और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से एमए किया है।

## हाजीपुर में दोस्त ही बना दुश्मन आर एन कालेज के पास धोखे से बुलाकर बरसा दी गोलियां



हाजीपुर, 7 मई (एजेंसियां)। बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर के महनार रोड नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आर एन कालेज स्थित आम के गाछी में कार सवार दो दोस्तों ने धोखे से बुलाकर अपने ही दोस्त की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बुधवार की अल सुबह की बताई गई। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश चौहट्टा चौक के निकट भागने के दौरान एक बस में टक्कर मार दी और बैंक के पास कार छोड़कर पैदल फरार हो गया। इस दौरान डायल 112 की पुलिस और स्थानीय लोगों ने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन दोनों युवक भागने में सफल रहे। गोली चलने की शोर शराबा के बाद मौके पर आसपास के लोग जुट गए। घटना की जानकारी नगर थाने की पुलिस को दी गई। डायल 112 की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर युवक को आनन-फानन में सदर अस्पताल भेज दिया। डॉक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक को सिर में गोली मारी गई है। मृत युवक औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत छोटी यूसुफपुर निवासी राजकुमार शाह के 18 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार थे। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना अध्यक्ष औद्योगिक थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल के बाद बदमाशों के भागने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में जुटी है।

## राम-जानकी मंदिर में चोरी, 300 साल पूरानी करोड़ों की मूर्ति गायब



सिवान, 7 मई (एजेंसियां)। बिहार में सिवान जिले के सुरवल गांव में स्थित राम-जानकी मंदिर से एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई। चोरों ने मंदिर का गेट तोड़कर भगवान श्रीराम और माता जानकी की मूर्तियां चुरा लीं। ये मूर्तियां लगभग 300 वर्ष पुरानी थीं और नीलम पत्थर से बनी हुई थीं, जिनकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है।

**ग्रामीणों ने पहली बार देखा मंदिर का टूटा हुआ दरवाजा**

सुबह जब कुछ स्थानीय लोग मंदिर की सफाई करने पहुंचे, तो उन्हें मंदिर का दरवाजा टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो भगवान श्रीराम और माता सीता की मूर्तियां गायब थीं। यह घटना गांव में तेजी से फैल गई और मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते भारी संख्या में लोग मंदिर में एकत्र हो गए।

**पुलिस को जानकारी दी, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने जताया विरोध**

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को दी, लेकिन पुलिस के देर से घटनास्थल पर पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना था कि मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था की कमी थी और पुलिस का रिएक्शन भी देर से आया। यह मंदिर लगभग तीन शताब्दियों से गांव का सांस्कृतिक केंद्र था। ग्रामीणों का कहना है कि यह उनके पूर्वजों द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी धार्मिक महत्ता बहुत अधिक थी। अब इसकी चोरी ने उनके धार्मिक विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। थानाध्यक्ष सोनी कुमारी ने कहा कि ग्रामीणों का आवेदन मिल चुका है और पुलिस ने चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करेगी और चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**मंदिर की सुरक्षा पर सवाल**

इस घटना ने न केवल ग्रामीणों की आस्था को चोट पहुंचाई, बल्कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए मंदिरों की सुरक्षा कड़ी की जाए और पुलिस प्रशासन भी तुरंत कार्रवाई करे।

## दीदी की शादी में पहनना था लहंगा, नहीं हुई जिद पूरी तो उठाया खौफनाक कदम

पटना, 7 मई (एजेंसियां)। शादी में नए-नए कपड़े पहनने का हर किसी को शौक होता है। और अगर शादी अपने ही घर पर हो तो बात ही कुछ और ही होती है। लेकिन बिहार में एक नाबालिग लड़की ने कपड़ों के चक्कर में ऐसा खौफनाक कदम उठाया कि सभी सन्न रह गए। लड़की की दीदी की शादी थी। वो दीदी की शादी में लहंगा पहनना चाहती थी, लेकिन घर वालों ने उसे लहंगा नहीं दिलवाया।

बस फिर क्या था, लड़की को यह बाद इतनी नागवार गुजरी कि उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मामला सहरसा के बिहरा थाना क्षेत्र के दुम्मा गांव का है। परिजन शुरू में इसे मानसिक तनाव से जुड़ा मामला बता रहे थे, लेकिन बाद में असल हकीकत सामने आई। मृतका जिस कोचिंग सेंटर में पढ़ती थी, वहां की छात्राओं ने मामले में खुलासा किया है। उन्होंने बताया- छात्रा आरती अपनी बहन की शादी में लहंगा खरीदवाने की जिद कर रही थी। परिजनों ने उसे डांट-फटकार कर मना कर दिया। इससे उसने गुस्से में आकर गेहूं में रखे कीड़ा मारने वाले सल्फास की गोली खा ली। 16 वर्षीय आरती कुमारी, जो सहरसा शहर के प्रीमियम कोचिंग संस्थान में पढ़ती थी, उसने घर में सल्फास खा ली। दिन सोमवार का था। आनन-फानन में परिजनों ने उसे सूर्या अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान रात 8:30 बजे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सहरसा सदर थाना पुलिस रात 10:00 बजे अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू की।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद बोले- पराक्रम को सलाम, जय भीम, जय भारत



नगीना, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए मिसाइल हमलों पर सियासी प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इस बीच आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेता और उत्तर प्रदेश स्थित नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर नगीना सांसद ने कहा- भारतीय सेना और वीर जवानों के पराक्रम को सलाम। भारतीय सेना हमारी जान है, हमारी शान है! जय भीम, जय भारत। इसके साथ ही आजमगढ़ से सांसद और समाजवादी पार्टी के नेता धर्मेंद्र यादव ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बहादुर और पराक्रमी सेना पर हम सबको गर्व है। जय हिन्द जय भारत। वहीं सिराथू से सपा विधायक पल्लवी पटेल ने भी सेना के शौर्य को सलाम किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य को सलाम,पूरा भारत एक साथ खड़ा है। दुश्मन को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर आतंकवाद को जमींदोज कर देना चाहिए। भारत का पराक्रम कम नहीं होना चाहिए। वन्दे मातरम्। भारत माता की जय।

**यूपी में रेड अलर्ट**

उधर, भारतीय सेना और वायुसेना के संयुक्त अभियान के बाद बुधवार को पुलिस ने उत्तर प्रदेश में 'रेड अलर्ट' घोषित कर दिया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने राज्य पुलिस के 'एक्स' खाते से पोस्ट कर कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है।' पोस्ट में कहा गया, ''उत्तर प्रदेश पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षाबलों से समन्वय स्थापित करने एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस सतर्क है, संसाधनों से लैस है, और प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जय हिन्द !!' भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद सख्त जवाबी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तोएबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं।

## सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के बहाने युवती से दुष्कर्म, सोशल मीडिया पर वायरल किए फोटो

कासगंज, 7 मई (एजेंसियां)। नगरपालिका परिषद कासगंज में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के बहाने से एनजीओ के प्रबंधक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। घटना के छिपाने के लिए सोरों जाकर मंदिर में युवती से शादी का नाटक किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी और फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दे रहे हैं। कुछ फोटो प्रसारित भी कर दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित उनकी मां ओर उसके दोस्त के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। शहर की रहने वाली युवती ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि उसने वर्ष 2023-24 में सहावर गेट नवरंग कालोनी बालाजी पैलेस स्थित मिशन शक्ति से सिलाई–कढ़ाई का कार्य सीखा था। इसके एनजीओ का प्रबंधक अभयप्रिय श्रीवास्तव निवासी न्यू माधवपुरी थाना कासगंज है। अभयप्रिय के साथ उसकी मां संतोषी देवी और उसका दोस्त आशू निवासी नगला अस्तल सहावर गेट एनजीओ चलाते हैं।

## शुभम की पत्नी बोलीं-अब कलेजे को ठंडक पहुंची

### सतीश महाना ऐशन्या के पैर छूने लगे, पिता ने कहा- आतंकियों का समूल नाश हो



कानपुर, 7 मई (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। एयर स्ट्राइक के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पहलगाम में 22 अप्रैल को मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर पहुंच गए। उन्होंने शुभम की पत्नी ऐशन्या को ऑपरेशन के बारे में बताया। इसी बीच ऐशन्या के पैर छूने के लिए झुके तो ऐशन्या ने महाना का हाथ पकड़ लिया। ऐशन्या बोलीं- आप पैर न छूएं। सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दीजिए बस। महाना ने ऐशन्या के सिर पर हाथ फेरे, गले लगाकर सांत्वना दी। पत्नी ऐशन्या ने कहा- पति का मौत का बदला पूरा हुआ। ऑपरेशन सिंदूर ने कलेजे को ठंडक पहुंचाई। आतंकवाद नहीं खत्म हुआ तो सारे घर ऐसे उजड़ जाएंगे। वहीं, शुभम के पिता संजय द्विवेदी ने कहा- मेरी बहू का सिंदूर उजाड़ने वालों का विनाश करने का काम सरकार ने किया। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद का जब तक समूल विनाश न हो जाए, ये ऑपरेशन नहीं रुकना चाहिए।

**पत्नी बोली- यही मेरे पति को सच्ची श्रद्धांजलि**

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद भास्कर टीम शुभम द्विवेदी के घर पहुंची। पत्नी ऐशन्या से बातचीत की। उन्होंने कहा- मैं अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहती हूं। मेरे पूरे परिवार को उन पर भरोसा था। जिस तरह से उन्होंने पाकिस्तान को जवाब दिया, हमारे भरोसे को कायम रखा है। यही मेरे पति को सच्ची श्रद्धांजलि है।

**हाथ जोड़कर आप सबका धन्यवाद**

जिन परिवार ने अपनों को खोया, वो जिंदगीभर आपका (सरकार और सेना) धन्यवाद करेंगे। आतंकियों ने जिनकी जान ली, आप वो इंसान दोबारा तो नहीं ला सकते। लेकिन, आपने साबित किया कि बदला लेकर रहेंगे। मैं हाथ जोड़कर आप सबका धन्यवाद करती हूं।

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ को ओवैसी का सलाम, मुस्लिम उलेमाओं ने भी किया खुशी का इजहार



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का हिसाब ‘ऑपरेशन सिंदूर’ से ले लिया है। भारतीय सेना ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी ठिकाने पर हमला किया। सशस्त्र बलों ने जॉइंट ऑपरेशन के जरिए जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों को मिट्टी में मिला दिया। सेना के एक्शन से पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने खुशी का इजहार किया तो कई मुस्लिम संगठनों और उलेमाओं ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 15 दिन पहले जिस तरह से आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों को धर्म के आधार पर मारा था, उसे लेकर पूरा देश गुस्से में था। पहलगाम हमले का मुस्लिम संगठनों ने विरोध किया था और आतंकियों को सख्त से सख्त सजा देने की सरकार से अपील की थी। ऐसे में भारत ने पहलगाम का बदला ही नहीं बल्कि आतंकियों को मिट्टी मिलाने और उसके आका पाकिस्तान को कल्पना से परे चोट देने का ऐलान किया था। इसके लिए भारत ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की रूपरेखा बनाई, जिसके जरिए पाकिस्तान के आतंकी फैक्ट्री को जड़ से मिटा मिटाने का काम किया।

**‘ऑपरेशन सिंदूर’ का ओवैसी ने किया स्वागत**

पहलगाम हमले के बाद से एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी आतंकियों और पाकिस्तान के खिलाफ सख्त तेवर अपना रखा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद ओवैसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, “मैं हमारी रक्षा सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करता हूं। पाकिस्तानी डीप स्टेट को ऐसी सख्त सीख दी जानी चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो। पाकिस्तान के आतंक ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर दिया जाना चाहिए। जय हिन्द!” इस तरह से ओवैसी ने भारतीय सेना के पराक्रम का स्वागत करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ सख्त गुस्से का इजहार किया और आतंकियों को पूरी तरह से मिटाने की बात दोहराई।

**जमात-ए-इस्लामी ने किया खुशी का इजहार**

भारत के सबसे बड़े मुस्लिम संगठन जमात-ए-इस्लामी हिंद ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर किए गए एक्शन का स्वागत किया है। जमात-ए-इस्लामी हिंद के चीफ सैयद सदातुल्लाह हुसैनी ने कहा कि आतंकवाद एक गंभीर खतरा और मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है। देश और इसके लोगों की सुरक्षा,संरक्षा और शांति के लिए इसका समूल नष्ट होना अत्यंत आवश्यक है। जमात-ए-इस्लामी हिंद ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ देश की सशस्त्र सेनाओं और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की जा रही कार्रवाई को देशभर के सभी धर्मों और समुदायों का संपूर्ण समर्थन मिल रहा है। पूरा भारत एकजुट होकर हमारी सेनाओं के साथ खड़ा है। साथ ही, हम इस बात पर विशेष बल देना चाहते हैं कि इस महत्वपूर्ण क्षण में, सभी नागरिकों के लिए एक साथ आना और एकजुट होकर इस चुनौती का सामना करना अनिवार्य है। सैयद सदातुल्लाह हुसैनी ने कहा कि विभाजन या सांप्रदायिक तनाव फैलाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे का इस्तेमाल देश हित के खिलाफ है और इसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार कर रोका जाना चाहिए, हम सभी राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों और समूहों से देश की एकता, सांप्रदायिक सद्भाव और आपसी सम्मान बनाए रखने तथा जिम्मेदार नागरिक होने और सामूहिक एकजुटता के प्रदर्शन की अपील करते हैं। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई से भारत के मुस्लिम उलेमा खुश हैं। लखनऊ में शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने कहा, ‘मैं भारतीय सेना और जवानों को सलाम करता हूं, जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक करने का फैसला लिया, वह काबिल-ए-तारीफ है। पहलगाम में बेगुनाह नागरिकों की हत्या का जवाब अब मिल गया है।

यासूब अब्बास ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से आज पूरा भारत जश्न मना रहा है और ये कार्रवाई बहुत जरूरी थी। भारत की चुप्पी को पाकिस्तान ने कमजोरी समझा, लेकिन हमारी सेना ने दिखा दिया कि हम हर चुनौती का जवाब देना जानते हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में हमारे बेगुनाह नागरिकों को मारा गया था, उस वक्त सभी लोगों को इंतजार था कि हमारा हिंदुस्तान क्या करेगा, हिंदुस्तान खामोश था लेकिन उसकी खामोशी को कमजोरी समझा जा रहा था, अब जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकी ठिकाने को मिट्टी में मिलाया गया है, वो बेहतरीन कदम है। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीदी फिरंगी महली ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि हम भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई का खैरमकदम (स्वागत) करते हैं। यह आतंक के खिलाफ एक सख्त और जरूरी कदम था। पहलगाम हमले के बाद पूरे देश को उम्मीद थी कि सेना जवाब देगी, और अब पूरे देश में जश्न का माहौल है।

## कालका-शिमला हाइवे पर हादसा: ट्रक से टकराई कार दो युवकों की मौत

पंचकूला, 7 मई (एजेंसियां)। कालका-शिमला हाईवे पर बुधवार को बड़ा हादसा हुआ है। पंचकूला सूरजपुर के नजदीक कालका-शिमला हाईवे पर एक कार की ट्रक के साथ टक्कर हो गई। हिमाचल नंबर की कार पर तीन लोग सवार थे। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीसरा युवक घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। यह हादसा बुधवार दोपहर लगभग 1.30 बजे हुआ है। मृतकों में दीपक (35) और शुभम (32) की मौत हुई है। वहीं घायल युवक राजेश है। उसे पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी मृतकों के परिवार वालों को दे दी गई। जानकारी के अनुसार शुभम एक दिन पहले ही पिता बना था। उसकी पत्नी ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। शुभम की पत्नी राजपुरा में अपने मायके में है। शुभम अपने दोस्तों के साथ पत्नी और बच्चों से मिलने राजपुरा जा रहा था। तीनों युवक कार में सवार होकर राजपुरा के लिए जा रहे थे तभी ये हादसा हो गया।

## अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर निकली बस, आधी हवा में अटकी, यात्रियों में मची चीख-पुकार



मंडी, 7 मई (एजेंसियां)। मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे पर देव पब्लिक स्कूल उरला के पास एचआरटीसी के बैजनाथ डिपो की बस अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर लुढ़क गई। इससे आधी बस हवा में अटक गई। हादसा बुधवार सुबह 6:00 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार 25 यात्रियों से भरी एचआरटीसी बस नंबर एचपी-53ए 8370 बैजनाथ से राजधानी शिमला रूट पर जा रही थी। हादसे के दौरान मुख्य पट्टे के टूटने की आवाज आई। चालक संदीप कुमार ने सूझबूझ से बस को नियंत्रित करते हुए सड़क के नीचे पेड़ का सहारा लेते हुए रोक लिया। नीचे खेतों में लगभग 100 मीटर की खाई थी। बस जैसे ही सड़क से बाहर हुई, यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बस को नियंत्रण में लेते हुए चालक संदीप कुमार ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकलने को कहा। हादसे की सूचना मिलते ही मंडलीय प्रबंधक उत्तम चंद मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सभी यात्रियों को निगम की वोल्वो बस में सुरक्षित गंतव्य की ओर रवाना किया। हादसे में सभी यात्री बाल-बाल बच गए। बस को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। मंडलीय प्रबंधक उतम चंद ने हादसे की जांच के आदेश जारी करते हुए मैकेनिकल स्टाफ को मौके पर भेज दिया है। आरएम बैजनाथ नितिश कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। हादसे के चलते बस रूट को स्थगित कर दिया गया है। मैकेनिकल स्टाफ द्वारा बस की मौके पर मरम्मत की जा रही है।

# पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त होने पर सीएम उमर अब्दुल्ला की पहली प्रतिक्रिया

## ‘जवाब देने का तरीका’ यही था



जम्मू, 7 मई (एजेंसियां)। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर लिया। इससे बौखलाई पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर लगातार गोलीबारी कर रही है। इसमें 10 नागरिकों की मौत हो गई।

इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह ने बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा मौजूद थे। शाह ने यह सुनिश्चित करने को कहा है कि सीमा पर रहने वाली नागरिक आबादी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए।

इमरजेंसी की स्थिति के लिए बंकर तैयार रखे जाएं। पाकिस्तान की तरफ से की जा रही गोलीबारी पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमने सारे डीसी से बात की है, जहां-जहां सिविलयन को निकालने की आवश्यकता होगी उन्हें निकाला जाएगा। हमारे हाथ में यह खेल नहीं है।

सीएम ने कहा, "शुरुआत पहलगाम में हुआ, जहां 26 बेगुनाह लोगों को मारा गया। तब केंद्र सरकार ने कहा कि इसका हम जवाब देंगे। अपने तरीके से देंगे। जवाब देने का तरीका यही था कि हमने पाकिस्तान में नागरिक और सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई नहीं की, आतंकियों को निशाना बनाया। लेकिन पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी की जा रही है। हमारे नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है।" उमर अब्दुल्ला ने कहा, "शुरुआत वहां से हुई, यहां से नहीं हुई। पहलगाम में लोगों को इस तरह मारा नहीं गया होता तो ये दिन नहीं आता। हम आराम से रह रहे थे, पर्यटन का दबदबा था। नियंत्रण रेखा पर शांति थी। हमारे बनाए हुए हालात नहीं हैं।

हमलोगों में से कोई जंग नहीं चाहता, जम्मू-कश्मीर में पहले जो भी वार हुए जम्मू-कश्मीर को प्रभावित किया। हम तो चाहेंगे कि हालात दोबारा ठीक हो, पहले पाकिस्तान को बंदूक शांत करनी पड़ेगी, फिर यहां से बंदूक नहीं चलेगी।" जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद सेना ने बुधवार (7 मई) की सुबह एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बोले- पटवारी पूरा देश एकजुट, नेता प्रतिपक्ष ने सेना को किया सैल्यूट



भोपाल, 7 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशभर में जश्न का माहौल है। मध्य प्रदेश में भी लोग खुशियां मना रहे हैं मिठाइयां बांट रहे। इस ऑपरेशन को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस के पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पटवारी ने कहा है कि देश आज गर्व कर रहा है। सेना ने जो कार्रवाई की है, वह गर्व की बात है। हम सब एक जुट हैं, पूरा देश एक जुट है। ये कार्रवाई पूरे विश्व के लिए एक संदेश है। भारत द्वारा पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने वीडियो जारी कर कहा कि सारे जहां से अच्छा, हिंदुस्तान हमारा हमें हमारी इंडियन आर्मी पर गर्व है। हम अपनी सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हैं।

आज पूरा देश सेना के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। और पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ़ भारत के इस निर्णय में उसके साथ है। जीतू पटवारी ने कहा कि भारत ने उसे उसी की भाषा में जवाब दिया है, ये पूरे विश्व के लिए एक संदेश है कि भारत माता की धरती पर, भारत की आन-बान-शान पर प्रहार करेगा, वो दुनिया के किसी भी कोने में छोड़ा नहीं जाएगा। पूरा देश एकजुट है, एक साथ है, सेना ने जो कार्रवाई की इससे पूरे देश में हर्ष है। पाकिस्तान की जो ये नफरत वाली नीति है, जो घृणा की नीति है, अब उसको अपने गिरेबान में झांकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जो नफरत उसने फैलाई, उससे ना उसका भला होगा, ना उसके नागरिकों का। एक तरह उसे नफरत की नीति की राजनीति से बचना चाहिए। दुनिया से और देश से माफी मांगनी चाहिए। जीतू पटवारी ने पीएम मोदी और भारत की सैन्य ताकतों से आग्रह किया है, कहीं भी आतंकवादी छिपे हों, जो भारत की धरती पर नुकसान करते हों, उन्हें नेस्तोनाबूद कर दो, ताकि भविष्य में कभी भी कोई भी भारत माता पर प्रहार की हिम्मत ना कर सकें।

# मुंबई हमले का मास्टरमाइंड साजिद मीर कौन?

## जिसके मरकर जिंदा होने की नापाक कहानी विदेश सचिव ने सुनाई



सचिव विक्रम मिसरी

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन में बारे में जानकारी दी। इस दौरान विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान दुनियाभर में आतंकियों की शरणस्थली के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। वहां आतंकी सजा पाने से बचे रहते हैं। साजिद मीर को पाकिस्तान ने मृत घोषित कर दिया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव में वह जीवित पाया गया। साजिद मीर को साल 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। साजिद मीर पाकिस्तान के लाहौर का निवासी है। इस खूंखार आतंकवादी पर अमेरिका के न्याय विभाग ने 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित कर रखा है। साजिद मीर अपना भेष बदलने में माहिर है और इस वजह से उसके बारे में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। पहले साजिद मीर लंबी दाढ़ी और लंबे बाल रखता था, लेकिन माना जाता है कि अब उसने प्लास्टिक सर्जरी कराकर अपना हुलिया बदल लिया है। साजिद मीर पाकिस्तान में छिपा है। मुंबई आतंकी हमले के अलावा डेनमार्क में साल 2008-2009 के बीच एक अखबार पर हुए हमले की साजिश रचने में भी साजिद मीर का नाम सामने आया था। साजिद मीर को इब्राहिम शाह उर्फ वसी उर्फ खली उर्फ मोहम्मद वसीम के नाम से भी जाना जाता है। मुंबई हमले के साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली का मुख्य हैंडलर साजिद मीर ही था। मुंबई हमले के दौरान साजिद मीर आतंकियों के लगातार संपर्क में था। साजिद मीर को बचाने के लिए पाकिस्तान ने नापाक साजिश रची थी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे उसकी एक न चली। दरअसल पाकिस्तान ने ऐसी खबर उड़ाई की साजिद मीर की मौत हो गई है, लेकिन बाद में पाकिस्तान ने उसके जिंदा होने की बात स्वीकार कर ली। दरअसल पाकिस्तान ने दावा किया था कि साजिद मीर की मौत हो चुकी है, लेकिन कुछ साल पहले एफएटीएफ की ग्रेस लिस्ट से बाहर आने के लिए पाकिस्तान ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की बात स्वीकारी थी और जिन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें साजिद मीर का नाम भी शामिल था। पाकिस्तान ने बताया कि साजिद मीर को पाकिस्तान की आतंक रोधी अदालत ने आतंकी फंडिंग का दोषी पाए जाने के बाद 15 साल जेल की सजा सुनाई है। इस तरह पाकिस्तान पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हो गया।

## हांसी में हादसा: एयरफोर्स के जवान की मौत, बुझ गया घर का इकलौता चिराग; पिता की पहले हो चुकी मौत

हांसी, 7 मई (एजेंसियां)। हरियाणा के हांसी के लोहारी गांव निवासी एयरफोर्स के जवान कमल (25) की सड़क हादसे में मौत हो गई। कमल अपनी ड्यूटी संबंधी कागजात तैयार करवाने के लिए नारनौंद जा रहे थे। इसी बीच उनकी बाइक की ट्रक के साथ टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जवान कमल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में लाया गया है। कमल की मौत से गांव और आसपास के क्षेत्र में मातम छा गया है। कमल के पिता का पहले ही निधन हो चुका है और वे घर के इकलौते चिराग थे। मां का रो-रो कर बुरा हाल है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। साल 2022 में कमल ने अग्निवीर योजना के तहत एयरफोर्स ज्वाइन की थी। वर्तमान में इनकी पोस्टिंग लेह-लद्दाख में थी और हाल में ही इनका तबादला गुजरात के वडोदरा में किया गया था।

# पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर ‘ऑपरेशन सिंदूर'पर कमलनाथ बोले- भारत माता की जय



भोपाल, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया है, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान-आधिकारिक कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस सैन्य कार्रवाई के बाद मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने ट्वीट किया कि 'भारत माता की जय।' रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पीओके में उन आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए, जहां से भारत में आतंकवादी हमलों की साजिश रची जाती थी और उन्हें संचालित किया जाता था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस कार्रवाई में कुल 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमले पूरी तरह से लक्षित, सटीक और बिना बढ़े हुए थे, ताकि पाकिस्तान की सैन्य सुविधाओं को नुकसान न पहुंचे। रक्षा मंत्रालय ने यह भी बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पूरी तरह से संयम दिखाते हुए यह कार्रवाई की है, जिसमें किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया है। इस हमले का उद्देश्य यह साफ है कि भारत उन आतंकवादी समूहों और उनके संरक्षकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करेगा, जो भारतीय भूमि पर हमले करने की कोशिश करते हैं।

**पहलगाम हमले के बाद की जा रही थी कार्रवाई की मांग**

यह सैन्य कार्रवाई पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद की गई है, जिसमें 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद, देश के लोग और विपक्षी दल बदले की कार्रवाई का इंतजार कर रहे थे, जो अब इस ऑपरेशन के जरिए पूरी हुई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भारतीय नागरिकों ने संतोष जताया है और इसे आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ता के रूप में देखा जा रहा है। भारत ने यह भी साफ किया है कि यह कार्रवाई बढ़ती हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ देश की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं कमलनाथ और अन्य नेताओं ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन देश के सुरक्षा बलों की मजबूती और निडरता का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस ऑपरेशन पर एक विस्तृत ब्रीफिंग बाद में जारी की जाएगी, जिसमें इसके परिणाम और ऑपरेशन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी।

## आपरेशन सिंदूर पर भगवंत मान का रिएक्शन - 'सेना और सैनिकों पर गर्व है'



चंडीगढ़, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमला किया है। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है। पीएम मोदी ने खुद यह नाम सुझाया है। वहीं सेना के इस सफल ऑपरेशन की देशभर में सराहना हो रही है। सरकार के साथ-साथ विपक्ष के नेता भी सेना के ऑपरेशन की सराहना कर रहे हैं। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने भी ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय सेना और बहादुर सैनिकों पर गर्व है। वहीं शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने भी सेना को सलाम किया। दरअसल, पंजाब के सीएम भगवंत मान ने एक्स पर एक पोस्ट की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। हमें अपनी भारतीय सेना और अपने बहादुर सैनिकों पर गर्व है। 140 करोड़ देशवासी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। पंजाब के लोग सैनिकों के साहस और उत्साह के लिए देश की सेना के साथ खड़े हैं। इसके अलावा शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने भी भारतीय सेना की ओर से की गई इस कार्रवाई की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट भी की। अपनी पोस्ट में सुखबीर सिंह बादल ने लिखा, ‘‘शिअद हमारे बहादुर सशस्त्र बलों को ‘ऑपरेशन सिंदूर’ को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए सलाम करता है। हम आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के लिए भारत सरकार के साथ खड़े हैं। जय हिंद!’’

# सेना के जवान ने कार से बाइक सवार चार युवकों को मारी टक्कर, दुर्घटना में दो की मौत; एक की हालत गंभीर




नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। सेना में नायक के पद पर तैनात जवान ने अपनी कार से बाइक सवार चार लड़कों को टक्कर मार दी। इसमें चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया जबकि दूसरे ने कुछ ही देर बाद उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल एक की हालत नाजुक बनी हुई जबकि दूसरे युवक को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मृतकों की शिनाख्त धोबी घाट किर्बी प्लेस निवासी मंगल (19) और विकास (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक राकेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी कार और युवकों की बाइक को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि चारों युवक एक ही बाइक से मौज-मस्ती करने निकले थे। जैसे ही वे लोग राधे-कृष्णा, खाटू श्याम मंदिर के पास पहुंचे तो सामने से आ रही आंध्र प्रदेश नंबर की आई-10 कार ने इनको जोरदार टक्कर मार दी। उस समय किसी भी युवक ने हेलमेट नहीं लगाया हुआ था। हादसे के बाद एंबुलेंस से इनको अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में राजा को छुट्टी मिल गई जबकि साहिल का इलाज जारी है। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि हादसा तीन मई की रात 12.25 बजे हुआ। किर्बी प्लेस, धोबी घाट पर रहने वाले लड़के परिवार को बिना बताए स्प्लेंडर बाइक पर मौज-मस्ती करने निकले थे। इस बीच उनकी बाइक को कार ने टक्कर मार दी। घायलों को पहले डीडीए अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनको सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया।

**हेलमेट लगाया होता तो बच सकती थी जान**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि युवकों ने हेलमेट लगाया हुआ तो शायद उनकी जान बच सकती थी। मरने वाले दोनों लड़कों के सिरों में गंभीर चोट थी जो उनकी मौत की वजह बनी।

**तमाशबीन रही भीड़, समय पर नहीं मिला इलाज**

हादसे के प्रत्यक्षदर्शी मिलिंद शर्मा ने बताया कि कार ने बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद चारों लड़के सड़क पर इधर-उधर गिरकर अचेत हो गए। कार चालक भी कहीं नहीं भागा। इस बीच लोगों की भीड़ जुट गई। कोई मदद के लिए नहीं आया। मिलिंद ने देखा कि एक लड़के की सांसें थम चुकी थीं। बाकी तीन भी अचेत थे। उसने किसी तरह एंबुलेंस को कॉल कर अस्पताल भेजा। समय से इलाज मिलता तो शायद दो में से एक की जान बच सकती थी।

## कर्जदार दूल्हे को 14 दिन तक रखा खुश, फिर अचानक किया ऐसा कारनामा दुल्हन की करतूत जान पुलिस भी सन्न

खंडवा, 7 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के सवाई माधोपुर में एक ठेले वाले ने बड़े ही अरमानों से शादी की, वो भी कर्ज लेकर। लेकिन 14 दिन बाद ही दुल्हन घर से भाग गई। साथ में सारा कैश और गहने भी ले गई। दुल्हन मध्य प्रदेश के खंडवा की रहने वाली है। ठेले वाला अपनी पत्नी की इस करतूत से सदमे में है। उसने दुल्हन के वास्ते सवा लाख के गहने बनवाए थे। शादी के बाद घर में 30 हजार रुपये कैश भी रखा था। दुल्हन मोबाइल सहित सब कुछ लेकर फुर्र हो गई। पीड़ित पति ने मानटाउन थाने में दुल्हन और उसके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, आईएचएस कॉलोनी निवासी विष्णु शर्मा पुत्र बनवारी लाल शर्मा के साथ यह धोखाधड़ी हुई है। विष्णु ने 20 अप्रैल को शीतला माता मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से अनुराधा पुत्री इंद्रजीत यादव निवासी खंडवा (मध्य प्रदेश) के साथ शादी की थी। यह शादी दलाल पप्पू मीणा निवासी जीनापुर ने 2 लाख रुपए लेकर करवाई थी। शादी से पहले 19 अप्रैल को दलाल ने अनुराधा, उसकी कथित मौसी सुनीता यादव और मौसा श्याम राजपूत निवासी डग (झालावाड़) को कलेक्ट्रेट में विष्णु से मिलवाया। दोनों पक्षों की सहमति से वकील ने विवाह सहमति पत्र तैयार किया, जिसमें अनुराधा ने प्रेम विवाह की सहमति दी। विष्णु ने रोते हुए पुलिस को सारी व्यथा बताते हुए कहा- अनुराधा ने मुझे बताया कि वह खंडवा की रहने वाली है। उसके पिता का देहांत हो चुका है। एक बहन रेणु की शादी हो चुकी है और भाई करण अविवाहित है। शादी के बाद अनुराधा 14 दिन तक ससुराल में हंसी-खुशी रही। हमें उस पर बिल्कुल भी शक नहीं हुआ कि वो हमारे साथ ऐसा भी कुछ कर सकती है। 3 मई 2025 की रात को हम सब डिनर करने बैठे। अनुराधा ने हमें खाना खिलाया, लेकिन उसने नशीला पदार्थ मिला था। पीड़ित ने कहा- हमने जैसे ही खाना खाया, हमें चक्कर आने लगा और थोड़ी ही देर बाद हम सभी बेहोश हो गए। फिर रात करीब 2 बजे अनुराधा ने घर से 30 हजार रुपए नकदी, 30 हजार रुपए की सोने की अंगूठी, 50 हजार रुपए का सोने का मंगलसूत्र, 20 हजार रुपए का सोने का टिकला, 25 हजार रुपउ की 250 ग्राम चांदी की पायल और 30 हजार रुपए का मोबाइल फोन चुराकर फरार हो गई।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 8 मई - 2025

# हाथ मलता रह गया पाकिस्तान

भारतीय सेना ने अपनी क्षमता और सैन्य कौशल का बेजोड उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पाकिस्तान में 100 किलोमीटर भीतर तक आतंकी ठिकानों को टारगेट किया है। सेना ने पीएम मोदी द्वारा दी गई खुली छूट का जिस तरह बेहतरीन रणनीतिक उपयोग करते हुए आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है, वह लाजवाब है। भारतीय सेना को पता था कि उसे किस बारीकी से मिशन को सफल बनाना है। यही वजह है कि रात एक बजकर 5 मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान सकते में है। इस तरह पहलगाम में 26 बेगुनाहों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकियों को भारतीय सेना ने सबक सिखा दिया है कि अब भारत की ओर आंख उठा कर देखना भी नहीं। पहलगाम कांड के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी नेता जुबानी एटम बम छोड़ रहे थे, उनके सामने अब हाथ मलने के अलावा कोई विकल्प भी नहीं बचा है। इस टारगेटेड हमले के बाद पाकिस्तान को समझ में आ गया है अब आतंकियों के लिए खड़े होने का मतलब है, पूरी दुनिया से बैर मोल लेना। परमाणु बम का डर दिखा रहे पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की पहली प्रतिक्रिया से ही तय हो गया कि पाकिस्तान ने जंग शुरू होने से पहले सरेंडर करने में भलाई समझी है। उन्होंने कहा, 'भारत सीमा पर अपने अभियान को अगर रोक देता है, तो पाकिस्तान आगे की कार्रवाई न करने के लिए तैयार है। बहरहाल, भारत ने खास ध्यान दिया कि निर्दोष नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। भारत ने यह कदम सोच-समझकर उठाया है ताकि तनाव न बढ़े। भारत ने दुनिया को साफ संदेश दिया है कि उसकी कार्रवाई आतंकियों और उनके आकाओं के खिलाफ है। पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान की फौज या वहां की जनता उसके निशाने पर नहीं है। दूसरी तरफ पूरी दुनिया को पता है कि पाकिस्तान में आतंकी कैंप हैं और वह भारत समेत दुनिया के कई देशों को अपने आतंकी रणनीति की वजह से परेशान कर रहा है। ऐसे में अगर पाकिस्तान किसी तरह से कोई जवाबी कार्रवाई करने की साहस दिखाता है तो विश्व में यही संदेश जाएगा कि वह आतंकवादियों को बचाने के लिए तैयार खड़ा है। यही वजह है कि हमले की सूचना मिलते ही अमेरिकी विदेश मंत्री ने X पर लिखे अपने पोस्ट में कहा, 'मैं भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति पर ध्यान रख रहा हूं। मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातों से सहमत हूं। उन्होंने आज कहा कि उम्मीद है, यह जल्दी खत्म हो जाएगा। मैं भारत और पाकिस्तान के नेताओं से बात करता रहूंगा। मैं उनसे शांति से इस समस्या का हल निकालने के लिए कहूंगा।' इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि 'उम्मीद है कि यह (भारतीय सैन्य कार्रवाई) जल्द खत्म हो जाएगी। अमेरिका ने भारतीय सैन्य कार्रवाई के बाद जिस तरह की प्रतिक्रिया दी है, उससे पाकिस्तान को साफ संदेश है कि आतंकवाद के मसले पर दुनिया भारत के साथ खड़ी है। अमेरिका के अलावा रूस, फ्रांस, इजरायल, जापान, यूनाइटेड किंगडम, इटली, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान तक ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के नजरिए का समर्थन कर पाकिस्तान को सकते में डाल दिया है। भारत की इस कार्रवाई से उसके पास सिर्फ हाथ मलने के कोई रास्ता बचा नहीं है।

# भारत के प्रहार से दहल उठा पाकिस्तान



अशोक भाटिया

पाकिस्तान को लगा भारत बुधवार को सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल करेगा। पाकिस्तानी हुकूमत और फौज, दोनों निश्चिंत होकर सोये रहे। लेकिन भारत की सेना ने आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू कर उसके सबसे डरावने सपने को हकीकत बना दिया। भारत का यह ऑपरेशन रणनीतिक चतुरता की मिसाल है। भारत ने बुधवार को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल की योजना बनाई थी। खबर ने पाकिस्तान को यह यकीन दिला दिया कि भारत कोई बड़ा सैन्य ऑपरेशन नहीं करेगा। इसी भ्रम का फायदा उठाते हुए भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। पहलगाम अटैक के 15 दिन बाद भारत ने 6 मई की रात 1।44 बजे पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की। इसे नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर। ' भारतीय सेनाओं ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान में चार और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के पांच ठिकानों पर रॉकेट बरसाए। इन टारगेट में बहावलपुर, मुरिदके, बरनाला, तेहराकलां, मुजफ्फराबाद, कोटली और सियालकोट शामिल थे। इन जगहों पर लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों अड्डे संचालित थे। इसके अलावा आतंकी मौलाना मसूद अजहर का मदरसे को भी इस हमले में नेस्तनाबूद किया गया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 27 लोगों की हत्याकर दी थी। इसमें 26 भारतीय व एक नेपाली नागरिक था। आतंकियों के इस कायराना हमले का करारा जवाब देने के लिए भारत ने सैन्य कार्रवाई से पहले कूटनीतिक हमले किए। हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी। ऑपरेशन सिंदूर पहलागाम हमले में मारी गई उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी। इस स्ट्राइक में भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों से आतंकी अड्डों पर हमला किया। जिसकी पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे।भारत के एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान से जो वीडियो आ रहे हैं, उसमें खुद पाकिस्तान के लोग चीख-चीख बता रहे हैं कि आतंकी अजहर मसूद के ठिकाने पर मिसाइल से हमले किए गए हैं। इसमें पाकिस्तान की आवाम खुद बता रही है कि भारतीय सेना ने कैसे हमला किया है। इसके अलावा वीडियों में देख सकते हैं कि आतंकी ठिकाने से आग की लौ भी उठती दिख रही है। ये आतंकियों के ठिकाने को मिट्टी में मिलाने का सबसे बड़ा सबूत है। अहमद शरीफ चौधरी ने रात ही कहा कि भारत के हवाई हमलों में अब तक 8 नागरिक मारे गए हैं जबकि 35 घायल हुए हैं।जैसा कि बताया जा रहा है भारत सेना के एयर स्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। अस्पतालों में घायल आतंकवादियों की लाइन लगी है। हर तरफ एंबुलेंस दौर रहे हैं। ये भारत नहीं बल्कि तमाम इंटरनेशनल मीडिया संस्थान कह रहे हैं। ये संस्थाएं पाकिस्तान के हालात की तस्वीरें ला रही हैं। इससे पता चलता है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसा लिया। इन हमलों को राफेल, सुखोई जैसे फाइटर जेट्स या फिर बेहद आधुनिक ड्रोन से अंजाम दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत पर भारत ने दुनिया को जवाब दे दिया। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में आतंकियों पर एक्शन के लिए कोई कदम नहीं उठाता। खुफिया जानकारी के मुताबिक, भारत के खिलाफ आगे भी हमले हो सकते हैं। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने और भारत में भेजे जाने वाले आतंकियों को अक्षम बनाने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि 25 अप्रैल को टीआरएफ के संदर्भ को हटाने के लिए पाकिस्तान के दबाव को भी ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के शरणस्थल के रूप में पहचान बना चूका है...साजिद मीर का मामला अंतराष्ट्रीय प्रेशर बनाने के बाद वो जीवित पाया गया, इसका सबूत है। भारत ने इसी तरह का हमला फरवरी 2019 में उस समय किया था, जब जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के एक काफिले को निशाना बनाया गया था। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट में हमला कर आतंक के ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस ऑपरेशन को नाम दिया गया था, 'ऑपरेशन बंदर'। बुधवार तड़के हुई कार्रवाई को पाकिस्तान ने युद्ध की कार्रवाई बताया है। उसका कहना है कि उसके पास जवाबी कार्रवाई का हक है। आइए देखते हैं कि 'ऑपरेशन बंदर'और 'ऑपरेशन सिंदूर'में क्या अंतर है। साल 1971 के युद्ध के बाद पहली बार है कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई को अंजाम दिया था। इससे पहले 2016 में हुए उड़ी हमला और 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर कार्रवाई की थी। इन हमलों को सर्जिकल स्ट्राइक बताया था। भारत ने इस आत्मरक्षा के अधिकार के तहत की गई कार्रवाई बताया था। इसमें भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में कोई निशाना नहीं बनाया था। भारतीय सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हमला किया। इससे पहले सेनाओं ने पंजाब में किसी ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था। यह भारत की तीनों सेनाओं का एक संगठित प्रयास था। बालाकोट कैंप का चुनाव इसलिए किया गया था कि वह एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित था। उसके आसपास कोई नागरिक नहीं था। यानी हमले से नागरिकों को कोई नुकसान नहीं होगा और वह कोई मदरसा नहीं था, इसलिए वहां कोई बच्चा नहीं होगा। वहां केवल आतंकवादी और उनके आका होंगे। इसलिए ही बालाकोट का चुनाव किया गया था। भारत ने 25-26 फरवरी की रात हवाई हमला करना चुना था। इसके लिए मध्य प्रदेश के ग्वालियर एयरबेस से 20 मिराज-2000 विमानों ने उड़ान भरी थी। इन विमानों पर इजराइली लेजर गाइडेड बम लगे हुए थे। इनमें से 12 विमानों ने सुबह करीब पौन चार बजे अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पाकिस्तान में प्रवेश किया। और अपने निशानों पर बम बरसाए। भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन को केवल 21 मिनट में अंजाम दे दिया था। इस ऑपरेशन को अंजाम दिया था एयर मार्शल हरि कुमार ने। वह पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ थे। खास बात यह थी कि वह फरवरी में ही रिटायर होने वाले थे। हमले से पहले उन्हें फेयरवेल पार्टी भी दी गई थी। इन हमलों में 250 से अधिक आतंकी मारे गए थे। पाकिस्तान आतंकी कैंपों की मौजूदगी को स्वीकार नहीं कर रहा था। भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसा कदम उठाया कि न सिर्फ पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को दिखा दिया कि भारत आतंकी कैंपों का खात्मा कर सकता है। 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को भारतीय सेना के विशेष बलों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी लॉन्च पैड्स पर सर्जिकल स्ट्राइक की और उन्हें तबाह कर दिया। इस हमले में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के छह लॉन्चपैड को तबाह कर दिया था और करीब 45 आतंकी इस कार्रवाई में मारे गए थे।

अब ऑपरेशन सिंदूर'के बाद विरोधी दल के पास विरोध करने का कुछ बचा ही नहीं है और न ही सबूत मांगने का कारण क्योकि जो भी पाकिस्तानी विडियो आ रहे है वो खुद ही सबूत बन रहे है । सभी सैन्य कार्रवाई का तारीफ के पूल बांध रहे है । कांग्रेस ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई के बाद बुधवार को विपक्ष ने कहा कि उसे भारत के सशस्त्र बलों पर गर्व है और उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद सख्त जवाबी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश- ए- मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ₹पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक अडिग राष्ट्रीय नीति है। उन्होंने कहा, हमें अपने भारतीय सशस्त्र बलों पर बेहद गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है।

# सवाल का सौदा कर विश्वासघात करते जनप्रतिनिधि



हरीश शिवनानी

मई के पहले रविवार की सुबह बांसवाड़ा ज़िले के बागीदौरा के आदिवासी विधायक जयकृष्ण पटेल जब बिस्तर छोड़ा होगा तो उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि आज वो देश में एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। इतिहास उन्होंने रचा लेकिन शर्मनाक। पटेल रविवार सुबह ही बीस लाख रुपए की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार कर लिये गए। पूरे देश मे यह अब तक का पहला मामला है जिसमें कोई विधायक घूस लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार हुआ हो। पटेल पर आरोप है कि उन्होंने करौली जिले के टोडाभीम क्षेत्र में स्थित एक सोप स्टोन खान के विषय में पूछने के लिए विधानसभा में तीन सवाल लगाए थे। गौरतलब बात यह है कि यह खनन क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं आता, बल्कि वहां से 600 किलोमीटर दूर है। उनके सवाल अभी विधानसभा में टेबल नहीं हुए हैं। इस बीच विधानसभा में आने वाले सवालों से घबराए खान मालिक रवींद्र मीणा ने विधायक से मिलकर सवाल वापस लेने की गुहार लगाई।

आरोप है कि सवाल वापस लेने के बदले में विधायक पटेल ने दस करोड़ रुपए मांगे, लेकिन बाद में बात ढाई करोड़ पर तय हुई। रविवार को पटेल अपने सरकारी फ्लैट वाली इमारत के बेसमेंट में कार में बैठकर घूस की पहली क़िस्त के बीस लाख रुपए के नोट गिन रहे थे कि पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारी वहां पहुंच गए और उनको पकड़ लिया। धुलवाने पर उनके हाथ सचमुच रंग गए। हकबकाए-से पटेल को अहसास नहीं था कि खान मालिक मीणा ने इस बात की जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एसीबी) को दे दी थी और वो पिछले एक महीने से एसीबी के राडार पर थे और उनकी हर गतिविधि, हर बात रिकॉर्ड हो रही थी।

देश के संसदीय-विधायी इतिहास में यह तीसरा मामला है जब कोई जनप्रतिनिधि 'सदन में सवाल' के संदर्भ में पकड़ में आया हो। इससे पहले 2005 में बहुचर्चित 'क्वेरी फ़ॉर कैश' (सवाल के बदले पैसा) प्रकरण में 11 सांसद चर्चा में आए थे। विभिन्न दलों के इन सांसदों में 10 लोकसभा के और एक राज्यसभा के थे। दूसरा मामला वर्ष 2024 में तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा का था। इन सभी सांसदों पर सवाल का सौदा करने यानी 'सवाल पूछने के बदले पैसा'(क्वेरी फ़ॉर कैश) लेने का मामला था, जबकि विधायक पटेल के ख़िलाफ़ मामला 'सवाल वापस लेने के लिए' पैसा लेने का है।

ये तो वो मामले हैं जो देश के संज्ञान में आ गए हैं। बहुत संभव है कि इनसे भी ज़्यादा ऐसे मामले हों जो 'चुपचाप' सुलटा लिये गए हों और प्रतिनिधियों के जन को उनकी कानों-कान ख़बर न हुई हो। महुआ मोइत्रा का ही मामला लीजिए। मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए रियल स्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से घूस लेने का आरोप लगाया गया था। छानबीन के बाद सवाल के बदले पैसा-उपहार लेने के प्रकरण में सीबीआई ने 21 मार्च 2024 को उनके ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया। मामले की जांच-पड़ताल कर लोकपाल ने साफ कहा कि पूरी जानकारी का सावधानी से मूल्यांकन करने के बाद कोई संदेह नहीं रह जाता है कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगाए गए आरोप बेहद गंभीर प्रकृति के हैं। पूरे मामले की जाँच-पड़ताल के बाद मामला संसद की आचार समिति तक पहुँचा और समिति की सिफारिश पर 8 दिसम्बर 23 को महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। अपने कृत्य पर शर्मिंदा होने की बजाए निष्कासन के बाद महुआ ने सरकार को चुनौती-सी देते हुए कहा था, " मैं 49 साल की हूं और मैं अगले 30 साल तक संसद के अंदर और बाहर सरकार के ख़िलाफ़ "लड़ूंगी।₹ महुआ ने छह महीने से भी कम समय मे यह बात साबित कर दी और 5 जून 24 को वो डंके की चोट पर फिर लोकसभा पहुंच गईं, वो भी पहले से ज़्यादा वोट लेकर।

इसे क्या माना जाए? भ्रष्टाचार कौन मिटाना चाहता है? जिस क्षेत्र की जन के प्रतिनिधि को देश की संसद ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर निकाला, उसी क्षेत्र के जन ने फिर से, पहले से ज़्यादा वोट देकर वापस उसी संसद में भेज दिया। इसी तरह 2005 के एक मीडिया कम्पनी के स्टिंग ऑपरेशन में 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में शामिल 11 सांसदों में से किसी को भी वीडियो प्रूफ होने के बावज़ूद जेल भेजना तो दूर, जुर्माने तक की सजा नहीं हुई। इन सांसदों को दिसंबर 2005 में संसद से निष्कासित किया गया था, जो उनकी प्राथमिक सजा थी। 2017 में दिल्ली न्यायालय की विशेष न्यायाधीश किरण बंसल ने इनके खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए। मुकदमा 12 जनवरी 2018 से शुरू हुआ। हालांकि, 2025 तक यह सबको पता है कि इनमें से भी जनप्रतिनिधि को न तो जेल हुई न कोई जुर्माना लगा, न उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने से रोका गया। ऐसे में किस 'जनप्रतिनिधि' को सदन में 'सवाल पूछने' या 'सवाल वापस लेने' जैसा 'सौदा' करने से पहले किसी बात का भय होगा? जेल जाने या भविष्य में चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित होने का डर ?

वक़्त की सख़्त ज़रूरत है कि देश में अब जनप्रतिनिधियों के 'अनैतिक आचरण' को पुनर्परिभाषित किया जाए जिसमें 'सवाल पूछने या वापस लेने' के मूल में अंतर्निहित उद्देश्यों का स्पष्ट कारण पूछा जाए और यदि कोई 'अनैतिकता' या 'अनियमितता' (सरल शब्दों में सवालों से जुड़ा कोई सौदा, लेन-देन या 'डील') पाई जाती है तो तो जन से विश्वासघात करने प्रतिनिधि को जेल भेजने से लेकर भविष्य में लड़ने से प्रतिबंधित करने का प्रावधान भी होना चाहिए, तब हर सवाल का ज़वाब मिल जाएगा। तब तक बहुत संभव है, राजस्थान की नई नवेली पार्टी 'भारत आदिवासी पार्टी (भाआप, अंग्रेजी में बाप) के इस विधायक को भी ऐसी ही 'पर्याप्त सजा' मिल जाए और जनजातीय क्षेत्र से आने वाले जयकृष्ण पटेल 'आदिवासी अस्मिता' के कार्ड पर महुआ मोइत्रा की तरह छह महीने बाद पहले से ज़्यादा 'जन' के समर्थन से 'प्रतिनिधि' बनकर लौट आए 'जंगल-जल-ज़मीन' की लड़ाई के लिए! कुछ भी हो सकता है। आर्थर लेवेलिन बाशम ने भारत के बारे में यूं ही तो नहीं कहा था- " द वंडर, दैट वाज़ इंडिया!"

# सामाजिक समरसता बिगाड़ सकती है जातीय गणना

डॉ. वेदप्रकाश

सामाजिक समरसता ही विकसित राष्ट्र का आधार है। आज भारत में जबकि कई अवसरों पर छोटी-छोटी बातें आपसी वैमनस्य का कारण बन जाती हैं, तब समाज जीवन में ऐसे वातावरण की आवश्यकता है जहां सभी लोग जाति, संप्रदाय, भाषा एवं क्षेत्रीयता आदि के भेदभाव से परे मिलजुल कर रहें। मोदी सरकार द्वारा जातीय जनगणना को सामाजिक न्याय और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के विकास की गारंटी के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक इसे बिहार चुनाव के मद्देनजर मोदी सरकार का मास्टर स्ट्रोक मान रहे हैं किंतु कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष इसे अपनी बड़ी जीत मानते हुए इसका श्रेय लेने की होड़ में लगा है। कांग्रेस राहुल गांधी को सामाजिक न्याय की राजनीति का नया नायक बनने में जुट गई है। इसे एक बड़ा अवसर मानते हुए राहुल तत्काल यह घोषणा कर चुके हैं कि अब 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को हटाने के लिए कांग्रेस दबाव बनाएगी। क्या इससे जातीय गणना का मंतव्य और राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति नहीं दिखाई दे रही है? क्या इस प्रकार की घोषणाओं से समाज में विभाजन नहीं होगा? क्या आपसी झगड़े नहीं बढ़ेंगे? क्या संख्या में अधिक जाति के लोग संख्या में कम जाति के लोगों पर वर्चस्व जमाने का प्रयास नहीं करेंगे? क्या जातीय आधारों पर योजनाएं और आरक्षण घटने बढ़ने से प्रतिभाशाली लोग उपेक्षित नहीं होंगे?

ध्यान रहे अतीत में ऊंच-नीच और जातियों के भेदभाव के कारण देश ने बहुत कुछ सहा है। विभिन्न संतों और कवियों ने जात-पात को व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के लिए घातक बताया है। संत रविदास की पंक्तियां हैं- जात जात में जात है, ज्यों केला में पात...। संत रविदास ने एकता और भाईचारे के लिए जाति को बड़ी बाधा माना था। साहित्यकार हजारी प्रसाद द्विवेदी ने भी लिखा है-भारत एक ऐसा देश है जहां प्रत्येक जाति अपने से नीची जाति ढूंढ लेती है। स्पष्टत सरकार को जातीय गणना के साथ-साथ सामाजिक समरसता का ध्यान भी रखने की आवश्यकता है। क्या जातीय गणना के आंकड़े सार्वजनिक किए बिना कल्याणकारी योजनाएं नहीं बनाई जा सकती? क्या कई प्रदेशों और क्षेत्रों में धार्मिक आधार पर जनसंख्या असंतुलन के दुष्परिणामों से सरकार अनभिज्ञ है?


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरंभ से ही सबका साथ- सबका विकास का मंत्र लेकर अनेक योजनाओं के सहारे आमूलचूल परिवर्तन का प्रयास कर रहे हैं। 15 अगस्त 2014 को लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले ही भाषण में उन्होंने मां भारती के कल्याण का संकल्प प्रस्तुत करते हुए कहा था- हम आजादी के इस पावन पर्व पर मां भारती के कल्याण के लिए, हमारे देश के गरीब, पीड़ित, दलित, शोषित, समाज के पिछड़े हुए सभी लोगों के कल्याण का, उनके लिए कुछ न कुछ कर गुजरने के संकल्प का यह पर्व है। इसके साथ ही उन्होंने घर-घर शौचालय, जनधन योजना, हर घर नल- हर घर जल, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक कल्याण योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना एवं मुद्रा योजना आदि के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंदों के कल्याण हेतु अनेक प्रयास किए हैं, यह सराहनीय है। आज विभिन्न योजनाएं जन सामान्य तक पहुंच रही हैं. इसका प्रमाण है कि भारत में करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक में आजादी के बाद पहली बार जनगणना के साथ ही जातीय गणना करवाने का फैसला लिया गया है। इसके अंतर्गत लोगों की जाति के आधार पर व्यवस्थित तरीके से विभिन्न आधारों पर आंकड़े जुटाए जाएंगें। यह भी स्पष्ट है कि भारत जैसे विविधता वाले देश में अनेक जातियां हैं जो सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करती रही हैं। जातीय गणना से प्रदेश एवं क्षेत्रीय आधार पर जातियों की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक, रोजगार एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व संबंधित अनेक प्रकार की जानकारियां प्राप्त होंगी जिनके आधार पर भविष्य में उनके कल्याण के लिए नीतियां बनाने में सहायता मिलेगी।

समाचार पत्रों में छपी जानकारी के अनुसार भारत में पहली बार 1881 में जनगणना हुई थी। उस समय भारत की आबादी 25.38 करोड़ थी। तब से प्रत्येक 10 वर्षों पर जनगणना हो रही है। आंकड़े बताते हैं कि 1881 से 1931 तक जातीय जनगणना हुई। उसके बाद जातीय सर्वेक्षण तो करवाए गए लेकिन जातीय गणना नहीं हुई। स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1951 में पहली जनगणना हुई थी.

उस समय सरकार ने तय किया कि सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आंकड़े ही जुटाए जाएंगे। इसके पीछे उस समय सरकार का तर्क था कि जातियों की गणना से समाज विभाजित होगा और राष्ट्रीय एकता कमजोर होगी। वर्ष 2011 में भी यूपीए सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और जातीय जनगणना करवाई थी लेकिन जातियों के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। क्यों?

# सफलता-असफलता जीवन के दो अनिवार्य पहलू



संजीव ठाकुर

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा 1इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी1

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे 1 निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है1

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं1 संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है।

# मौन दिवस मनाएगा कौन?



डॉ टी महादेव राव

भैया। एक धांसू आइडिया दिमाग में आया है जिससे बहुत सारी समस्याएं थोड़ी बहुत हल होंगीं और लोगों को थोड़ी राहत भी मिलेगी।

तुम्हारा दिमाग तो पारे से भी तेज है छोटू। खुशी की बात है कि तुम भी सोच रहे हो यानी रूपा ज्यादा परेशान नहीं करती। खैर। बोलो तुम्हारा लेटेस्ट आइडिया क्या है? भैया। जिस तरह पर्यावरण दिवस, महिला दिवस, प्रेमी दिवस इत्यादि दिवस मनाते हैं, ठीक उसी तरह वर्ष में एक दिन बिना बातों के मौन दिवस मनाया जाए।

पूरे चौबीस घंटे सारे लोग चाहे बहुत सारे नेता हों, थोड़े बहुत नागरिक हों, पत्रकार हों, महिलाएं हों, टीवी एंकर हों कोई भी हो उन्हें पूरे एक दिन मौन धारण करना होगा ताकि थोड़ी शांति रहे, ध्वनि प्रदूषण न हो, लोगों को चिंतन मनन यानी सोचने को समय मिले, समरस बनें और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में सहयोग मिले।

जैसा गांधी जी ने कहा मौन सर्वोत्तम भाषण है। लेकिन आज के नेता तो मैं पर भी लम्बा चौड़ा भाषण देते हैं, कानों के पर्दे फाड़ते हैं। बिल्कुल सही भैया। मौन दिवस मनाने से शब्दों का सामर्थ्य बढ़ेगा, भाषा की गरिमा बढ़ेगी। वाक्यों का व्यवहार सुधरेगा।

गाली गलोच कम होगा तो सहज है अच्छा माहौल बनेगा लेकिन इस मैं दिवस को कब मनाने का प्रस्ताव है छोटू?

मैंने इसके फायदे गिनाते हुए दस दिन पहले सरकार को पत्र लिखा है। मेरा खयाल हैं कि किसी महीने के आखिरी रविवार को मनाएं तो सबसे बढ़िया होगा। आप मुस्कुरा क्यों रहे हैं भैया?

छोटू! कभी कभी तुम कुछ बातें अनायास कहते हो कि सप्रयास समझ में नहीं आता लेकिन मजा ला देते हो। मौन धारण करने से स्वर पेटिका की आयु बढ़ेगी, धमनियों और दिमाग पर तनाव कम होगा, दिल शांत रहेगा तो व्यक्ति स्वस्थ रहेगा।

लेकिन सारी महिलाएं इसका विरोध कर सकती हैं क्योंकि उनके लिए चुप रहना नर्क के समान असहनीय जो है। एक बार एक महिला से उसके पति ने शर्त लगाई कि अगर वह पांच मिनट तक खामोश रहे तो उसे एक हजार रुपए मिलेंगे।

महिला मान गई। दोनों आमने सामने बैठ गए। एक मिनट बीता और महिला ने पूछा देखो तो पांच मिनट हो गए होंगे। तो समझ गए न?

इतने में छोटू के पास आकर डाकिया एक पत्र पकड़ाया और चलता बना। लिफाफा देखकर छोटू उछल पड़ा। भैया! लगता है मेरा मैं दिवस का प्रस्ताव मान लिया गया। हुर्रा।

मैंने कहा छोटू! वो दिन लद गए जब लिफाफा देखकर खाट का मज़मून जान लिया करते थे।

पत्र खोलकर पड़ता हुआ छोटू का चेहरा रंग बिरंगी हो रहा था। मेरे प्रस्ताव को यह कहकर खारिज कर दिया गया कि आपसी संबंध खराब होंगे इस मौन दिवस से। स्वर पेटिका के करना बंद कर देगी। आवाज के साथ कई लोगों की रोजी रोटी जुड़ी है चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो।

और तो और आप माह के जिस अंतिम रविवार के लिए प्रस्ताव रखा है, वह तो जो ही नहीं सकता क्योंकि कई लोग दिल की बातें सुनने से वंचित रह जायेंगे, विकास का मार्ग अवरुद्ध हो जायेगा और कोई मन की बातें सुनाने से रह जायेंगे। इसलिए प्रस्ताव खारिज किया जाता है। अगली बार इस तरह की बेफजूल और हानिकारक प्रस्ताव न भेजें।

हताश सा छोटू सोफे पर पसार गया।

# मोहिनी एकादशी आज

जब समुद्र मंथन से अमृत निकला, तब भगवान विष्णु ने मोहिनी अवतार लिया। मोहिनी के रूप में भगवान विष्णु ने असुरों से अमृत लेने और देवों को देने के लिए छद्म वेष धारण किया। जिस दिन भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण किया, उसे मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। यह हिंदू कैलेंडर के अनुसार वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के 11 वें दिन पड़ता है।

यह दिन तमिल कैलेंडर, मलयालम कैलेंडर और बंगाली कैलेंडर में अलग-अलग है। इस दिन को हिंदू समुदाय द्वारा मोहिनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। मोहिनी शब्द को अक्सर एक आकर्षक व्यक्तित्व या सम्मोहक रूप में माना जाता है। लोग मोहिनी रूप में भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और एक सफल और आनंदमय जीवन के लिए आशीर्वाद लेते हैं।

कई भक्त भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और इस दिन मोहिनी एकादशी व्रत रखते हैं। आइए हिंदू धर्म में मोहिनी एकादशी के महत्व के बारे में अधिक जानते हैं।

**मोहिनी एकादशी का महत्व**

मोहिनी एकादशी के त्योहार का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। लोगों का मानना है कि मोहिनी एकादशी व्रत करने से वे जीवन में पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। यह व्रत किसी तीर्थ स्थान पर जाने और जरूरतमंद लोगों को दान देने के बराबर है। मोहिनी एकादशी का व्रत रखने वाले को हजार गायों के दान का लाभ मिलता है। यह आपको मोक्ष या मुक्ति के मार्ग पर ले जाता है। सूर्य पुराण में मोहिनी एकादशी व्रत के लाभों का लंबा विवरण है।

**समुद्र मंथन और मोहिनी एकादशी कथा**

सभी असुरों और देवताओं ने आपसी समझौते पर समुद्र को मथना शुरू किया, जिसे समुद्र मंथन के नाम से भी जाना जाता है। देवता और असुर दोनों का अंतिम उद्देश्य दैवीय शक्तियों और धन पाने के लिए मंथन करना था। जब देवता और असुर समुद्र के मंथन में व्यस्त थे, दिव्य चिकित्सक धन्वंतरि, अमृत के साथ समुद्र से बाहर आए। असुरों ने धन्वंतरि से अमृत कलश छीन लिया और उसके साथ भागने की कोशिश की।

इस स्थिति में सभी देवता भगवान विष्णु के पास मदद के लिए गए। वे समझ गए कि अगर असुरों को अमृत मिल जाता है, तो यह पूरे ब्रह्मांड के लिए विनाशकारी होगा। इस तथ्य से देवता भी घबरा गए थे। तब उनकी मदद करने के लिए भगवान विष्णु ने खूबसूरत और आकर्षक स्त्री का मोहिनी रूप धारण किया। जब असुरों ने मोहिनी को देखा, तो वे उसके प्रति आकर्षित हो गए। उन्होंने अमृत को सभी असुरों में समान रूप से वितरित करने का अनुरोध किया। मोहिनी के रूप में भगवान विष्णु ने मदिरा के साथ अमृत कलश को बदला और सभी अमृत देवताओं को दे दिया। जिस दिन मोहिनी ने सभी देवताओं को अमृत दिया था, उस दिन को मोहिनी एकादशी के रूप में जाना जाता है। महाभारत और रामायण में भी मोहिनी एकादशी व्रत का उल्लेख है। लोगों का मानना है कि भगवान राम ने अपनी पत्नी सीता को खोजने के लिए मोहिनी एकादशी व्रत किया था।

**मोहिनी एकादशी व्रत कथा और**

**धृतिमान की कहानी**

मोहिनी एकादशी व्रत कथा सरस्वती नदी के तट पर भद्रावती राज्य से शुरू होती है। राजा धृतिमान ने भद्रावती के राज्य पर शासन किया। उन्हें पांच पुत्र हुए सुमना, सद्बुद्धि, मेधावी, सुकृति और धृष्टबुद्धि। पांचों में से धृष्टबुद्धि गलत राह पर था और महिलाओं का अपमान करता था। वह जुआरी था और शराब में डूबा रहता था। उसके पिता, राजा धृतिमान उससे खुश नहीं थे, उन्होंने धृष्टबुद्धि को राज्य छोड़ने का आदेश दे दिया।

सबसे पहले धृष्टबुद्धि ने जीवित रहने के लिए अपने गहने और शाही सामान बेच दिए, लेकिन बाद में उसने डकैती का विकल्प चुना। उसके गलत कामों के कारण राजा धृतिमान ने उसे कारावास की सजा दी और उसे भद्रावती की सीमा से बाहर भेज दिया। उसने जंगल में रहना शुरू कर दिया और पक्षियों और अन्य प्राणियों को मारकर जीवन जीने लगा। ऋषि कौंडिन्य के आश्रम में पहुंचने पर उनके जीवन में एक सकारात्मक मोड़ आया।

दैवीय ऋषि गंगा नदी में स्नान कर रहे थे और उनके कपड़ों से पानी की कुछ बूंदें जाकर धृष्टबुद्धि पर पड़ी। उसके असर से उसने चमत्कारिक रूप से अपने गलत कामों को महसूस किया और ऋषि कौंडिन्य से अनुरोध किया कि उसे मुक्ति या मोक्ष प्राप्त करने के लिए मार्ग दिखाएं। महान ऋषि ने उन्हें शुक्ल पक्ष के दौरान वैशाख के महीने में मोहिनी एकादशी व्रत रखने की सलाह दी। धृष्टबुद्धि ने मोहिनी एकादशी व्रत किया और जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो गए।

लोगों का मानना है कि जो कोई भी मोहिनी एकादशी व्रत का पालन करता है, वह भगवान विष्णु के निवास स्थान बैकुंठ पहुंचता है। जो लोग मोहिनी एकादशी व्रत कथा सुनते हैं, उन्हें भी सुखी जीवन का लाभ प्राप्त होता है।

जीवन में खुशी की तलाश है? हमारे ज्योतिषियों से बात करें।

**मोहिनी एकादशी का पूजा विधान**

मोहिनी एकादशी व्रत की पूजा पूर्व रात्रि से शुरू होती है।

इस व्रत को रखने वाले व्यक्ति को सुबह सूरज उगने से पहले उठना पड़ता है।

आपको अपने शरीर पर तिल लगाना है और शुद्ध पानी से स्नान करना है।

लाल वस्त्र से ढके कलश को लगाकर पूजा विधान प्रारंभ करनी है।

भगवान विष्णु और भगवान राम की पूजा करें और एक दीपक जलाएं।

प्रसाद के रूप में फूल और फल चढ़ाएं और फिर उन्हें अन्य लोगों में वितरित करें।

ब्राह्मणों और जरूरतमंद लोगों को दान दें।

मोहिनी एकादशी व्रत की रात को लोग भजन भी गाते हैं।

**मोहिनी एकादशी के दिन:**

व्रत के दिन चावल और जौ खाने से बचें, क्योंकि यह गलत माना जाता है और आपके अच्छे कामों को खत्म कर देता है।

इस दिन बाहर का खाना खाने की सख्त मनाही है।

मांस और शराब को अशुद्ध माना जाता है और उनके उपभोग की अनुमति नहीं है।

साथ ही, इस दिन लहसुन और प्याज से परहेज किया जाता है।

क्रोध आपका सबसे बड़ा दुश्मन है। मोहिनी एकादशी के दिन इससे बचें।

इस दिन लोग ब्रह्मचर्य के नियमों का भी पालन करते हैं।

मोहिनी एकादशी व्रत आपके जीवन में सभी समृद्धि लाता है। हिंदू पौराणिक कथाओं में इस त्योहार के साथ कई किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। लोग इस दिन व्रत का पालन करते हैं और मोहिनी रूप में भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। भगवान विष्णु सभी को मोहिनी एकादशी के दिन आशीर्वाद दें।

**मोहिनी एकादशी तिथि और मुहूर्त समय**

**मोहिनी एकादशी का त्योहार गुरुवार, 08 मई 2025 को पड़ेगा।**

**9 मई को पारण का समय- 06:04 से 08:34 तक**

**पारण दिवस द्वादशी समाप्ति क्षण – 14:56**

**एकादशी तिथि आरंभ – 07 मई 2025 को 10:19 बजे से**

**एकादशी तिथि समाप्त – 08 मई 2025 को 12:29 बजे तक**



**वाणी, व्यवहार और जीवन शैली में पारदर्शी आचरण होना चाहिए**

आज जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी गिरि के जीवन सूत्र में जानिए किसी से बात करते समय किन बातों का ध्यान रखें?जब हम जीवन में सरल, सहज और स्वाभाविक हो जाते हैं, तब हमें सफलता और सिद्धि मिलती है। हमें प्राकृतिक रहना चाहिए, जीवन में माधुर्य बनाए रखें। वाणी, व्यवहार और अपनी संपूर्ण जीवन शैली में पारदर्शी आचरण होना चाहिए। हमने कई बार देखा है कि जिनका वाणी-व्यवहार सही नहीं है, जिनकी भाषा कर्कश है, उनका व्यक्तित्व नीचे गिर जाता है। अपनी भाषा को दिव्य बनाइए।

# सिर्फ सजावट नहीं, ड्रीम कैचर से जुड़ी हैं ये जरूरी बातें



आजकल कई लोग अपने घर की साज सज्जा में नई नई चीजें शामिल कर रहे हैं। इन्हीं में से एक है ड्रीम कैचर। यह न सिर्फ दिखने में सुंदर होता है, बल्कि इसे घर में लगाने से अच्छा माहौल भी बना रहता है। लोग इसे बुरे सपनों से बचाव के लिए अपने बेडरूम में लगाते हैं। मगर बहुत कम लोग जानते हैं कि ड्रीम कैचर को लगाने का एक सही तरीका भी होता है। अगर इसे सही दिशा और सही जगह पर लगाया जाए, तो यह घर के माहौल को और भी अच्छा बना सकता है। ड्रीम कैचर को लेकर वास्तु में भी कुछ खास बातें बताई गई हैं, जिन्हें अपनाकर इसके असर को और बढ़ाया जा सकता है।

**मल्टीकलर ड्रीम कैचर का करें इस्तेमाल**

मार्केट में ड्रीम कैचर कई रंगों में मिलते हैं। अगर आप इसे अपने घर के लिए खरीद रहे हैं, तो कोशिश करें कि वह मल्टीकलर हो। ऐसा माना जाता है कि कई रंगों से बना ड्रीम कैचर माहौल को ताजगी देता है और अच्छा असर डालता है।

**ड्रीम कैचर लगाने की सही दिशा**

ड्रीम कैचर को कमरे में कहीं भी नहीं लगाना चाहिए। इसे खास तौर पर बेडरूम की दक्षिण पश्चिम दिशा में लगाना सबसे बेहतर रहता है। कोशिश करें कि इसे दीवार पर लगाएं, और ऐसी जगह हो जहां इसके नीचे से कोई न गुज़रे। इसे खुले में टांगना या पंखे के नीचे लगाना भी ठीक नहीं माना जाता।

**धीरे धीरे हिलना है ठीक, तेज हवा में झूलना नहीं**

अगर ड्रीम कैचर हल्की हवा में धीरे धीरे हिल रहा हो, तो यह सही है। लेकिन अगर वह बार बार तेज़ हवा में जोर जोर से झूल रहा हो, तो यह घर की शांति को प्रभावित कर सकता है। इसलिए ऐसी जगह चुनें जहां बहुत तेज़ हवा न हो।


**कहां न लगाएं ड्रीम कैचर**

कुछ खास जगहें ऐसी होती हैं जहां ड्रीम कैचर लगाना उचित नहीं माना जाता। जैसे कि इसे कभी भी बेड के ठीक सामने या सिरहाने के ऊपर नहीं लगाना चाहिए। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई की जगह जैसे स्टडी टेबल के पास भी इसे न लगाएं। इससे पढ़ाई में ध्यान भटक सकता है।

**बालकनी भी है एक अच्छा विकल्प**

अगर आप चाहें, तो ड्रीम कैचर को बालकनी में भी लगा सकते हैं। यह वहां भी अच्छा असर डालता है और दिखने में भी सुंदर लगता है। बालकनी में हल्की हल्की हवा में हिलता ड्रीम कैचर देखने में भी अच्छा लगता है और घर की पॉजिटिव एनर्जी को बनाए रखने में मदद करता है।

# पति के लिए किसी वरदान से कम नहीं होती ऐसी पत्नी



भारत के महान अर्थशास्त्री और नीति शास्त्री आचार्य चाणक्य की चाणक्य नीतियां व्यक्ति को सफलता का मार्ग दिखाती हैं। राजनीति के साथ समाज के हर पहलू पर उनकी गहरी समझ ने लोगों को जीवन जीने का तरीका और सफलता का सूत्र दिया है। आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में सफलता, विवाह और स्त्रियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें बताई हैं। उनके अनुसार शादी सोच-समझकर करनी चाहिए। चाणक्य के मुताबिक, एक सच्ची पत्नी चरित्रवान, धार्मिक और वफादार होती है। वहीं बेवफा पत्नी, मूर्ख नौकर और धोखेबाज दोस्त जीवन में विनाश ला सकते हैं।

शादी के फैसले को बहुत सोच-समझकर लेना चाहिए। जल्दबाज़ी में लिया गया फैसला जिंदगी बर्बाद कर सकता है। शादी ऐसे घर में करनी चाहिए जो आपके बराबर हो। अगर लड़की का खानदान खास न हो, लेकिन वो खुद अच्छी हो तो शादी की जा सकती है। लेकिन अगर लड़की सुंदर है मगर उसका परिवार अच्छा नहीं है, तो उससे शादी नहीं करनी चाहिए।

औरतें बाहर से नाजुक दिखती हैं, लेकिन उनमें मर्दों से चार गुना ज़्यादा साहस, छह गुना हिम्मत और आठ गुना ज़्यादा इच्छा शक्ति होती है।

सच्ची पत्नी वही होती है जो चरित्रवान, समझदार, धर्मपरायण और मीठा बोलने वाली हो, जो अपने पति के प्रति सच्ची और वफादार हो। ऐसी पत्नी किसी वरदान से कम नहीं होती।

बुरी बीवी, धोखेबाज़ दोस्त, बेवकूफ नौकर और सांपों से भरे घर में रहना- ये चारों मौत को बुलावा देते हैं। ऐसी स्थिति में हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए, वरना मुसीबत आने में वक्त नहीं लगता है।

हमें आग, पानी, मूर्ख, सांप और राजपरिवार के लोगों से हमेशा सावधानी से व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि ये जब मौका मिलता है तब जान का खतरा बना सकते हैं।

नदी, हथियारधारी पुरुष, नुकीले पंजों या सींगों वाले जानवर और राजा- इन पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

चाणक्य के अनुसार, जिन लोगों की सोच और आदतें गलत हैं, उनके साथ समय बिताने से हमारी तरक्की रुक सकती है। इसलिए हमेशा ऐसे लोगों के साथ रहें जो ईमानदार, समझदार और मेहनती हों। ऐसी संगति से ही आगे बढ़ना आसान होता है।

चाणक्य के अनुसार, घर का मुखिया समझदार और जिम्मेदार होना चाहिए। उसे सिर्फ ज़रूरी चीजों पर ही खर्च करना चाहिए और घर के बाकी सदस्यों को भी बेवजह खर्च से रोकना चाहिए। ऐसा करने से घर में तरक्की होती है और भविष्य के लिए धन बचाया जा सकता है।

# आक का पौधा घर में लगाएं या नहीं?



हमारे घर में लगाए जाने वाले हर पौधे का कोई न कोई महत्व होता है। कुछ पौधे घर में खुशहाली और शांति लाते हैं, तो कुछ को घर में लगाने की मनाही होती है। ऐसा ही एक पौधा है "आक", जिसे कुछ जगहों पर "मदार" भी कहा जाता है। यह पौधा खासकर भगवान शिव की पूजा में चढ़ाया जाता है, लेकिन इसे घर में लगाने को लेकर लोगों में काफी भ्रम होता है

धार्मिक नजरिए से आक का पौधा

आक का पौधा शिवजी से जुड़ा हुआ है। शिवलिंग पर इसके फूल और पत्ते चढ़ाए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे शिवजी प्रसन्न होते हैं और घर में शुभ फल आते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पौधा पवित्र होता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसे घर में कहीं भी लगाया जा सकता है।

**वास्तु के अनुसार आक का पौधा**

वास्तु में आक के पौधे को लेकर साफ राय दी गई है। इसमें सफेद और जंगली दो प्रकार के आक होते हैं। सफेद आक को शुभ माना जाता है, लेकिन जंगली आक को घर में लगाना सही नहीं माना गया है। जंगली आक में जहरीला रस निकलता है, जो शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है।

वास्तु मान्यताओं के अनुसार, जंगली आक से नकारात्मक ऊर्जा निकलती है। यह घर के वातावरण को अशांत कर सकता है और परिवार में झगड़े बढ़ा सकता है। इसके अलावा, यह दरिद्रता और बीमारी को बढ़ावा देने वाला माना गया है। इसलिए इस पौधे को घर के भीतर या मुख्य दरवाजे के पास नहीं लगाना चाहिए।


**अगर आक का पौधा अपने आप उग जाए तो क्या करें?**

कई बार आक का पौधा बिना लगाए अपने आप घर के किसी कोने में उग आता है। ऐसी स्थिति में इसे तुरंत उखाड़कर फेंकने की जरूरत नहीं होती। आप इसे सही तरीके से, मंत्रोच्चारण करके किसी उपयुक्त स्थान पर लगा सकते हैं। इससे इसके दुष्प्रभाव कम हो सकते हैं।

**आक का पौधा कहां लगाना ठीक है?**

अगर आप आक के पौधे का धार्मिक कार्यों में उपयोग करते हैं, तो इसे मंदिर के पास या घर के बाहर किसी एकांत स्थान पर लगाया जा सकता है। इससे नकारात्मक असर से बचा जा सकता है और धार्मिक लाभ भी प्राप्त होता है। पूजा के समय इसके फूल और पत्ते शिवलिंग पर चढ़ाएं, लेकिन पौधे को घर के मुख्य हिस्से में न रखें।

# घर के 4 दिशाओं में कर दें ये काम, सभी दिशाओं से आने लगेगा पैसा!



भौतिक जीवन में धन का विशेष महत्व है क्योंकि यह दैनिक जरूरतों, सुख, सुविधाओं की पूर्ति का एक साधन है। जिसके पास धन नहीं है, उसके पास दरिद्रता होगी, उसकी उन्नति नहीं होगी। माता लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए लोग कई प्रकार के उपाय करते हैं, ताकि उनके पास भी धन आए। उसकी तिजोरी धन से भरी रहे यदि आपको अथाह धन-संपत्ति चाहिए, आपको अखंड लक्ष्मी चिरकाल के लिए मिले तो आपको 4 दिशाओं के चार उपाय करने चाहिए।

**चांदी के गिलास का उपाय:** आप अपने घर के ईशान कोण यानि उत्तर और पूर्व दिशा के कोण में चांदी का एक गिलास रखें। उस चांदी के गिलास में चावल भरकर रख दें।

**माता लक्ष्मी की मूर्ति का उपाय:** अपने घर के दक्षिण पूर्व कोण यानि अग्नेय कोण में माता लक्ष्मी की एक फोटो लगा दें। इस फोटो में माता लक्ष्मी धन की वर्षा करते हुए बैठी हुई मुद्रा में हो। यह स्थिर लक्ष्मी का प्रतीक मानते हैं।

**लौंग-इलायची का उपाय:** इसके बाद आप अपने घर के उत्तर पश्चिम कोण यानि वायव्य कोण में लौंग, इलायची, दालचीनी और जायफल रखें। जायफल को तोड़कर रखना है। इलायची को छीलकर रखना है, ताकि उसके बीज दिखाई दें।

**मोरपंख का उपाय:** अब आपको चौथा उपाय करना है घर के दक्षिण पश्चिम कोण यानि नैऋत्य कोण में। नैऋत्य कोण में आपको मोरपंख लगाना है। ये 4 उपाय कर देने से आपके पास अथाह धन और संपत्ति आएगी। आप पर माता लक्ष्मी की कृपा होगी और चारों दिशाओं से आने लगेगा पैसा।

**धन पाने के लिए इष्ट देव का उपाय**

ज्योतिषाचार्य केशव दत्त शर्मा बताते हैं कि आपको धन चाहिए तो आप अपने इष्ट देव से भी प्राप्त कर सकते हैं। जब आप अपने इष्ट देव के मंदिर में जाएं या घर पर ही इष्ट देव के सामने आसन लगाकर बैठ जाएं। फिर पूजा पाठ, ध्यान आदि के बाद आप अपने इष्ट देव से कहो कि हे प्रभु!

आप मेरा कल्याण करें। आप अपनी अनुग्रह शक्ति, अपनी तिरोधान शक्ति, अपनी क्रिया शक्ति, अपनी ज्ञान शक्ति और अपनी इच्छाशक्ति से मेरा कल्याण करें। यदि आप लगातार ऐसा करेंगे, तो आपके पंच महाभूत ही आपको धन देना प्रारंभ कर देंगे।

जब से आप यह बोलना शुरू कर देंगे, उसके 41 दिनों के अंदर बदलाव दिखने शुरू हो जाएंगे।

**वर-वधू लक्ष्मी और नारायण का रूप होते हैं**

इन दिनों विवाह समारोहों में एक अलग ही दृश्य देखने को मिल रहा है। यदि आप समारोह में जाएं तो प्रश्न खड़ा होता है किसे दें आशीर्वाद। रिसेप्शन में जो समय लिखा है, उस पर वर और वधू के पते ही नहीं होते। घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है उनको आशीर्वाद देने के लिए। जिनके परिवारों में विवाह हो रहा है, और खासतौर पर नई पीढ़ी इस पर विचार करे कि जल्दी सोने-उठने वाली पीढ़ी का यह लास्ट बैच है। समारोह में जो अधिकांश लोग आते हैं वे या तो वृद्ध हैं या प्रौढ़ हैं, जिन्हें समय पर जाकर सोना है।परिवार के लोग कहते हैं इसके पहले का कार्यक्रम विलंब से हुआ, इसलिए रिसेप्शन में दूल्हा-दुल्हन देर से आएंगे। यह तर्क भी दिया जाता है कि नई पीढ़ी के बच्चे कह रहे हैं बरात में समय लगेगा। श्रृंगार में भी जितना समय लेना है लेंगे। मेहमानों से हमें क्या लेना-देना? इस पीढ़ी को कौन समझाएगा कि हमारी संस्कृति में वर और वधू, लक्ष्मी और नारायण का रूप होते हैं।

# ‘हमें खतरा नहीं है हम खुद खतरा हैं’ कंगना रनौत ने सेना के जवानों को दी दुआएं

‘ऑपरेशन सिंदूर’ पर कंगना रनौत ने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था और अब उनका बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने सेना के जवानों की तारीफ करते हुए उनकी सलामती की दुआ की है। भारत की पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के बारे में बात कर रही हैं।

वीडियो में भाजपा सांसद कंगना कह रही हैं, “देश युद्ध की स्थिति में है और हम सभी घबराए हुए हैं। हमारी जो सेना है, मैंने आज भी एक नोट इंस्टाग्राम पर डाला, जो हमारी रक्षा करते हैं, भगवान उनकी रक्षा करें और उन्हें



बहुत ज्यादा कामयाबी दें।”

कंगना ने आगे कहा, “हम सब प्रार्थना कर रहे हैं कि हमारा देश हर खतरे से दूर रहे। तो जैसे कहते हैं ना, हमें खतरा नहीं हम खुद खतरा हैं। सुरक्षा बल हमारी रक्षा करते हैं, भगवान उनकी रक्षा करेंपीएम मोदी ने इस ऑपरेशन का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा है। हमारी माताओं और बेटियों को देखते ही उनके पतियों को गोलियों से भून दिया गयाउन मौतों का बदला लिया जा रहा है।”

**ऑपरेशन सिंदूर को ट्रोल करने वालों पर भड़कीं ‘गोपी बहू’ देवोलीना भट्टाचार्जी**

बता दें कि इससे पहले कंगना ने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर भी इस ऑपरेशन को लेकर पोस्ट किया था। जिसमें कंगना ने कहा था कि आतंक नहीं सहा जाएगा। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें पहलगाम में हुई हत्याओं के बाद का हाल, पीएम मोदी का भाषण जिसमें वो कह रहे हैं, ‘आतंकियों की बची कुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।’ इसके बाद वीडियो में ऑपरेशन सिंदूर का मंजर दिखाया गया है। इस वीडियो के कैप्शन में कंगना ने लिखा था, “ऑपरेशन सिंदूरः आतंक के प्रति शून्य सहिष्णुता। भारतीय सशस्त्र बलों ने एक सटीक मिशन, ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया; पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में 9 आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया गया।”

# भारतीय सेलेब्स को ट्रोल करने वालों को जान्हवी का करारा जवाब, कहा- हमारी ड्रेस सबसे शानदार थी

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने उन नेटिजन्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जो ‘मेट गाला’ में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए भारतीय सेलेब्स को ट्रोल कर रहे थे। ‘मेट गाला 2025’ में शाहरुख खान, कियारा आडवाणी, दिलजीत दोसांझ, प्रियंका चोपड़ा और कई अन्य सेलेब्स शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद इंटरनेट पर कुछ लोगों ने इसे मेट का चांदीवेलिफिकेशन (चांदीकरण) कहा।

**जान्हवी कपूर ने ट्रोलर्स की आलोचना की**

मशहूर फैशन समीक्षक डाइट सब्या ने अपने पोस्ट में इस तरह के कमेंट पर सवाल उठाए। इस मुद्दे पर जान्हवी कपूर ने भी अपनी राय रखते हुए भारतीय सेलेब्स की उपस्थिति पर सवाल उठाने वालों की आलोचना की।

जान्हवी ने कमेंट करते हुए लिखा, ‘यह सही समय था। हमारे आर्टिस्ट और डिजाइनर दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं, वह मेट जैसे वैश्विक मंच पर सुर्खियों के हकदार हैं। हमारे आइकन भी हैं।

**जान्हवी कपूर ने जताया गर्व**



अभिनेत्री ने आगे कहा, ‘क्या हमें इस बात पर खुश नहीं होना चाहिए कि हमें आखिरकार अपना हक मिल रहा है, बजाय इसके कि हम इस बात पर दुखी हों कि इस मंच पर अपने ही लोगों को देखकर यह थोड़ा कम महत्वाकांक्षी लग रहा है? क्या मैं कह सकती हूं कि हमारी ड्रेस सबसे शानदार थी। दशकों से हमारे आर्टिस्ट के काम को हमारे देश से निर्यात किया जाता रहा है और बिना किसी क्रेडिट के वैश्विक मंचों पर रखा जाता रहा है। दशकों से उन्होंने हमारे कपड़े, हमारी कढ़ाई, हमारे वस्त्र, हमारे आभूषण उधार लिए हैं और इसे एक ऐसी रचना के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसके वे असली मालिक हैं। मुझे खुशी है कि हमारे लोगों को आखिरकार हमारे काम और विरासत का इतना प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। कुछ भी हो मेट में हमारे कलाकारों और परिधानों को देखकर मुझे जो गर्व की अनुभूति हुई, उसने पूरे मेट को और भी जादुई बना दिया।’ यूजर्स ने जान्हवी कपूर के इंडस्ट्री के लिए खड़े होने की सराहना की।

**ये भारतीय ‘मेट गाला 2025’ में शामिल हुए**

शाहरुख खान समेत कई सितारों शिरकत की। कियारा आडवाणी ने इस कार्यक्रम में अपना बेबी बंप दिखाते हुए अपनी चमक बिखेरी। ऐसा करने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं।

दिलजीत दोसांझ ने आइवरी महाराजा लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा जोनास पांचवीं बार मेट में शामिल हुईं, ईशा अंबानी, मनीष मल्होत्रा, सब्यसाची मुखर्जी, मोना पटेल और अन्य लोगों ने भी ‘मेट गाला 2025’ में शिरकत की।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बोले भोजपुरी स्टार रवि किशन, कहा- ‘घर में घुसकर मारा है’

पहलगाम आतंकी हमला 22 अप्रैल, 2025 को हुआ। इस घटना में 26 लोगों ने अपनी जान गवां दी, जिसके बाद लोगों में गुस्सा और गम था। लोग मोदी सरकार से लगातार इस हमले के बदले जवाबी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मोदी सरकार ने भी बिहार दौरे के दौरान बदले की बात कही थी और कहा कि इस बार उनकी रूह भी कांप उठेगी। ऐसे में अब 7 अप्रैल, 2025 को तड़के ही भारतीय एयरफोर्स ने पाकिस्तानी में आतंकियों के 9 ठिकानों को निशाना बनाया और सभी को नेस्तनाबूद कर दिया। वहीं, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तानी के एफ-16 फाइटर जेट को भी मार गिराया। ऐसे में इस पर आम लोगों से लेकर सेलेब्स तक मोदी सरकार और इंडियन फोर्स की तारीफ कर रहे हैं। इसी बीच भोजपुरी स्टार रवि किशन ने पाक को तेवर दिखाए हैं।



भोजपुरी सिनेमा के स्टार और बीजेपी से गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक्स पर पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में उन्होंने अपने तेवर दिखाए हैं और लिखा, ‘घर में घुसकर मारा है, कब्र तुम्हारी खोदी है, भारत की गद्दी पर बैठा, बाप तुम्हारा मोदी है।’ उनकी ये पोस्ट सामने आने के बाद लोग सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ कर रहे हैं और एक्टर की पोस्ट पर सहमति जता रहे हैं। एक शख्स ने उनकी पोस्ट पर लिखा, ‘अब आया बेचैन दिल को करार।’

**रवि किशन ने शेयर की एक और पोस्ट**

इसके साथ ही भोजपुरी स्टार रवि किशन ने एक्स अकाउंट पर एक और पोस्ट शेयर की है। उन्होंने में नारी शक्ति की बात की है। उनकी इस पोस्ट में सेना की दो महिला अधिकारी विंग कमांडर व्योमिका सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी नजर आ रही हैं। रवि ने इन दोनों महिला अफसरों की फोटो को शेयर कर लिखा, ‘ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी नारी शक्ति ने दी। सिंदूर कि ताक़त भारत की महिला अधिकारियों ने बताई।’

**मनोज तिवारी ने भी दिया रिएक्शन**

इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर पर भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी ने भी अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के सबूत दिखाए हैं। मनोज ने 9 सबूत सोशल मीडिया पर पेश किए हैं और कैप्शन में लिखा, ‘पूछना ग़ह था इतने सबूत काफी हैंया और वीडियो चाहिए.।’ उन्होंने एक और पोस्ट शेयर की है। इसमें लिखा, ’22 अप्रैल- मोदी को बता देना? 7 मई- मोदी ने बता दिया।’ भोजपुरी स्टार और बीजेपी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर के वीडियोज शेयर किए हैं।

# करण जौहर ने सुहाना खान को लेकर किया दिलचस्प खुलासा, 'किंग' को लेकर कही खास बात





फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर हमेशा से ही नए टैलेंट को अपनी फिल्मों में मौका देते आए हैं, लेकिन इस बात करण अपनी फिल्म की एक्ट्रेस को लेकर नहीं बल्कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के टैलेंट की तारीफ करते नजर आए। बातों ही बातों में करण ने फिल्म 'किंग' से एक खास बात से भी पर्दा उठा दिया।

**करण ने की सुहाना की तारीफ**

एक खबर के मुताबिक, करण जौहर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुहाना खान की तारीफ की, जो जल्द ही फिल्म किंग से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं। करण ने राज शमनी के पॉडकास्ट में कहा कि सुहाना बहुत प्रतिभाशाली हैं और उनका अभिनय देखने लायक होगा। उन्होंने सुहाना की फिल्में देखी हैं और उनके काम से प्रभावित हैं। करण ने यह भी कहा कि उनकी तारीफ खान परिवार से रिश्ते की वजह से नहीं, बल्कि सुहाना की मेहनत और प्रतिभा के कारण है।

**फिल्म किंग को लेकर किया खुलासा**

करण का मानना है कि सुहाना की असली प्रतिभा किंग में सबके सामने आएगी। फिल्म किंग का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिसमें सुहाना के साथ उनके पिता शाहरुख खान और अभिषेक बच्चन भी नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहरुख एक डॉन की भूमिका में होंगे, जो सुहाना का गुरु बनेगा। सुहाना इससे पहले नेटफ्लिक्स की फिल्म द आर्चीज में नजर आ चुकी हैं, जो एक म्यूजिकल फिल्म थी।

## फवाद खान ना घर के ना घाट के, भारत के खिलाफ उगला जहर; एक्टर की इस बात से नाराज पाकिस्तानी

पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान की हालत धोबी के कुत्ते की तरह हो गई है। वह ना घर के रह गए हैं ना घाट के। भारत में बैन होने के बाद अब उन्हें अपने मुल्क में भी प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, भारत के हवाई हमलों में मारे गए आतंकियों के लिए फवाद खान ने शोक जताया। इसके बाद से पाकिस्तानी प्रशंसकों में आक्रोश पैदा हो गया और उन्होंने अभिनेता की कड़ी आलोचना की। जानते हैं उन्होंने ऐसा क्यों किया?

**बिलबिलाए फवाद ने क्या लिखा?**

अभिनेता फवाद खान ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुए हमले के बाद इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। उनका पोस्ट सोशल



मीडिया पर वायरल होने लगा। अभिनेता ने लिखा, ‘इस शर्मनाक हमले में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं मृतकों की आत्मा की शांति और आने वाले दिनों में उनके प्रियजनों के लिए शक्ति की प्रार्थना करता हूं। सभी से एक सम्मानजनक अनुरोधः भड़काऊ शब्दों से आग को भड़काना बंद करें। यह निर्दोष लोगों की जान के लायक नहीं है। बेहतर समझ की जीत हो।’

**फवाद खान ने डिलीट की पोस्ट**

कई भारतीय फिल्मों में काम कर चुके फवाद खान ने भारत द्वारा आतंकियों पर किए गए एयर स्ट्राइक पर जहर उगलने से बाज नहीं आए, लेकिन उनके अपने ही देश के लोगों ने उनकी आलोचना शुरू कर दी। फवाद का इंस्टाग्राम हैंडल भारत में ब्लॉक कर दिया गया है, लेकिन पोस्ट का स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि इसके लिए उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने अपनी पोस्ट को हटा दिया।

**पाकिस्तानी यूजर्स ने क्या लिखा?**

फवाद खान की पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, ‘उन्होंने भारत का उल्लेख कहां किया है?’ एक यूजर ने लिखा, ‘तुम जाओ वहां पर फिल्म करो। शर्म आनी चाहिए।’ एक ने लिखा, ‘मुझे आपकी संवेदना की जरूरत नहीं है।’ एक और ने लिखा, ‘अब समय आ गया है कि हमारी इंडस्ट्री को उनका बहिष्कार करना चाहिए!’

# मॉडलिंग से शुरुआत फिर हॉलीवुड तक भरी उड़ान

## जैकी चेन की फिल्म में काम कर चुकी हैं अमायरा दस्तूर



अभिनेत्री अमायरा उन सितारों में शामिल हैं, जिन्होंने बिना किसी गॉड फादर के इंडस्ट्री में जगह बनाई। वे फिल्मी बैकग्राउंड से ताल्लुक नहीं रखती हैं। मगर, काम उन्होंने साउथ से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड तक किया है। अमायरा दस्तूर ने मॉडलिंग के अपने करियर की शुरुआत की थी।

**16 की उम्र में शुरू कर दिया करियर**

अमायरा का जन्म 07 मई 1993 को मुंबई में हुआ। उन्होंने 16 साल की उम्र से ग्लैमर वर्ल्ड में काम शुरू कर दिया। अमायरा ने धीरूभाई इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की। स्कूली दिनों में ही उन्होंने मॉडलिंग शुरू कर दी। मॉडलिंग में नाम कमाने के बाद अमायरा ने एक्टिंग में कदम रखने का सपना देखना शुरू कर दिया था।

**जैकी चेन की फिल्म का बनी हिस्सा**

साल 2013 में अमायरा ने इश्क फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, अमायरा की डेब्यू फिल्म फ्लॉप रही थी। इस फिल्म में अमायरा ने प्रतीक बब्बर के साथ काम किया है। डेब्यू फिल्म ही बेअसर रहने के बाद अमायरा ने और मेहनत और लगन से काम किया। लेकिन अमायरा की लगन के कारण ही उन्हें 2017 में अमायरा ने जैकी चेन की फिल्म 'कुंग फू योगा' मिली।

**ओटीटी पर भी दर्ज कराई उपस्थिति**

अमायरा बॉलीवुड में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकी हैं, इसके साथ ही वे साउथ फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने तमिल और तेलुगु फिल्मों के अलावा पंजाबी फिल्मों में भी काम किया है। अमायरा ने मिस्टर एक्स में एक्टर इमरान हाशमी के साथ काम किया। अमायरा ओटीटी की दुनिया में भी उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। वे तांडव और मुंबई मेरी जान जैसे शो का हिस्सा रही हैं।

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने दिखाया असली रंग हिंदुस्तान की स्ट्राइक से बौखलाकर कही ऐसी बात

15 दिन पहले पाकिस्तान के आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर आतंकी हमला किया था, जिसमें 26 भारतीय मासूमों की जान चली गई थी। अब भारत ने जवाबी कार्रवाई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है, इस ऑपरेशन की सराहना पूरा देश कर रहा है। इसी बीच पाकिस्तानियों को यह घटना रास नहीं आ रही है, जिस कड़ी में पाक एक्ट्रेस माहिरा खान का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने भारत के खिलाफ अपना जहर उगला है।

**बिना किसी सबूत के पाकिस्तान को ठहराया गलत**

पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसका स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उनकी नफरत भरी मानसिकता देखी जा सकती है। उन्होंने लिखा कि वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे देश में रहती हैं, जहां उन्हें अपनी बात



कहने के लिए रोका नहीं जाता। आगे उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बिना सबूत के गलत ठहराया जाता है। इसके अलावा उन्हें भारत द्वारा की गई यह कार्रवाई पसंद नहीं आई, इसकी एक्ट्रेस ने निंदा की है।

**भारत नफरत की बात करता है**

अभिनेत्री माहिरा खान नफरत के जहर में इस कदर डूबी हुईं हैं कि वो इतने पर भी नहीं रुकी। उन्होंने आगे अपनी स्टोरी में लिखा कि भारत देश सालों से नफरत और युद्ध की बातें करता रहा है, जिसे उन्होंने अपनी आंखों से देखा है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने कहा कि भारत की मीडिया बांटने का काम करती है। साथ ही उन्होंने जहर उगलते हुए कहा कि भारत की सबसे शक्तिशाली आवाज हमेशा नरसंहार और युद्ध के वक्त चुप रहती है, जो दिखाती है कि वो कानून के कारण नहीं बल्कि डर से चुप हैं। ये भारत की जीत नहीं, बल्कि सबसे बड़ी हार है।

**एक्ट्रेस ने कहा- शर्म आनी चाहिए**

माहिरा खान इस तरह बिलबिलाई हुईं हैं कि उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है कि वो क्या बोल रही हैं। अभिनेत्री ने कहा कि भारत आधी रात को शहर पर हमला करता है और कहता है कि वह जीत गया, शर्म आनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पाकिस्तान उकसावे में ना आए और शांति बनी रहे।

**अल्लाह हमारे देश की रक्षा करे- माहिरा खान**

पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान का भी भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर गुस्सा फूटता हुआ नजर आया. माहिरा ने अपनी भड़ास निकालते हुए अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा, “गंभीर रूप से कायरतापूर्ण. अल्लाह हमारे देश की रक्षा करे, सदबुद्धि आए. आमीन.” जब पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था तब 25 भारतीय मासूमों की जान चली गई थी. तभी ये भारत के नागरिकों के अंदर काफी आक्रोश था.




# पतली है आइब्रो तो घना करने के लिए अपनाएं ये घरेलू टिप्स



आइब्रो को लेकर लड़कियां अक्सर परेशान रहती है क्योंकि अगर ये पतली हो तो इसका असर चेहरे की खूबसूरती पर पड़ता है। इस वजह से घनी आइब्रो को पसंद किया जाता है। हालाँकि अगर आपकी भौंहें घनी नहीं है तो इसके लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों को आजमा सकती हैं।

नारियल का तेल लगाएं- नारियल तेल के फायदों के बारे में हम सभी जानते हैं। जी दरअसल यह बालों संबंधी कई समस्याओं से लड़ने में मदद करता है। उसी तरह अगर आपकी आईब्रो पतली हैं तो आप नारियल का तेल लगा सकती हैं।

आप घनी भौंहों के लिए नारियल का तेल लगा सकती है क्योंकि इसमें विटामिन ई पाया जाता है, जो बालों के विकास को प्रोत्साहित करता है।

कैसे करें इस्तेमाल- रूई को नारियल के तेल में भिगो लें। इसके बाद आईब्रो पर तेल को अच्छे से लगा लें। अब नारियल के तेल को रातभर आईब्रो पर लगा रहने दें। उसके बाद अगली सुबह फेश वॉश से अपना चेहरा साफ कर लें।

कैस्टर ऑयल से मिलेगा फायदा- सबसे पहले त्वचा को साफ पानी से क्लीन कर लें। अब इसके बाद उगंली पर थोड़ा सा कैस्टर ऑयल डालें।

अब फिंगरटिप की मदद से आईब्रो को मसाज दें। अब कैस्टर ऑयल को आईब्रो पर आधे घंटे से ज्यादा देर तक न लगा रहने दें। इसके बाद इसे मेकअप रिमूवर की मदद से साफ कर लें।

इन बातों का रखे ध्यान-

* आंखों के आस-पास का एरिया बेहद सेंसिटिव होता है। तेल को आंखों के अंदर न जाने दें।

* अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो किसी भी चीज को लगाने से पहले पैच टेस्ट करना न भूलें।

# दोस्त बनाया है तो अच्छा या बुरा है?



आपने अभी-अभी जिसको दोस्त बनाया है उसका व्यवहार और आदतें बहुत कुछ कह देती हैं। अगर किसी दोस्त के साथ वक़्त बिताने के बाद आप मानसिक रूप से थक जाते हैं या मन ख़राब हो जाता है तो शायद आपको उस दोस्ती का पुनर्मूल्यांकन कर लेना चाहिए।

एक बुरा दोस्त शुरुआत में अत्यंत भरोसेमंद और अच्छा होने का दिखावा कर सकता है, लेकिन समय-समय पर उसकी ईर्ष्या और स्वार्थ दिखाई दे जाते हैं, इसलिए उसके व्यवहार पर ध्यान देना ज़रूरी है।

अपना सारा काम आपसे करवा लेता है, लेकिन जब बात आपकी होती है तो तरह-तरह के बहाने दे सकता है।

आपकी सफलता से जलन का अहसास होगा।

आपके सामने आपकी तारीफ़ करेगा लेकिन पीठ पीछे बुराई करेगा।

आपकी उदासी और परेशानी नज़रअंदाज़ कर सकता है।

बार-बार मज़ाक़ के बहाने आपका अपमान कर सकता है।

आपको बदलने और नियंत्रित करने की कोशिश करेगा। आपके फैसले ख़ुद कर लेगा।

झूठ बोलने के लिए उकसा सकता है।

अस्वीकृत और असुरक्षित महसूस करा सकता है।

अपनी ग़लती मानने से इनकार कर देता है और वही ग़लती बार-बार दोहराता रहता है।

आपकी उपलब्धियों को छोटा दिखाता है और आपकी बात रोककर अपनी बात करता है।

# दांत के कीड़ों को जड़ से हटाने के लिए अपनाएं ये उपाय

दांतों में कीड़े लगना या कैविटी होना एक आम समस्या है, जिससे बहुत से लोग परेशान रहते हैं। खराब खानपान और नियमित रूप से दांतों की ठीक से सफाई न करना इसके सबसे प्रमुख कारण होते हैं। दांतों में कैविटी न सिर्फ दर्द और संवेदनशीलता का कारण बनती है, बल्कि अगर समय पर ध्यान न दिया जाए, तो दांतों को बड़ा नुकसान भी पहुंचा सकती है। भारतीय दंत चिकित्सा संगठन के अनुसार, भारत में बहुत से लोग दांतों की समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनमें कैविटी प्रमुख है। हालांकि, शुरुआती अवस्था में या हल्के लक्षणों में आप कुछ घरेलू उपाय अपनाकर इस समस्या से राहत पा सकते हैं। सरसों का तेल, फिटकरी, लौंग का तेल और हींग जैसे चार घरेलू नुस्खे दांतों की समस्या से राहत दिलाने या शुरुआती अवस्था में मदद करने में सहायक हो सकते हैं। आइए इन उपायों को विस्तार से जानते हैं।



**सरसों का तेल और नमक का पेस्ट**

सरसों का तेल अपने एंटी बैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है, और नमक में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं। एक चम्मच सरसों के तेल में चुटकी भर नमक मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट से कैविटी वाली जगह पर 2-3 मिनट तक हल्के हाथों से ब्रश करें और फिर गुनगुने पानी से कुल्ला करें। यह उपाय बैक्टीरिया को मारता है और दर्द से राहत देता है। इसे दिन में दो बार, सुबह और रात को करने से आपको कुछ ही दिनों में फायदे देखने को मिल सकता है।

**फिटकरी और सेंधा नमक का पाउडर**

फिटकरी और सेंधा नमक दोनों ही नेचुरल एंटीसेप्टिक हैं, जो मुंह के बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद कर सकते हैं। एक चम्मच फिटकरी पाउडर को आधा चम्मच सेंधा नमक के साथ मिलाएं। इस मिश्रण को उंगली या टूथब्रश की मदद से कैविटी वाली जगह पर लगाएं और 1-2 मिनट बाद कुल्ला करें। यह उपाय कैविटी के कारण होने वाली सूजन और दर्द को कम करता है। हफ्ते में 3-4 बार इसका उपयोग करें।

**लौंग का तेल**

लौंग का तेल अपने दर्द निवारक और एंटी बैक्टीरियल गुणों के लिए मशहूर है। लौंग का तेल कैविटी के दर्द से तुरंत आराम दिलाने में मदद कर सकता है। एक रुई के टुकड़े पर 2-3 बूंद लौंग का तेल लगाएं और इसे दांत पर 5-10 मिनट तक रखें। इसके बाद गुनगुने पानी से कुल्ला करें। दिन में 2-3 बार यह उपाय करने से कीड़े और दर्द से राहत मिल सकती है।

**हींग का उबला पानी**

हींग में एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो मुंह के बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं। एक गिलास पानी में आधा चम्मच हींग पाउडर डालकर 5 मिनट तक उबालें। ठंडा होने पर इस पानी से दिन में 2-3 बार कुल्ला करें। यह उपाय कैविटी के कारण होने वाली सूजन को कम करता है और बैक्टीरिया को जड़ से हटाने मदद करता है।

# चटपटा आम पापड़

गर्मी का मौसम आते ही बाजारों में आम की बहार आ जाती है। अधिकतर लोगों को आम पसंद होता है। इस मौसमी फल का अधिक से अधिक स्वाद लेने के लिए लोग आम और आम से बने तरह तरह के पकवान का स्वाद लेते हैं। लंबे समय तक आम को स्टोर करने के लिए इससे आम का अचार, अमावट या मैंगो कैंडी आदि बनाकर रख लिया जाता है। अमावट जिसे आम पापड़ भी कहते हैं, का स्वाद बच्चों से लेकर बड़ों तक को पसंद आ जाता है। आम पापड़ उत्तर प्रदेश और बिहार में मुख्य तौर पर गर्मियों में चटकारे लेकर खाया जाने वाला व्यंजन है।



यह पाचन के लिए फायदेमंद होता है, क्योंकि यह कच्चे आम से बना होता है। आम में प्रोटीज, एमाइलेज और लाइपेज जैसे पाचक एंजाइम पाए जाते हैं। वैसे तो बाजार में तरह तरह के स्वाद वाले आम पापड़ मिल जाते हैं लेकिन अगर आप घर पर ही बाजार जैसे आम पापड़ बनाना चाहते हैं तो इसकी विधि बेहद आसान है। आइए जानते हैं गर्मियों में घर पर आम पापड़ कैसे बनाए जा सकते हैं।

**आम पापड़ के लिए सामग्री**

पांच से छह कच्चे आम
कुटी हुई लाल मिर्च
काली मिर्च
चाट मसाला
नमक
चीनी
काला नमक
घी

**आम पापड़ बनाने की विधि**

स्टेप 1- सबसे पहले कच्चे हरे आमों को धुलकर छील लें और गुठली निकालकर आम को छोटे -छोटे टुकड़ों में काट लें।

स्टेप 2- फिर एक पैन या कढ़ाई में पानी गर्म करें। उसमें थोड़ा सा नमक और कटे हुए आम डालकर अच्छे से उबाल लेंगे।

स्टेप 3- जब आम उबल जाएं तो उसे मिक्सर में ग्राइड कर लें या मैश करके मैंगो पल्प तैयार कर लेंगे।

स्टेप 4- आप चाहें तो इसमें फूड कलर मिला सकते हैं ताकि कच्चे आम का स्वाद देखकर ही लिया जा सके।

स्टेप 5- एक पैन में मैंगो पल्प को धीमी आंच पर पकाते हुए उसमें कुटी लाल मिर्च, चाट मसाला, काली मिर्च और काला नमक मिलाएं। कम मात्रा में चीनी या गुड़ मिलाएं।

स्टेप 6- मिश्रण को तब तक पकाएं जब तक यह गाढ़ा होकर हल्का गाढ़ा जैम जैसा न हो जाए

पापड़ को जमाना

स्टेप 1- मिश्रण को पापड़ की तरह जमाने के लिए एक थाली, ट्रे या प्लास्टिक शीट को हल्का घी लगाकर चिकना कर लें।

स्टेप 2- गाढ़ा पका हुआ मिश्रण उसमें पतली परत में फैला दें।

स्टेप 3- इसे तेज धूप में पांच से छह घंटे के लिए सुखा लें बीच-बीच में पलट लें ताकि अच्छे से पापड़ सूख जाए।

अगर धूप न हो तो ओवन में भी सुखा सकते हैं।

जब पापड़ पूरी तरह सूख जाए और चिपचिपा न रहे तो इसे चाकू से अपनी पसंद के आकार में काट लें। आम पापड़ को लंबे समय तक स्टोर करने के लिए एयरटाइट डिब्बे में रखें। यह महीनों तक खराब नहीं होगा

# खर्चीले बच्चों के लिए खास फॉर्मूला खेल-खेल में बन जाएगा लखपति

**आपके बच्चे** भी खूब खर्चीले हैं? अधिकतर बच्चे बाहर की चीजें खाने की जिद् करते हैं, और माता-पिता को मजबूरी में पूरा करना होता है, मां-बाप चाहकर भी उसकी इस आदत को बदल नहीं पाते. लेकिन अब घबराने की जरूरत नहीं है. आज हम आपको कुछ आसान टिप्स बताएंगे, जिसे फॉलो कर आप बच्चों की फिजूलखर्ची पर लगाम लगा सकते हैं.

दरअसल, हर माता-पिता की इच्छा होती है, उनके बच्चे बेहतर इंसान बनें. केवल अच्छी पढ़ाई-लिखाई से ही बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते. व्यवहारिक ज्ञान भी बेहद जरूरी है. अगर आपके बच्चे भी खर्चीले हैं तो आसानी से उनकी आदत बदल सकते हैं, साथ उन्हें सेविंग के लिए भी प्रेरित कर सकते हैं.

अगर आपका सवाल है कि इतने छोटे बच्चे को आखिर सेविंग से क्या लेना-देना है? एक नजरिये से आपका सोचना बिल्कुल सही है. लेकिन आप जितनी छोटी उम्र से उन्हें बचत का व्यवहारिक ज्ञान देंगे. आगे भविष्य में वो वित्तीय तौर पर फैसले लेने के लिए सक्षम रहेंगे. अगर पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ आप अपने बच्चे से बचत को लेकर बात करेंगे, और अगर वो खेल-खेल में सेविंग शुरू कर देते हैं तो 25 साल की उम्र में अच्छी खासी रकम के मालिक हो जाएंगे. इसका बेहद सरल गणित है. जबकि आमतौर पर 25 साल की उम्र में युवा नौकरी की तलाश में होते हैं या फिर पहली नौकरी से जुड़े होते.



अगर आपका बच्चा 10 साल से कम उम्र की है, तो फिर उनपर बचत को लेकर दबाव बिल्कुल न डालें. लेकिन अगर बच्चा 10 साल से बड़ा है तो फिर उसे धीरे-धीरे बचत के बारे जरूर बताएं, जब वो सेविंग के बारे में गहराई से जानेंगे तभी वो फिजूलखर्च रोकेंगे.

*आप बच्चों को सरल शब्दों में निवेश के बारे में बता सकते हैं. उन्हें बताइए कि आपको रोजाना जो पॉकेटमनी के तौर पर पैसे मिलते हैं, वह महीनेभर में कुल कितने रुपये हो जाते हैं. ताकि उन्हें लगे कि वे हर महीने कितने रुपये खर्च कर रहे हैं.

*आप अपने बच्चों को महीनेभर की पॉकेटमनी एक ही बार में सौंप दें, फिर उनसे पूछें कि आप इनमें कितने रुपये बचा सकते हैं. बचत के चक्कर में वो हर दिन कम खर्च करेंगे. इस कदम से निवेश के प्रति बच्चे का झुकाव बढ़ता जाएगा. इसके लिए बच्चे को गुल्लक खरीद कर दे सकते हैं.

*बच्चे को सीधे ये मत कहें कि तुम ये मत खरीदो, यहां घूमने मत जाओ, बाहर की चीजों को मत खाओ. ऐसे कहने से शायद वो दबाव में आ जाएं और उनपर बुरा असर पड़ सकता है. आजकल तमाम ऐसे वीडियोज हैं, जिसमें बच्चों को खेल-खेल में बचत से जुड़ी जानकारियां दी जाती हैं.

* एक और आसान तरीका है, जिस हर माता-पिता को अपने बच्चों पर आजमाना चाहिए, जब उन्हें लगे कि बच्चा बहुत ज्यादा फिजूलखर्च कर रहा है. ऐसे में माता-पिता को बच्चों से ऐसी चीजें खरीदने के बारे में बात करनी चाहिए, जिसमें बच्चों का ज्यादा लगाव रहता है.

उदाहरण के तौर पर मान लीजिए कि आपके पास कार नहीं है, अगर अगले दो-तीन वर्षों में आप खरीदने की सोच रहे हैं तो उन्हें बताएं आप कार खरीदना चाहते हैं, और इसके लिए सभी को पैसा जमा करना चाहिए. आपका ये कदम बच्चे को बचत के लिए उत्साहित करेगा और वे फिजूलखर्च की बजाय कार खरीदने के लिए पैसे जमा करने लगेंगे.

**5-10 रुपये से बनेगा बड़ा फंड**

अब आइए बताते हैं कि बच्चा कैसे 25 साल का होते ही जेब खर्चे में कटौती कर बड़ी राशि जमा कर लेगा. अगर आपका 10 साल बच्चा है, और वो रोजाना 10 रुपये बचाता है, तो महीने में 300 रुपये हो जाएगा. फिर साल में यही फंड 3600 रुपये का जाएगा. अगर केवल 5 रुपये भी बचाकर गुल्लक में डालता है तो सालभर में 1800 रुपये हो जाएगा.

# लिवर ठीक तरीके से काम कर रहा है या नहीं

**हमारा शरीर** स्वस्थ रहे, बीमारियां दूर रहें इसके लिए आवश्यक है कि हमारा लिवर स्वस्थ हो और ठीक तरीके से काम करता रहे। हालांकि लाइफस्टाइल में गड़बड़ी और अस्वास्थ्यकर आहार के कारण लिवर की सेहत पर गंभीर दुष्प्रभाव देखे जा रहे हैं। इसके अलावा शराब के सेवन को लिवर की सेहत के लिए सबसे गंभीर माना जाता है जिसके कारण कई प्रकार की बीमारियां हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बहुत कम उम्र के लोगों में भी लिवर की बीमारियों का निदान किया जा रहा है, यह निश्चित ही काफी चिंताजनक स्थिति है।

लिवर की बढ़ती की बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सभी लोगों को लिवर की सेहत को लेकर सावधानी बरतनी चाहिए और नियमित अंतराल पर बॉडी चेकअप के माध्यम से इस अंग की स्थिति की निगरानी करते रहना चाहिए। लिवर की कई बीमारियां गंभीर और जानलेवा भी हो सकती हैं।

हम कुछ टेस्ट और कुछ सामान्य सी बातों पर ध्यान देकर भी जान सकते हैं कि हमारा लिवर लिवर ठीक तरीके से काम कर रहा है या नहीं, कैसे? आइए जानते हैं।



**लिवर को स्वस्थ रखने के करें उपाय**

लिवर स्पेशलिस्ट डॉंक्टर बताते हैं, हमारा लिवर समय के साथ कुछ हद तक बीमारियों को खुद ठीक कर सकता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि हम लाइफस्टाइल और आहार का विशेष ध्यान रखें। स्वस्थ जीवनशैली का पालन करना (जिसमें पौष्टिक भोजन करना और नियमित व्यायाम) सभी के लिए आवश्यक है। शराब की आदत लिवर को सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाती है, भले ही आप कम मात्रा में ही क्यों न पी रहे हों।

यदि आपको मधुमेह या हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां हैं तो इसे नियंत्रण में रखना भी लिवर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है।

**स्वस्थ लिवर की पहचान क्या है?**

लिवर के स्वस्थ रहने के मतलब आपका मेटाबॉलिज्म भी ठीक है। इसके आधार पर जाना जा सकता है कि आपका लिवर ठीक तरीके से काम कर रहा है या नहीं। यदि आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं तो इसका मतलब है कि मेटाबॉलिज्म भी ठीक से काम कर रहा है जो स्वस्थ लिवर का संकेत है।

भोजन का पाचन ठीक तरीके से हो जाता है, गैस-एसिडिटी जैसी दिक्कत नहीं हो तो यह भी स्वस्थ लिवर का संकेत है।

लिवर की समस्याओं में सबसे पहले भूख लगना कम हो जाता है। यदि आपको समय पर भूख लगती है और भोजन ठीक से पच जाता है तो यह स्वस्थ संकेत है।

लिवर के सही तरीके से काम करने का संकेत यह भी है कि आपको पिछले 2-3 साल में पीलिया की दिक्कत नहीं हुई है।

**ये जांच भी बताते हैं लिवर की स्थिति**

लिवर की स्थिति का आकलन करने के लिए कुछ प्रकार के जांच भी आपकी मदद कर सकते हैं। लिवर फंक्शन टेस्ट के माध्यम से लिवर की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सीरम टेस्ट भी लिवर फंक्शन का पता लगाने में सहायक है। हमारा लिवर, सीरम एल्ब्यूमिन नामक प्रोटीन बनाता है, इसका स्तर कम होना लिवर और किडनी दोनों की समस्याओं का संकेत हो सकता है।

# डियोड्रेंट से हो सकती है एलर्जी गर्मी में इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें इन बातों को

**हम रोजाना कई सारे** कैमिकल्स के बीच जीते हैं। इनमें से कुछ हमारी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं, तो कुछ को हमने शौक या लग्जरी की वजह से अपना लिया है। इनमें एक बड़ा प्रतिशत है कॉस्मेटिक्स का। डियोड्रेंट का प्रयोग भी इसी के अंतर्गत आता है। गर्मियों के दिन हों या बारिश के, पसीने और उमस भरे वातावरण में डियोड्रेंट मन को ताजगी का एहसास देने का काम करता है। साथ ही ये पसीने की दुर्गंध को भी दूर रख सकता है। मुश्किल यह है कि डियो का गलत तरीके से इस्तेमाल या अधिक इस्तेमाल भी कई समस्याएं खड़ी कर सकता है।

खासतौर पर बगलों यानी आर्मपिट पर। लेकिन यह पसीने पर नियंत्रण नहीं करता। डियोड्रेंट एक प्रकार का कॉस्मेटिक ही है। इसलिए ये रसायनों से ही बनाए जाते हैं। पसीने की बदबू को रोकने के लिए इनमें परफ्यूम का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही इनमें अल्कोहल भी होता है। यही कारण है कि जब आप स्किन पर इसे अप्लाई करते हैं तो स्किन रूखी और रंगहीन भी हो सकती है।

**एलर्जी और डियो**

डियो के कारण कई बार एलर्जी ट्रिगर हो सकती है। इसमें त्वचा पर रैशेज, दाने, लाली, खुजली, जलन होना या त्वचा पर पपड़ी बनना या सूजन आना आदि होने के साथ ही सांस सम्बन्धी लक्षण भी पनप सकते हैं। आमतौर पर



यह कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस का ही एक प्रकार होता है। ऐसा डियो में मौजूद एल्युमिनियम, अल्कोहल, कृत्रिम सुगंध, पैराबीन्स जैसे प्रिजर्वेटिव्ज, रंग या अन्य रसायनों की वजह से हो सकता है।

## इन बातों का रखें ख्याल

-सबसे पहली चीज है आपकी स्किन की संवेदनशीलता। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो बहुत सतर्कता से डियो का चुनाव करें। हो सके तो विशेषज्ञ से परामर्श भी लें।

-आपको याद रखना होगा कि शरीर पर आने वाला पसीना बदबूदार नहीं होता। ये आपकी स्किन पर पलने वाले बैक्टीरिया होते हैं जो इस बदबू का कारण बनते हैं। इसलिए यदि आप बॉडी ओडर से परेशान हैं तो पहले इसका कारण जानें। बजाय कारण समझे ढेर सारे डियो का उपयोग न करें। हो सकता है आपके साथ कोई ऐसी समस्या हो जिसे सही उपचार की जरूरत हो।

-चूंकि डियो को हमेशा सीधे स्किन पर लगाया जाता है। ऐसे में यदि डियो लगाने के बाद त्वचा पर जलन, खुजली, रूखेपन आदि का एहसास हो, तो तुरंत उसे लगाना बन्द कर दें।

-आजकल बाजार में नैचुरल डियोड्रेंट भी उपलब्ध हैं। ये ज्यादातर प्राकृतिक साधनों जैसे- एसेंशियल ऑइल्स, बेकिंग सोडा, कॉर्नस्टार्च आदि के प्रयोग से बनाये जाते हैं। इनका प्रयोग अधिक सुरक्षित हो सकता है। यदि इनसे भी एलर्जी के लक्षण उभरते हैं तो डियो का प्रयोग न करें।

-कॉटन के साफ धुले कपड़े पहनने, रोज अच्छे से नहाने, शरीर को साफ रखने, शरीर के अतिरिक्त बालों को हटाने और खान-पान में थोड़ा बदलाव लाने जैसे तरीकों से काफी हद तक पसीने की बदबू को नियंत्रित किया जा सकता है।

-आर्मपिट डिटॉक्स, एलोवेरा, नारियल तेल, टी ट्री ऑइल, एप्सम सॉल्ट, कोल्ड कम्प्रेस, आदि जैसे साधनों से भी बदबू की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।



# सेंसेक्स 106 अंक चढ़कर 80,747 पर बंद निफ्टी भी चढ़ा-पाकिस्तानी बाजार 3.13% टूटा

मुंबई, 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान और पीओके के भीतर देर रात की गई एयर स्ट्राइक का असर शेयर बाजार पर नहीं दिखा। बुधवार, 7 मई को सेंसेक्स 106 अंक चढ़कर 80,747 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 35 अंक की तेजी रही। ये 24,414 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी देखने को मिली। टाटा मोटर्स का शेयर 5.20% चढ़ा। बजाज फाइनेंस, जोमैटो, अडाणी पोर्ट्स सहित कुल 8 शेयर 2% तक चढ़कर बंद हुए। जबकि, एशियन पेंट्स में 4% की गिरावट रही। सनफार्मा, आईटीसी, 2% नेस्ले और रिलायंस में 2% तक की गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 26 में गिरावट रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में ऑटो में 1.66%, रियल्टी में 1.12%, मीडिया में 1.06% और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.18% की तेजी रही। वहीं, एफएमसीजी और फार्मा में मामूली गिरावट है। पाकिस्तानी शेयर बाजार कराची 100 इंडेक्स आज 3,573 अंक (3.13%) गिरकर 110,130 के स्तर पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में पाकिस्तानी बाजार में 6200 अंक तक की गिरावट देखने को मिली। इधर, पाकिस्तान पर भारतीय एयरस्ट्राइस के बीच चीन के डिफेंस शेयरों में 20% की तेजी रही। चीन की कंपनी एविक चेंगदू एयरक्राफ्ट कंपनी लिमिटेड का शेयर 10 अंक (17.05%) चढ़कर 69 पर बंद हुआ।

# भारत में यूके की लग्जरी कारें-ब्रांडेड कपड़े सस्ते होंगे

## > दोनों देशों ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन किया

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारत में यूके की लग्जरी कारें, ब्रांडेड कपड़े और फुटवियर सस्ते हो सकते हैं। आज यानी, मंगलवार 6 मई को भारत और यूके ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) साइन कर दिया है। समझौते को 14 राउंड की वार्ता के बाद अंतिम रूप दिया गया। इस एग्रीमेंट के बाद आयातित व्हिस्की और जिन पर भारत का टैरिफ 150% से घटाकर 75% कर दिया जाएगा। बाद में समझौते के दसवें साल तक इसे घटाकर 40% कर दिया जाएगा। वहीं ऑटोमोटिव पर टैरिफ 100% से घटकर 10% हो जाएगा।



**दोनों देशों के बीच एग्रीमेंट से ये सामान सस्ते हो सकते हैं**

**कारें:** ब्रिटेन की लग्जरी कारें जैसे जगुआर लैंड रोवर अब कम दाम में मिल सकती हैं।

**स्कॉच व्हिस्की और वाइन:** इंग्लैंड से आने वाली शराब और वाइन पर टैरिफ कम होगा, जिससे ये पहले से सस्ती मिलेंगी।

**फैशन और कपड़े:** ब्रिटेन से आने वाले ब्रांडेड कपड़े, फैशन प्रोडक्ट्स और होमवेयर भी सस्ते हो सकते हैं।

**फर्नीचर और इलेक्ट्रिकल सामान:** ब्रिटेन से आने वाला फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रीयल मशीनरी अब कम कीमत पर मिल सकते हैं।

**ज्वेलरी और रत्न:** भारत के रत्न और आभूषण ब्रिटेन में सस्ते बिकेंगे, जिससे ब्रिटेन में भारतीय कस्टमर्स के लिए प्रोडक्ट्स सस्ते हो सकते हैं।

**घरेलू शराब कंपनियों को कॉम्पिटिशन मिलेगा**

इस समझौते के कारण यू.के. से आने वाली व्हिस्की भारत में कम कीमत पर उपलब्ध होगी, जो दुनिया का सबसे बड़ा व्हिस्की बाजार है। हालांकि, इस डील के बाद उन घरेलू शराब कंपनियों को कॉम्पिटिशन मिलेगा, जो प्रीमियम अल्कोहल मार्केट में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन के सीईओ मार्क केंट ने इस डील को 'ट्रांसफॉर्मेशनल' बताया और कहा, यू.के.-भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट एक पीढ़ी में एक बार होने वाला सौदा है और दुनिया के सबसे बड़े व्हिस्की बाजार में स्कॉच व्हिस्की एक्सपोर्ट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

**भारत को फ्री ट्रेड डील से क्या फायदा होगा?**

इस डील से इंडियन एक्सपोर्ट को बूस्ट मिलेगा और जॉब भी क्रिएट होंगे। वित्त वर्ष 24 में 12.9 बिलियन डॉलर यानी 1.12 लाख करोड़ रुपए की वैल्यू का मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट भारत ने यूके को किया था। इस डील से भारत को 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। डेवलप्ड मार्केट तक पहुंच भी बढ़ेगी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एग्रीमेंट को ऐतिहासिक बताया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अपने दोस्त प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात करके बहुत खुशी हुई। एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में भारत और ब्रिटेन ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के साथ-साथ डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन को भी सक्सेसफुली पूरा किया है। ये ऐतिहासिक एग्रीमेंट हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और गहरा करेंगे। इसके अलावा ये दोनों इकोनॉमीज में ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, ग्रोथ, जॉब क्रिएशन और इनोवेशन को बढ़ावा देंगे। मैं जल्द ही प्रधानमंत्री स्टार्मर का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं।'

# आज सोना 605 बढ़कर 97,493 रुपये पर पहुंचा

## 3 दिन में 3,539 रुपये महंगा हो चुका, चांदी 279 महंगी होकर 96,133 रुपये किलो बिक रही

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 7 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 605 रुपये बढ़कर 97,493 रुपये पर पहुंचा गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 96,888 रुपये थी। इस हफ्ते 3 दिन में ही सोने 3,539 रुपये महंगा हो चुका है। बीते शनिवार यानी 3 मई को ये 93,954 रुपये पर थी।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 279 रुपये बढ़कर 96,133 रुपये प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,854 रुपये प्रति किलो था। इस हफ्ते अब तक चांदी में 2,008 रुपये की तेजी आ चुकी है। बीते शनिवार को ये 94125 रुपये पर थी। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 रुपये का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,150 रुपए है।

**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 रुपए है।

**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 99,000 रुपए है।

**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 रुपए है।

**भोपाल:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 99,050 रुपए है।

**इस साल अब तक 21,321 रुपए महंगा हो चुका है सोना**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,321 रुपए बढ़कर 97,493 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 10,116 रुपए बढ़कर 96,133 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**साल के आखिर तक 1.10 लाख तक जा सकता है सोना**

अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है।

# सांची का दूध आज से 2 रुपए लीटर महंगा हुआ

**फुल क्रीम दूध अब 67 रुपए लीटर मिलेगा, देखें नई कीमतें**

भोपाल, 7 मई (एजेंसियां)। अमूल और मदर डेयरी के बाद अब सहकारी ब्रांड सांची का दूध आज यानी 7 मई से 2 रुपए लीटर तक महंगा हो गया है। भोपाल दुग्ध संघ के आदेश के अनुसार, लाल पैक वाला फुल क्रीम दूध अब आधा लीटर 34 रुपए और 1 लीटर 67 रुपए में मिलेगा। पहले इनकी कीमत क्रमशः 33 रुपए और 65 रुपए थी।

**अमूल और मदर डेयरी पहले ही बढ़ा चुके हैं कीमत**

इससे पहले अमूल, मदर डेयरी और वेरका ब्रांड ने भी देशभर में दूध के दाम में 2 रुपए लीटर तक की बढ़ोतरी की थी। मदर डेयरी और वेरका ब्रांड ने 30 अप्रैल और अमूल ने 1 मई से कीमतें बढ़ाई थीं।

**लागत 4 से 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ी**

मदर डेयरी के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में लागत 4 से 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ गई है। लागत में ये उछाल मुख्य रूप से गर्मियों की शुरुआत होने के अलावा लू की स्थिति के कारण भी आई है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
सूर्योदय - 05-51
सूर्यास्त - 18-34
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मेष मे | मेष--- | 04-30 बजे |
| चंद्र- | कन्या मे | वृष--- | 06-15 बजे |
| मंगल | कर्क मे | मिथुन.. | 08-15 बजे |
| बुध- | मेष मे | कर्क--- | 10-28 बजे |
| गुरु- | वृष मे | सिंह--- | 12-39 बजे |
| शुक्र- | मीन मे | कन्या-- | 14-46 बजे |
| शनि- | मीन मे | तुला---- | 16-52 बजे |
| राहु- | मीन मे | वृश्चिक-- | 19-01 बजे |
| केतु- | कन्या मे | धनु...... | 21-15 बजे |
| | | मकर... | 23-22 बजे |
| | | कुंभ.... | 01-12 बजे |
| | | मीन.... | 02-50 बजे |

दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- एकादशी 12-29 तक उपरान्त द्वादशी
मास - वैशाख शुक्ल, गुरुवार 08 May
नक्षत्र - उ.फाल्गुनी 21-06 तक उपरान्त हस्त
योग - हर्षण 01-56 तक उप वज्र
करण- विष्टी 12-29 तक बव
विशेष:- मोहिनी एकादशी व्रत सर्वे
व्रत -त्योहार - भद्रा -12-29 तक, विश्व मातृ दिवस

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है। सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 13:49 से 15:25 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा** मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05:51 - 07:24 | शुभ | अमृत | 18:34 - 20:01 | शुभ |
| रोग | 07:24 - 09:00 | अशुभ | चंचल | 20:01 - 21:25 | शुभ |
| उत्पात | 09:00 - 10:37 | अशुभ | रोग | 21:25 - 22:49 | अशुभ |
| चंचल | 10:37 - 12:13 | शुभ | काल | 22:49 - 24:12 | अशुभ |
| लाभ | 12:13 - 13:49 | शुभ | लाभ | 00:12 - 01:36 | शुभ |
| अमृत | 13:49 - 15:25 | शुभ | उत्पात | 01:36 - 03:00 | अशुभ |
| काल | 15:25 - 17:01 | अशुभ | शुभ | 03:00 - 04:24 | शुभ |
| शुभ | 17:01 - 18:34 | शुभ | अमृत | 04:24 - 05:51 | शुभ |

# तीन फीसदी से नीचे आ सकती है खुदरा महंगाई

**खाद्य कीमतों में गिरावट बेहतर प्रबंधन का नतीजा**

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। ऊंची ब्याज दरों से राहत मिलने के बाद अब आम लोगों को महंगाई से भी राहत मिल सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल के आंकड़ों में खुदरा महंगाई की दर तीन फीसदी से नीचे जा सकती है। इसके आंकड़े अगले हफ्ते जारी होंगे। पिछले कुछ समय से खाद्य वस्तुओं खासकर दालों और सब्जियों के भाव में भारी गिरावट आई है जिसका असर खुदरा महंगाई पर दिखेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा महंगाई में कमी से आरबीआई को दरों में कटौती का और अवसर मिलेगा। जून में होने वाली बैठक में रेपो दर में ज्यादा कटौती हो सकती है। टमाटर, प्याज और आलू उत्पादक राज्यों में गर्मी में कमी आई है। टमाटर की खुदरा कीमत अगस्त, 2024 के बाद से सबसे कम हो गई है। यह अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर 34.4% कम हो गई है। आलू और प्याज की कीमतें अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर क्रमशः 11% और 5.7% घटी हैं।

चावल की खुदरा कीमत मार्च की तुलना में अप्रैल में 4.1% की घटी है। हालांकि, खाद्य तेलों की कीमतों में तेजी आई हैं, पर यह खुदरा महंगाई को प्रभावित करने की स्थिति में नहीं हैं। टमाटर, प्याज और आलू की आवक में जबरदस्त से कीमतों में गिरावट है।

# पाकिस्तान पर हमले के बाद बिटकॉइन ने मचाई धूम

## एक ही दिन में रॉकेट हो गई क्रिप्टोकरेंसी की कीमत

नई दिल्ली: भारतीय सेना ने बुधवार सुबह 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी में तेज उछाल आ गया। बुधवार दोपहर 2 बजे तक बिटकॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे में 3 फीसदी से ज्यादा का उछाल आ चुका है। कॉइन मार्केटकैप के अनुसार दोपहर 2 बजे इसकी कीमत 3.07 फीसदी की तेजी के साथ 96,960.95 डॉलर पर ट्रेड कर रही थी। दिन के कारोबार के दौरान एक समय इसकी कीमत 97 हजार डॉलर को पार कर गई थी। भारतीय समयानुसार सुबह करीब 6:30 बजे बिटकॉइन की कीमत 97 हजार डॉलर को पार कर गई थी। फिर भारत के पाकिस्तान पर हमले की खबर फैली और इसमें गिरावट आ गई। लेकिन जब इस हमले को लेकर दुनिया ने भारत की तारीफ की तो बिटकॉइन में शानदार तेजी आई और फिर से करीब 97 हजार डॉलर के पास पहुंच गई। इसके बाद इसमें तेजी बनी रही।




**सोना बना रॉकेट, भारत-पाकिस्तान जंग की टेंशन या कुछ और है वजह, उछलकर अब कहां पहुंचा?**

**मंगलवार को आई थी तेजी**

एक दिन पहले यानी मंगलवार को बिटकॉइन की कीमत 97 हजार के पार चली गई थी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान दोनों से बात की थी। इस खबर का बाजार पर बड़ा असर पड़ा।

भारत, अमेरिका का एक बड़ा व्यापारिक भागीदार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'यह बहुत शर्मनाक है, हमें अभी इसके बारे में पता चला। मुझे लगता है कि लोगों को अतीत के आधार पर कुछ होने वाला था। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाएगा।'

## आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आप दृढ निश्चय वाले इंसान हैं और आप एक बार कोई काम शुरू कर दें तो पूरी मेहनत से उसे पूरा करते हैं। आप औरों के कहने पर नही जाते, आप वह भी करने की क्षमता रखते हैं जो दुसरे कभी नही कर सकते, इसीलिए आप उनसे आगे हैं। अपना यह नजरिया हमेशा बनाये रखें तो आप उन मंजिलों पर भी पहुँच सकते हैं जो दुसरे सोच भी नही सकते।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
आपकी सफलता हासिल करने की इच्छा आज और बलवती होती जायेगी। आप आज अपनी लिखित और वक्ता कला में सुधार के लिए कोशिश कर सकते हैं। सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स पढ़ें या किसी कुशल आदमी से मार्गदर्शन ले लें। हालाँकि इन सबके चक्कर में उनकी भी उपेक्षा ना करें जो लम्बे समय से आपके ध्यान और समय की प्रतीक्षा में हैं।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
आप आज ऊर्जा से भरे हैं, आपके आकर्षण और कुशलता से आज घर-ऑफिस में सब प्रभावित होंगे। अपने दोस्तों या किसी ख़ास के साथ बाहर घुमने जाकर मजे करें। दिन शांत और तनावरहित रहेगा। आज अच्छा वित्तीय लाभ होने की सम्भावना तो बनी हुई है, लेकिन अपने खरीदारी के खर्चों पर भी नजर रखें।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आज दिनभर आपका मूड बदलता रहेगा लेकिन आपका भाग्य आपके साथ है, इसका एक नुक्सान यह है कि आप भाग्य के भरोसे पर अधिक रह सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि इसके कारण परियोजनाओं की तैयारी में कोई कमी ना रहे। वित्तीय फायदे तो होंगे किन्तु अनावश्यक खर्च ना करें।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,)
आज आप खुद की जरुरत से अधिक आलोचना करने के मूड में हैं। आपको भी पता है कि आपकी अधिकतर चिंताएं निरर्थक हैं, फिर भी आप चिंता करते रहते हैं। इसका एकमात्र समाधान यह है कि अपने किसी ऐसे करीबी से सा अपनी चिंताओं के बारे में बात करें जो आपको सहारा दे सके। इससे पहले कि आप विकर्षित अनुभव करें, आपको किसी विश्वसनीय व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आप आज तर्क के स्थान पर अपने दिल की आवाज और प्रवृति के आधार पर फैसले कर सकते हैं, लेकिन वे भी वित्त के मामले में लाभकारी ही साबित होंगे। आप इन दिनों फैसले लेने में सबसे अधिक महत्ता अपने मन की आवाज को देते हैं।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
आज आप किसी असम्भाव्य साझेदारी की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। इससे आपको रोमांस, रोमांच और साहसी होने की अनुभूति तो होगी परन्तु यह देखना होगा कि यह साझेदारी कितनी सफल होगी। किसी अप्रत्याशित श्रोत से समर्थन-सहायता प्राप्त हो सकती है। हालाँकि यह अवसर बहुत कम समय तक ही मिलेगा, इसलिए आपको जल्दी ही फैसला लेना होगा।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,)
आज आपका मूड हल्का फुल्का और नाटकीय बना रहेगा और आज आप हर खुबसूरत चीज से प्रभावित होंगें। इससे आपका कुछ अनावश्यक खर्च भी हो सकता है। आज आप जो भी करेंगे, उसमें सौन्दर्यबोध का काफी असर रहेगा। आज सुन्दरता से सम्बंधित कोई उपचार ले सकते हैं, पूरे दिन हंसी मजाक वाले मूड में रहेंगे और इससे कार्यस्थल पर भी माहौल खुशनुमा रहेगा।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
आज आप खुद को अधिक समर्पित अनुभव करेंगे और सारा लंबित काम निपटा लेंगे। ये सारा काम ख़त्म करके आपको एक तरह की संतुष्टि मिलेगी जिसे आपके अन्य करीबी भी नोट करेंगे। इसका नतीजा यह होगा की आपको घर और कार्यस्थल, दोनों ही जगह अधिक सराहना मिलेगी।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आप ऊर्जा से भरे हैं और बहुत अच्छे मूड में भी हैं। दोस्तों को पार्टी दे सकते हैं। अपनी ख़ुशी में खोकर आपका ध्यान भविष्य के खतरों से हट सकता है। घबराए नही, किसी आदमी से कोई नुक्सान होने की आशंका नही है, केवल आपका पेट अपच वाला अधिक भोजन करने के कारण खराब हो सकता है, जिससे आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
छोटी छोटी परेशानियां और असहमतियां दिन भर सामने आती रहेंगी। आपको इन छोटी छोटी बातों की उपेक्षा कर देनी है, नही तो आप अपनी मानसिक शांति को नष्ट कर लेंगे। अपनी समस्याएँ किसी के साथ बांटने की कोशिश करें, आपको अच्छा अनुभव होगा। एकांत की गतिविधियाँ आज बहुत अच्छी रहेंगी।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
कोई लगातार पूरी वफादारी, सहायता और समर्थन से आपके साथ बना हुआ है, आज आपके पास इसका बदला उतारने और उसका साथ देने का एक मौका आएगा। आपको उसका साथ देने में एक मुश्किल स्थिति से भी गुजरना पद सकता है, पर अंततः इससे आपका रिश्ता मजबूत ही होगा। आपको दया और कृतज्ञता दिखाते हुए बहादुर बने रहना होगा।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# एफटीए से भारतीय योग प्रशिक्षकों-संगीतकारों और शेफ के लिए अवसर




FTA दो या उससे ज्यादा देशों के बीच एक समझौता होता है, जिसके तहत उनके बीच ट्रेड यानी व्यापार किए जाने वाले ज्यादातर (90-95%) सामानों पर इंपोर्ट ड्यूटी यानी आयात शुल्क को समाप्त या कम किया जाता है।

इसका उद्देश्य पार्टनर देशों के बीच इंपोर्ट के बड़े हिस्से पर लगे नॉन-ट्रेड बैरियर्स को कम करना है। साथ ही सर्विस एक्सपोर्ट्स और बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट्स को बढ़ावा देने के लिए नियमों को आसान बनाना है।

## > आईटी-वित्त व शैक्षिक सेवाओं में भी होगा लाभ

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारतीय योग प्रशिक्षकों, संगीतकारों और शेफ जैसे घरेलू स्वतंत्र पेशेवरों के लिए नए अवसर के द्वार खुलेंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि सेवाओं के क्षेत्र में भारत को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएं, वित्त, व्यावसायिक और शैक्षिक सेवाओं जैसे क्षेत्रों में भी लाभ होगा। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता संविदा कर्मचारियों, कारोबारियों, निवेशकों, एक कंपनी के तहत स्थानांतरित कर्मचारियों, साझेदारों के आवागमन को आसामन बनाता है। ब्रिटेन में काम करने वाले कर्मचारियों के आश्रित बच्चों, योग प्रशिक्षकों, संगीतकारों और शेफ जैसे पेशेवरों के आवागमन की राह भी आसान होगी। मंत्रालय के मुताबिक, भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का उचित रूप से समाधान किया जाए और वे घरेलू निर्यात पर अनुचित प्रतिबंध न लगाएं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते में भी इसी तरह के प्रावधान हैं, जिसे दिसंबर 2022 में लागू किया गया था।

**प्रतिभाशाली युवाओं के लिए खुलेंगे अवसर**

मंत्रालय ने कहा कि प्रतिभाशाली और कुशल भारतीय युवाओं के लिए ब्रिटेन में अपार अवसर खुलेंगे, जो अपने मजबूत वित्तीय एवं पेशेवर सेवा क्षेत्रों और उन्नत डिजिटल बुनियादी ढांचे के कारण डिजिटल सेवाओं के लिए एक प्रमुख वैश्विक केंद्र है। इसके अलावा, भारत ने वास्तुकला, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर से संबंधित और दूरसंचार सेवाओं जैसी डिजिटल रूप से वितरित सेवाओं पर महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं भी हासिल की हैं।

**द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि की उम्मीद**

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि वस्तुओं एवं सेवाओं के व्यापार को शामिल करने वाले एक संतुलित, न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी एफटीए के पूरा होने से द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि, रोजगार के नए अवसर पैदा होने, जीवन स्तर में सुधार और दोनों देशों के नागरिकों के समग्र कल्याण में सुधार होने की उम्मीद है। यह दोनों देशों के लिए वैश्विक बाजारों के लिए उत्पादों और सेवाओं को संयुक्त रूप से विकसित करने की नई क्षमता को भी खोलेगा। यह भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी की नींव को और मजबूत करता है और सहयोग और समृद्धि के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त करता है।

**दोहरे अंशदान करार पर भी बात बनी**

दोनों देशों ने एफटीए के साथ दोहरे अंशदान समझौते पर भी बातचीत पूरी कर ली है। इससे ब्रिटेन में सीमित अवधि के लिए काम करने वाले भारतीय पेशेवरों द्वारा सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरे अंशदान से बचने में मदद मिलेगी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अस्थायी रूप से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय श्रमिकों और उनके नियोक्ताओं को दोहरे अंशदान समझौते के तहत तीन साल की अवधि के लिए ब्रिटेन में सामाजिक सुरक्षा योगदान का भुगतान करने से छूट मिलने से भारतीय सेवा प्रदाताओं को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ होगा।

# छत्तीसगढ़ 10वीं बोर्ड में 76% स्टूडेंट्स पास

## कांकेर की इशिका और जशपुर के नमन ने किया टॉप, 3 लाख छात्रों ने दी थी परीक्षा


इशिका

रायपुर, 7 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी हो गया है। 76% छात्र पास हुए हैं। कांकेर की इशिका और जशपुर के नमन ने टॉप किया है। 3 लाख छात्रों ने दी थी परीक्षा। इस बार 10वीं बोर्ड एग्जाम में 3.28 लाख स्टूडेंट शामिल हुए थे। पिछले साल 10वीं के नतीजे 75.64% थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रिजल्ट जारी किया है।

नतीजे सीजीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट सीजीबीएसई.एनआईसी.इन या रिजल्ट.सीजी.एनआईसी.इन पर भी देख सकते हैं। बता दें कि 10वीं की परीक्षा मार्च में शुरू हुई और मार्च में ही समाप्त हुई थी।

# सीजी बोर्ड, 12वीं का 81.87% रहा रिजल्ट

## 98 .20% के साथ कांकेर के अखिल सेन बने टॉपर

रायपुर, 7 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे जारी किए हैं। 12वीं का रिजल्ट इस बार 81.87 प्रतिशत रहा। 98.20% के साथ कांकेर के अखिल सेन टॉपर बने हैं। परीक्षा में 84.67% छात्राएं पास हुईं। वहीं 78.07 फीसदी छात्र 12वीं में पास हुए हैं।

हायर सेकेंडरी परीक्षा में पास परीक्षार्थियों की कुल संख्या 1 लाख 94 हजार 906 है। 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चली थी। 12वीं कक्षा में 2 लाख 40 हजार 356 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बोर्ड एग्जाम का रिजल्ट जारी किया।

पिछले साल कक्षा 12वीं के आंकड़ों में द्वितीय श्रेणी यानी सेकेंड क्लास में सबसे अधिक छात्र पास हुए। 88 हजार 101 छात्रों (34.07%) फर्स्ट डिवीजन पास हुए थे। 1 लाख 09 हजार 185 छात्रों (42.22%) ने सेकेंड डिवीजन और 11 हजार 498 छात्रों (4.45%) ने थर्ड डिवीजन में सफलता हासिल की।

# पाकिस्तान पर हमला, छत्तीसगढ़ में आतिशबाजी

## पहलगाम हमले में मारे गए मिरानिया का परिवार बोला– दुनिया के नक्शे से मिटा दो पाक को

रायपुर, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के 9 ठिकानों पर स्ट्राइक की है। भारत ने बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

इसके बाद छत्तीसगढ़ से रिएक्शन आने लगे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए छत्तीसगढ़ के कारोबारी दिनेश मिरानिया के रिश्तेदार अमर बंसल ने कहा कि जवानों ने आतंकियों को जवाब दे दिया है। उन्होंने मांग की है कि





दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान का नामों निशान मिटा देना चाहिए। वहीं अंबिकापुर में कांग्रेसियों ने घड़ी चौक पर जमकर आतिशबाजी कर कहा कि आतंकियों को जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दे दिया है।

मंत्री ओपी चौधरी ने भी घर के बाहर पटाखे फोड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री साय ने हर हर महादेव लिखकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया किया। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी लिखा कि, सबका बदला लिया जाएगा।

# गोदाम में लगी आग

## बेटी की शादी का सामान जला, तीन महीने बाद है शादी दमकल ने पाया आग पर काबू

जामताड़ा, 7 मई (एजेंसियां)। जामताड़ा थाना क्षेत्र के मिहिजाम रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे स्थित एक गोदाम में बुधवार दोपहर आग लग गई। सरफुद्दीन मियां के गोदाम में अचानक लगी आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण उनके प्रयास विफल रहे। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब तक गोदाम में रखा सारा सामान जल चुका था।

सरफुद्दीन मियां को एक दुकानदार से आग की सूचना मिली। गोदाम में उनके घर का सामान, कपड़े और अन्य जरूरी चीजें रखी थीं।

# पुलिस पर ड्राइवर की हत्या का आरोप

## पैसे न देने पर चालक की पिटाई, पेट पर दिखे चोट के निशान, ग्रामीणों का थाना के सामने प्रदर्शन

गिरिडीह, 7 मई (एजेंसियां)। गिरिडीह के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के ताराटांड़ जंगल में बोरिंग गाड़ी चालक की मंगलवार देर रात हत्या कर दी गई है।

परिजनों ने हत्या का आरोप ताराटांड़ थाना की गश्ती दल पर लगाया है। शव के पेट पर पिटाई के निशान है।

इधर, आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने थाना के सामने शव रख प्रदर्शन किया।

मृतक की पहचान नावाटांड़ निवासी 42 वर्षीय संजय दास के रूप में की गई। वो बोरिंग गाड़ी के ड्राइवर था। मृतक के परिजन बालेश्वर रविदास ने बताया कि मंगलवार की देर रात संजय गिरिडीह में कहीं बोरिंग करने जा रहा था।

वह रात लगभग 10 बजे ताराटांड़ जंगल पहुंचा तो वहां उसे ताराटांड़ पुलिस की गश्ती दल ने रोक लिया और पैसों की मांग की। पैसे नहीं देने पर उन्होंने संजय की बेरहमी से पिटाई कर दी और बाद में बेहोश हो जाने पर बोरिंग गाड़ी में लिखे नंबर पर संपर्क कर गाड़ी के मालिक को इसके बारे में जानकारी दी।

बालेश्वर रविदास के अनुसार, बोरिंग गाड़ी में संजय के साथ एक अन्य सहयोगी भी था। पुलिस ने उसकी भी पिटाई की, पर वह किसी तरह जान बचा कर भाग निकला।

इधर, बोरिंग गाड़ी के मालिक मौके पर पहुंचे और घायल संजय को अस्पताल ले आए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बालेश्वर रविदास ने बताया कि ताराटांड़ पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा लगातार अवैध वसूली की जाती है। यही वसूली में पैसे नहीं दिए जाने के कारण संजय को मार दिया गया है।

# पहलगाम हमला-15 दिनों बाद भी सदमे में मनीष की पत्नी

## एयर स्ट्राइक से खुश हैं परिजन, भाई बोला–बाहरी के साथ इंटरनल आतंकवादियों पर हो हमला

झालदा, 7 मई (एजेंसियां)। 22 अप्रैल को बंगाल के झालदा के रहने वाले आईबी अधिकारी मनीष रंजन को पहलगाम में आतंकियों ने गोली मार दी। अब भारत की ओर से किए एक्शन से मनीष रंजन के परिजन खुश हैं। हालांकि, मनीष की पत्नी घटना के 15 दिनों बाद भी सदमे में हैं। मनीष रंजन के भाई राहुल रंजन ने कहा कि 'भारत सरकार की कदम सराहनीय है, लेकिन जितना एक्शन बाहर के आतंकवाद पर लिया गया है, उतना ही एक्शन इंटरनल आतंकवाद भी होना चाहिए।' उन्होंने कि 'यह तो शुरुआत है। आतंकवाद फैलाने वाले या समर्थन करने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

किसी तरह की घटना के बाद पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हैं, उन्हें तलाश कर आतंकवाद की श्रेणी में रखा जाए और चुन-चुन कर मार गिराया





जाए। वह कहते हैं घर के दुश्मन ही ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।

राहुल रंजन ने बताया कि 15 दिनों पहले पहलगाम की घटना हुई थी, लेकिन भाभी आज भी सदमे से बाहर नहीं निकल सकी है। जब भी तस्वीर देखती है या फिर घटना का जिक्र सुनती है तो डर जाती है। चिल्लाने लगती है। भाभी (जया मिश्रा, मनीष रंजन की पत्नी) डॉक्टर की देखरेख में है। अब भी उनका ब्लड प्रेशर बढ़ जा रहा है। परिवार के लोगों से भी अधिक बात नहीं कर पा रही हैं।

विभागीय स्तर पर नौकरी देने को लेकर प्रक्रिया शुरू की गई है। लेकिन उनका कहना है कि हैदराबाद में पोस्टिंग होने के काम नहीं कर पाएंगी। वहां से यादें जुड़ी हुई हैं, संभव नहीं है कि वह वहां रह सके, इस लिए उनकी पोस्टिंग प्रयागराज में हो। मनीष के भाई राहुल बताते हैं कि प्रयागराज में भाभी का मायका है। वहां अपने माता-पिता के साथ रह सकती हैं। बच्चे अभी छोटे हैं। उनकी पढ़ाई-लिखाई भी हो सकेगी। झालदा जगह भी छोटा है। यहां पढ़ाई-लिखाई की अच्छी व्यवस्था नहीं है। झालदा में पापा मंगलेश मिश्रा की बायपास सर्जरी हुई है। यहां भी देखभाल संभव नहीं हो पाएगा।

मनीष के भाई राहुल बताते हैं भाभी जया मिश्रा अंग्रेजी और सोशियोलॉजी में मास्टर्स हैं। बी.एड भी किया है। सीटेट पास हैं। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली में रहने के दौरान स्कूल में बतौर टीचर काम कर चुकी हैं। ऐसे में उनकी इच्छा है कि प्रयागराज में पोस्टिंग मिल जाए।

परिजनों का कहना है कि आगामी 10 मई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह झारखंड आ रहे हैं। अगर उनसे एक मिनट के लिए मिलने का समय मिल जाता तो परिवार वाले उनके आग्रह कर पाते। उन्होंने यह भी बताया कि गृह राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

# युद्ध जैसी स्थिति से निपटने की तैयारी

## एनसीसी ने कराया मॉक ड्रिल छात्रों को दी सुरक्षा की जानकारी



कोडरमा, 7 मई (एजेंसियां)। गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश भर में युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए कोडरमा में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। बुधवार को जेजे कॉलेज में एनसीसी 45 बटालियन ने मॉक ड्रिल कराई।

एनसीसी के सूबेदार चंद्रहास ने छात्र-छात्राओं और कॉलेज कर्मियों को युद्ध के दौरान सुरक्षा के लिए आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमले की स्थिति में सबसे पहले जमीन पर आंख और कान बंद कर लेट जाना चाहिए। बम या बारूद के गोले का असर खत्म होने तक करीब तीन घंटे तक इसी स्थिति में रहना होगा।

सूबेदार ने घरों के अंदर फंसे लोगों के लिए भी सुरक्षा टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में घर के कोने में छिप जाना चाहिए। साथ ही किसी इमारत में आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीकों की भी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में शामिल छात्रा रानी कुमारी ने कहा कि उन्होंने पहली बार मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया। इससे पहले वह केवल इसके बारे में सुनती आई थीं।

इस प्रशिक्षण से उन्हें आपातकालीन स्थिति से निपटने की महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

# तुमने कहा मोदी को बोलो, अब सुनो हमारा गर्जन अपनी अंतिम सांस में

## ऑपरेशन सिंदूर पर सीएम ने लिखा शानदार पोस्ट



रायपुर, 7 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य के अन्य नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की है। भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को लिए एक भावनात्मक कविता पोस्ट की है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एक बयान में कहा कि जिस तरह से हमारे बहादुर सैनिकों ने दुश्मन के इरादों को ध्वस्त किया है, वह हमारी सैन्य ताकत और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। शर्मा ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी धरती पर मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और आतंकवादियों को मार गिराया गया। यह कार्रवाई सिर्फ जवाबी हमला नहीं है, बल्कि उन माताओं-बहनों के आंसुओं का बदला है, जिनके सिंदूर को पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले में मिटा दिया गया था।''

उन्होंने कहा, ''जब उनके पतियों, बेटों, भाइयों को निर्दोष लोगों के सामने गोलियों से छलनी कर दिया गया तो देश की आत्मा रोई थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' उस दर्द का जवाब और उस पीड़ा का बदला है।''

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''जब नाश मनुज पर छाता है। पहले विवेक मर जाता है। पाक पोषित आतंकवादियों ने धर्म पूछकर भारत की बेटियों के 26 ''सिंदूर'' उजाड़े थे, आज मां भारती के लालों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत नापाक आतंकवादियों के बड़े ठिकानों को ही उजाड़ दिया है। ये नया भारत है, ये मोदी का भारत है। घर में घुसकर मारता है। जय हिंद की सेना। वंदे मातरम।''

राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंह देव ने कार्रवाई की सराहना की और कहा कि हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। कहा, ''भारत ने पाकिस्तान और पीओके से आने वाले आतंकवाद के खिलाफ अडिग और निर्णायक रुख अपनाया है। राष्ट्रीय हित से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के बाद से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने स्पष्ट रूप से सरकार और हमारी सशस्त्र सेनाओं को हर आवश्यक और सख्त कदम उठाने में पूरा समर्थन दिया है।''

उन्होंने कहा, ''यह एकता और एकजुटता का समय है। हम अपने वीर जवानों की बहादुरी और दृढ़ संकल्प को नमन करते हैं और दोहराते हैं कि हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है।''

# दोमुंहा और गेहुअन सांप दिखा पुलिस वाले को लूट लिया

रांची, 7 मई (एजेंसियां)। झारखंड की राजधानी रांची में साधु के वेश में लुटेरे घूम रहे हैं। उन्होंने लालपुर थाना के कांस्टेबल पिंटू कुमार को अपना शिकार बनाया। साधुओं ने सांप से कटवाने की धमकी देकर उनसे 3500 रुपए छीन लिए। इस घटना के संबंध में लालपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को बरियातू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से सांप और लूटे हुए पैसे बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, झारखंड पुलिस के कांस्टेबल पिंटू कुमार 3 मई को ड्यूटी के लिए थाने जा रहे थे। तभी थड़पखना मस्जिद के पास तीन साधुओं ने उन्हें रोका। उन्होंने दान के रूप में पैसे मांगे। पिंटू ने उन्हें 20 रुपए दिए।

# गोड्डा में हुई आतिशबाजी, लोगों ने कहा- सेना ने सुबह-सुबह दी बड़ी खुशखबरी

गोड्डा, 7 मई (एजेंसियां)। भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की है। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। बुधवार सुबह जब लोगों को इसकी जानकारी मिली तो सभी खुशी से झूम उठे। गोड्डा में तो लोगों ने आतिशबाजी भी की और भारत माता की जय का नारा लगाया।

गोड्डा वासियों ने कहा-देश ने आज सुबह-सुबह जो सुना, उससे हर हिंदुस्तानी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इसके बाद जश्न का माहौल बन गया। गोड्डा के महागामा केचुआ चौक पर युवाओं ने आतिशबाजी कर भारतीय सेवा के जवाबी कार्रवाई को लेकर खुशी जाहिर की। लोगों बताया कि भारतीय सेना की कार्रवाई एक रणनीतिक जवाब है। लोगों ने कहा- हमले का तरीका यह दिखाता है कि भारत अब सिर्फ सहने वाला देश नहीं रहा। यह नया भारत है, जो पहले चेतावनी नहीं देता।

अभी रात का यह हमला सिर्फ एक ट्रेलर है, अभी पाकिस्तान को पूरा फिल्म दिखाना बाकी है।



# तीन अधिकारी सस्पेंड, 6 सीनियरों को कारण बताओ नोटिस

## ऊपर से आया निर्देश तो विभाग ने लिया सख्त एक्शन

रायपुर, 7 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग ने कर्मचारी और अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया है। अवैध शराब के परिवहन, संग्रहण और कारोबार पर रोक लगाने में लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर हुई है।

राज्य स्तरीय उड़नदस्ते के औचक निरीक्षण में बलौदाबाजार, महासमुंद और राजनांदगांव जिले में अवैध शराब का मामला पकड़ में आने पर तीन सर्किल अधिकारियों को निलंबित करने के साथ ही आबकारी विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब-तलब किया गया है।

आबकारी आयुक्त के अनुसार अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के मामले में लापरवाही और उदासीनता बरतने के मामले में बलौदाबाजार जिले के सर्किल प्रभारी मोतिन बंजारे को निलंबित करने के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह, सहायक आबकारी अधिकारी एवं मंडल प्रभारी जलेस सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य स्तरीय उड़नदस्ते ने बलौदाबाजार जिले के ग्राम बनसांकरा में अप्रैल माह में की गई छापामार कार्रवाई में मध्यप्रदेश राज्य की 104 पेटी विदेशी मदिरा जब्त की गई थी।

इसी प्रकार 3 मई 2025 को महासमुंद जिले के बागबाहरा में 14 पेटी देशी शराब, 8 पेटी गोवा, 14 पेटी उड़ीसा राज्य की बीयर एवं 13 नग विदेशी मदिरा के जब्त करने के मामले में सर्किल बागबाहरा के प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है, जबकि वहां पर जिला आबकारी अधिकारी निधिश कोष्ठी एवं मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

राजनांदगांव जिले के आबकारी सर्किल डोंगरगढ़ स्थित ग्राम करवारी लतमर्रा मार्ग के एक फार्म हाउस में पुलिस द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में 432 पेटी विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब और भारी मात्रा में खाली बोतल, ढक्कन, लेबल एवं 4 हजार नग होलोग्राम जब्त किया गया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्किल डोंगरगढ़ के प्रभारी अनिल कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है, जबकि राजनांदगांव के तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त यदुनंदन राठौर एवं मंडल प्रभारी संदीप सहारे को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में शराब के अवैध परिवहन, संग्रहण एवं कारोबार पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए थे। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट रूप से कहा था कि आबकारी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सख्ती से इस पर प्रतिबंध लगाएं और इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करें। इस मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पैदा होने का ठिकाना नहीं और बना दिए गए 4 हजार से ज्यादा बर्थ सर्टिफिकेट, अजब कांड

जमशेदपुर, 7 मई (एजेंसियां)। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में बिना वैध दस्तावेजों के 4,000 से अधिक जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के आरोप में एक पंचायत सचिव सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उपायुक्त अनन्या मित्तल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जनवरी 2023 से चाकुलिया प्रखंड में मटियाबांधी पंचायत द्वारा कुल 4,281 जन्म प्रमाण पत्र या तो जाली दस्तावेजों के आधार पर या बिना किसी वैध दस्तावेज के जारी किए गए।

उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य में चाकुलिया की प्रखंड विकास अधिकारी आरती मुंडा द्वारा दो मई को मामला दर्ज कराए जाने के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। मित्तल ने कहा कि यह मामला बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) बच्चों के स्कूलों में प्रवेश के लिए जमा किए गए जन्म प्रमाण पत्रों के सत्यापन के दौरान सामने



आया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान विसंगतियां पाए जाने के बाद मटियाबांधी पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्रों की जांच के लिए एक टीम गठित की गई थी।

एसएसपी ने बताया कि बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आने के बाद मामला दर्ज किया गया और एसपी (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में मटियाबांधी पंचायत के सचिव सुनील महतो (59) और मटियाबांधी पंचायत के ग्राम स्तरीय उद्यमी (वीएलई) सपन कुमार महतो (45), मालकुंडी पंचायत के शिवम डे (31) और तुजू पंचायत के हरीश कुमार प्रमाणिक (26) शामिल हैं।

वीएलई सरकार द्वारा अधिकृत एजेंट होते हैं जो सेवा केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन सार्वजनिक उपयोगिता और वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हैं।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये पांचवें व्यक्ति की पहचान रांची निवासी अरफी आलम (27) के रूप में हुई है।

# रिटायर्ड प्रोफेसर के घर चोरी

कोडरमा, 7 मई (एजेंसियां)। कोडरमा के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 18 के रहने वाले रिटायर प्रोफेसर जुगल किशोर प्रसाद के घर बीती रात चोरी हो गई। चोर कमरे की खिड़की का ग्रिल तोड़ कर कमरे में घुसे और लाखों के जेवर, 75 हजार रुपए नगद सहित 2 जोड़ी शर्ट ले गए। चोरों ने जिस तरह से घटना को अंजाम दिया है, उससे लग रहा है कि यह काम वैसे लोगों का है जिन्हें यह बात अच्छे से पता था कि पैसे और जेवर किस कमरे में रखे हुए थे।

पीड़ित जुगल किशोर प्रसाद ने बताया कि घर पर सिर्फ वे व उनकी पत्नी रहती हैं। वे दोनों हर दिन की भांति रात में खाना खाने के बाद घर के सभी कमरों के दरवाजों को बंद कर अपने बेडरूम में सोने के लिए चले गए। बुधवार की सुबह करीब 4 बजे जब वे उठे और अपने कमरे से बाहर आकर बगल का कमरा खोला तो देखा कि कमरे में लगा खिड़की टूटी हुई है।

वहीं कमरे के अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी का दरवाजा और लॉकर भी टूटा हुआ है। जब उन्होंने अच्छे से देखा तो पाया कि अलमारी में रखे सारे जेवर व नगद रुपए गायब हैं। चोर होने की बात कंफर्म होते ही उन्होंने इसकी सूचना घर में रह रहे किरायेदारों व आस पड़ोस के लोगों को दी। जिसके बाद मामले की सूचना तिलैया पुलिस को दी गई। उन्होंने बताया कि उनके अलमारी में रखे 1 जोड़ी हीरे की अंगूठी, सोने के चेन, सोने का कंगन, नेकलेस सहित 75 हजार रुपए नगद चोरी हुए हैं। चोरी हुए जेवरों का अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए हैं। इसके अलावा चोरों ने उनके 2 जोड़ी ने शर्ट की भी चोरी कर ली है।

बताते चलें कि जुगल किशोर प्रसाद की दो बेटियां हैं। उनकी पत्नी पास के सीडी बालिका प्लस टू की प्राचार्या के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि ये सारे जेवरात वे पिछले 20 वर्षों से अपनी दोनों बेटियों की शादी के लिए बनाते आए हैं। ऐसे में ये सारे जेवर चोरी हो जाने से उन्हें काफी नुकसान हो गया है।

इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच पड़ताल शुरू की तो पाया कि चोरों ने सिर्फ उसी कमरे को निशाना बनाया जिसमें नगद व जेवरात रखे हुए थे।

# ऑपरेशन सिंदूर पर क्या बोली पूरी दुनिया?

## ट्रंप से लेकर चीन और इजरायल तक का आया बयान

वाशिंगटन, 7 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बीती रात भारतीय सेना ने पाक को कड़ा सबक सिखाया है। आतंकियों का गढ़ बन चुके पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों पर सेना ने हमला किया।

ऑपरेशन सिंदूर के नाम से किए गए इस हमले में जैश और हिजबुल के कई आतंकी मारे गए। खुद पाकिस्तान के अनुसार मिसाइल हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी शिविरों पर उसके सटीक हमले उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

भारत की इस कार्रवाई के बाद अमेरिका, चीन समेत कई देशों के बयान सामने आए हैं।



**उम्मीद करता हूं बहुत जल्द सब खत्म हो: ट्रंप**

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताई कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाएगा। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से ट्रंप ने कहा, हमने अभी इसके बारे में सुना है। मुझे लगता है कि लोगों को अतीत के कुछ अंशों के आधार पर पता था कि कुछ होने वाला है। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं। मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं और साथ ही उन्होंने कहा कि वाशिंगटन परमाणु-सशस्त्र एशियाई पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में बातचीत जारी रखेगा।

वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रुबियो से बात की और उन्हें भारत की सैन्य कार्रवाईयों के बारे में जानकारी दी।

**चीन ने दोनों देशों को संयम बरतने को कहा**

चीन ने पाकिस्तान पर भारतीय हमलों पर चिंता जताते हुए दोनों पक्षों से संयम दिखाने का आग्रह किया है। बीजिंग के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान दोनों से शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देने, शांत और संयमित रहने और ऐसी कार्रवाई करने से बचने की अपील करते हैं।

**इजरायल बोला- भारत ने जो किया वो सही**

पाकिस्तान पर मिसाइल हमलों के बाद इजरायल ने 'भारत के आत्मरक्षा के अधिकार' का समर्थन किया है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है।

# भारत ने पाकिस्तान में घुसकर मारा तो बिलबिला उठे बिलावल भुट्टो

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद दिया जहरीला बयान

इस्लामाबाद, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में घुसकर आतंकियों को जहन्नुम पहुंचा दिया है। भारत के हाथों अपनी आतंक की फैक्ट्री की तबाही देखकर पाकिस्तान बिलबिला उठा है। भारत के हमले से बौखलाए पाकिस्तानी नेताओं की जहरीली बयानबाजी शुरू हो गई है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने आतंकियों के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई को लेकर जहर उगला है। बिलावल ने पाकिस्तान और पीओके में घुसकर आतंकियों के लॉन्चपैड तबाह करने को भारत की कायराना कार्रवाई कहा है।

पिछले कई दिनों से भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी कर रहे बिलावल ने भारत के हमले को बिना उकसावे के, जानबूझकर की गई युद्ध की कार्रवाई कहा। बिलावल का ताजा बयान भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 9 आतंकी लॉन्च पैड को तबाह करने के बाद आया है।



इस दौरान बिलावल भुट्टो ने कहा कि सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं। आतंकियों के कैंप को निशाना बनाने को बिलावल ने भारत का झूठा प्रचार बता दिया। यही नहीं, जैश और लश्कर जैसे आतंकी गुटों के सवाल को भी भारतीय प्रोपेगैंडा बताने लगे।

**पाकिस्तान को जवाब देने का अधिकार**

इस दौरान बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि पाकिस्तान को भारत के हमले का जवाब देने का अधिकार है। बिलावल ने ब्रिटेन के ब्राडकास्टर स्काई न्यूज से बात करते हुए ये टिप्पणी की। इसी न्यूज चैनल पर कुछ दिन पहले बिलावल ने आतंकवाद को फैलाने में पाकिस्तान की भूमिका को स्वीकार किया था और कहा था कि अब पाकिस्तान ऐसा नहीं कर रहा है।

भारतीय हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसे युद्ध की कार्रवाई बताया। एक्स पर एक पोस्ट में शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान को जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है। बुधवार को दिन में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में पाकिस्तान की उच्च स्तरीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक हुई है, जिसमें सेना को भारतीय हमले का जवाब देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसमें कहा गया कि पाकिस्तानी सेना को अपनी पसंद के समय, स्थान और तरीके से भारतीय मिसाइल हमलों का जवाब देने की पूरी छूट दी है।

# ऑपरेशन सिंदूर से सहमा पाकिस्तान

## रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ बोले– हमले बंद कर दो, हम कुछ नहीं करेंगे



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के 9 स्थानों पर आधी रात में एयर स्ट्राइक कर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों का बदला ले लिया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सैन्य कार्रवाई में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय समेत 9 ठिकानों को तबाह किया गया है।

पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा कूटनीतिक एक्शन लिए जाने के बाद से पाकिस्तान के तमाम बड़े नेताओं द्वारा गीदड़भभकी दी जा रही थी, तो अब पड़ोसी मुल्क में खामोशी छा गई है। भारत के इस सैन्य कार्रवाई को दोनों देशों के बीच युद्ध की शुरुआत के संकेत के तौर पर देखा जा रहा था। हालांकि, पाकिस्तान ने अब युद्ध शुरू होने से पहले ही युद्धविराम का एलान कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि हम अपनी रक्षा करेंगे। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा है कि अगर भारत और कोई कार्रवाई नहीं करता है तो हम भी कुछ नहीं करेंगे। गौरतलब है कि भारत की कार्रवाई के बाद ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारत ने पाकिस्तानी इलाकों में ये हमला अपने हवाई क्षेत्र से किए हैं।

# पोप चुने जाने की प्रक्रिया शुरू

## वेटिकन पहुंचे कार्डिनल्स, सिग्नल जैमर लगाए गए, धुएं से पता चलेगा पोप चुने गए या नहीं

वेटिकन, 7 मई (एजेंसियां)। दिवंगत पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी को चुनने की प्रक्रिया आज वेटिकन सिटी के सिस्टीन चैपल में शुरू होगी। कैथोलिक चर्च के सर्वोच्च धर्मगुरु को चुनने के लिए सीक्रेट वोटिंग होती है जिसे कॉन्क्लेव कहा जाता है। कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए दुनियाभर से 133 कार्डिनल पहुंचे हैं। इसमें 4 भारतीय भी हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आज वोटिंग शुरू होने से लगभग 90 मिनट पहले सभी सिग्नल बंद कर दिए जाएंगे। कार्डिनल्स ने कल ही अपने फोन और इलेक्ट्रॉनिक सामान जमा कर दिए हैं, नए पोप के चुने जाने तक इन्हें वापस नहीं किया जाएगा।

लीक को रोकने के लिए कॉन्क्लेव क्षेत्र को सख्त लॉकडाउन में रखा जाएगा। 2013 में भी यही तरीका अपनाया गया था जब पोप फ्रांसिस के चुनाव के लिए सिग्नल ब्लॉकर्स लगाए गए थे। वेटिकन में रोजाना का काम करने वाले कर्मचारियों ने भी मौन रहने की शपथ ली है।



कॉन्क्लेव एक गुप्त और पवित्र प्रक्रिया है, जो 13वीं शताब्दी से चली आ रही है। वेटिकन के संविधान के मुताबिक पोप के निधन के 15 से 20 दिनों के भीतर कॉन्क्लेव की शुरुआत होनी चाहिए।

कॉन्क्लेव की शुरुआत से 2 दिन पहले वेटिकन के कर्मचारियों जैसे कि पुजारी, सुरक्षा गार्ड, डॉक्टर, टेक्नीशियन आदी ने प्राइवेसी की शपथ ली है, ताकि नए पोप के चुनाव की गोपनीयता बनी रहे।

वोटिंग से पहले सिस्टीन चैपल को बाहरी दुनिया से पूरी तरह अलग कर दिया जाता है। इस पूरे इलाके की जांच की जाती है। कार्डिनल्स के पास मोबाइल फोन, इंटरनेट और न्यूजपेपर की सुविधा नहीं होती।

पोप की मौत के बाद अगले पोप के दावेदारों के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं होती है। नए पोप के चयन की प्रक्रिया को 'पैपल कॉन्क्लेव' कहा जाता है। जब पोप की मौत हो जाती है या फिर वे इस्तीफा दे देते हैं, तब कैथोलिक चर्च के कार्डिनल्स चुनाव करते हैं।

कार्डिनल्स बड़े पादरियों का एक ग्रुप है। इनका काम पोप को सलाह देना है। हर बार इन्हीं कार्डिनल्स में से पोप चुना जाता है। हालांकि पोप बनने के लिए कार्डिनल होना जरूरी नहीं है, लेकिन अब तक हर पोप चुने जाने से पहले कार्डिनल रह चुके हैं। जितने भी कार्डिनल्स नए पोप का चुनाव करेंगे, उसमें से ज्यादातर को पोप फ्रांसिस ने चुना था। इसलिए माना जा रहा है कि नए पोप भी फ्रांसिस की तरह उदार और बदलाव को स्वीकार करने वाले होंगे।

कॉन्क्लेव का पहला दिन विशेष प्रार्थना सभा से शुरू होता है। प्रार्थना के दौरान सभी कार्डिनल्स एक कमरे में एकजुट होते हैं। इसमें हर एक कार्डिनल गॉस्पेल यानी पवित्र किताब पर हाथ रखकर यह कसम खाता है कि वह इस चुनाव से जुड़ी किसी भी जानकारी का कभी भी किसी और के सामने खुलासा नहीं करेगा।

# इंडोनेशिया के जावा प्रांत में भीषण सड़क हादसा

## डंप ट्रक ने मिनी बस को मारी टक्कर, 11 लोगों की मौत

योग्याकार्ता, 7 मई (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के मध्य जावा प्रांत में एक डंप ट्रक ने एक मिनी बस को टक्कर मार दी, जिससे 11 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक शिक्षिका थीं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने एक बयान में कहा, यह हादसा पुरवेरजो जिल के कालीजांबे गाव में हुआ है। डंप ट्रक निर्माण सामग्री से भरा हुआ था और मिनी बस से टकराने के बाद एक घर से भी टकरा गया। मिनी बस में मगेलन जिले की शिक्षिकाओं का एक समूह सवार था। यह समूह पुरवेरजो जिले में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था। पुरवेरजो के पुलि प्रमुख एंड्री अगुस्तियानो ने कहा, डंप ट्रक नियंत्रण खो बैठा और मिनी बस से टकरा गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। कुछ एंबुलेंस ने मृतकों और अन्य घायलों को नजदीकी अस्पताल भेजा, जिनमें डंप ट्रक चालक और घर के मालिक भी शामिल हैं। इंडोनेशिया में सड़क हादसे आम हैं, क्योंकि सुरक्षा मानकों और ढांचे की स्थिति खराब है। मंगलवार को पश्चिम सुमात्रा प्रांत में एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिससे कम से कम 12 लोग मारे गए। बस में 34 यात्री सवार थे।

पिछले साल जकार्ता के पास डेपोक में एक स्कूल बस ब्रेक फेल होने के बाद कारों और मोटरसाइकिलों से टकरा गई थी। बस में 61 छात्र और शिक्षक सवार थे। हादसे में 11 छात्रों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए।

# रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से किया हमला

कीव, 7 मई (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार तड़के रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक बार फिर मिसाइल और ड्रोन से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। घायलों में चार बच्चे भी शामिल हैं। बता दें कि यह हमला रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा घोषित 72 घंटे की अस्थायी युद्धविराम से ठीक पहले हुआ। यह युद्धविराम रूस की द्वितीय विश्व युद्ध में जीत (विक्ट्री डे) की 80वीं सालगिरह के अवसर पर गुरुवार से शनिवार तक लागू रहेगा। कीव शहर की सैन्य प्रशासन के अनुसार, शहर के ऊपर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और 28 ड्रोन देखे गए। इनमें से मिसाइल और 11 ड्रोन को मार गिराया गया। वहीं कीव के एक जिले में एक पांच मंजिला इमारत पर ड्रोन का मलबा गिरा, जिससे आग लग गई। आग लगने के कारण चार लोग घायल हो गए, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। हालांकि उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही यूक्रेन में रूस के बढ़ते हमले को देखते हुए यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने विदेशी सरकारों से अनुरोध किया है कि वे इस परेड में अपने सैन्य प्रतिनिधियों को न भेजें। गौरतलब है कि इससे पहले मंगलवार को यूक्रेन ने रूस के करीब दर्जन भर इलाकों पर 100 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया, जिन्हें रूसी सेना ने बीच में ही रोक लिया। वहीं इस हमले के कारण मॉस्को के चारों बड़े हवाईअड्डों को अस्थायी रूप से उड़ानें रोकनी पड़ीं। इसके अलावा रूस के नौ अन्य क्षेत्रीय हवाईअड्डों पर भी कामकाज कुछ समय के लिए ठप हो गया।

रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया और रक्षा मंत्रालय के अनुसार यूक्रेनी ड्रोन हमले रूस-यूक्रेन सीमा से लगे क्षेत्रों और रूस के अंदर तक हुए। जहां कुर्स्क क्षेत्र में दो लोग घायल हुए, जबकि वोरोनिज क्षेत्र में कुछ क्षति की जानकारी मिली थी। वहीं दूसरी ओर रूस ने भी यूक्रेन के खारकीव शहर पर रातभर में 20 ईरानी-निर्मित शाहिद ड्रोन से हमला किया, जिसमें 4 लोग घायल हुए और शहर के सबसे बड़े बाजार बाराबाशोवा में आग लग गई। खारकीव क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी ड्रोन और ग्लाइड बम से हमलों में 7 नागरिक घायल हुए।

# हाईकोर्ट बोला- मातृत्व अवकाश छूट नहीं अधिकार है

बिलासपुर, 7 मई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कहा है कि मां बनना किसी भी महिला के जीवन की खूबसूरत घटना होती है, ऐसे में मातृत्व अवकाश (मैटरनिटी लीव) छूट नहीं। बल्कि यह मौलिक अधिकार है। लीव अप्रूव करते समय जैविक, सरोगेसी और गोद लेने वाली मां में भेदभाव नहीं किया जा सकता। अवकाश से वंचित करना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। जस्टिस विभू दत्त गुरु की सिंगल बेंच ने अपने फैसले में 2 दिन की नवजात बच्ची को गोद लेने वाली महिला अधिकारी को 180 दिन की चाइल्ड एडॉप्शन लीव देने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें सिर्फ 84 दिन की छुट्टी दी गई थी। रायपुर के आईआईएम में कार्यरत महिला अधिकारी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

# इजरायल ने एक बार फिर गाजा में तेज किए हमले

## स्कूल पर की बमबारी, महिलाओं–बच्चों सहित 48 की मौत

गाजा, 7 मई (एजेंसियां)। इजरायल और हमास के बीच चल रही जंग अब अपने 20वें महीने में पहुंच गई है, लेकिन हालात सुधरने की जगह और भी भयावह होते जा रहे हैं। जहां मंगलवार रात एक बार फिर इजरायल ने गाजा में जोरदार हमला किया। इस हवाई हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने बुधवार को दी।

इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल का ये हवाई हमला गाजा के बीचों-बीच बुरेज शरणार्थी कैंप में एक स्कूल पर हुआ, जहां सैकड़ों विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। इस हमले में 27 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। यह स्कूल युद्ध शुरू होने के बाद से पांचवीं बार निशाना बना है। हालांकि इजरायली सेना ने इन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसका कहना है कि हमास नागरिक इमारतों और स्कूलों से ऑपरेट करता है, इसलिए वह जिम्मेदार है।



बता दें कि बीते दिनों इजरायल ने गाजा पर अपना सैन्य अभियान और तेज करने की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना में गाजा के बड़े हिस्से पर कब्जा, लोगों को जबरन दक्षिण गाजा की ओर भेजना, और सहायता वितरण पर नियंत्रण हासिल करना शामिल है। इसमें निजी सुरक्षा एजेंसियों की मदद लेने की बात भी शामिल है। इस योजना को लागू करने के लिए इजरायल हजारों रिजर्व सैनिकों को बुला रहा है। हालांकि, यह योजना अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस महीने के अंत में क्षेत्रीय दौरे के बाद ही लागू की जाएगी।

अब सवाल ये खड़ा हो रहा है कि अगर इजरायल की योजना लागू हो जाती है, तो क्या होगा। गौरतलब है कि अगर यह योजना आगे बढ़ती है, तो हिंसा और मौतों की संख्या और बढ़ सकती है। साथ ही गाजा पर इजरायली कब्जा स्थायी रूप से हो सकता है, जिससे यह सवाल उठता है कि वहां प्रशासन कैसे चलाया जाएगा, खासकर तब, जब ट्रंप की गाजा पर कब्जे की योजना को इस्राइल अपनाने पर विचार कर रहा है। देखा जाए तो हमास और इजरायल के बीच जारी युद्ध अब और भी पेचीदा होता जा रहा है।

# पाकिस्तान के पंजाब में आपातकाल

## संसद को संबोधित करेंगे शहबाज, 48 घंटे के लिए एयरस्पेस बंद

लाहौर/इस्लामाबाद, 7 मई (एजेंसियां)। भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बुधवार को आपातकाल घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं और अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बता दें कि, पहलगाम आतंकी हमले और भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं।

वहीं पाकिस्तान सेना के अनुसार, भारतीय मिसाइल हमलों में अब तक कम से कम 26 लोगों की मौत हुई है और 46 लोग घायल बताए जा रहे हैं। ये हमले आधी रात के बाद पंजाब प्रांत और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कई शहरों पर किए गए।



पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पूरे पंजाब में आपातकाल लागू करने की घोषणा की है। एक सरकारी बयान में कहा गया कि पंजाब पुलिस और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सभी डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों की छुट्टियां तुरंत रद्द कर दी गई हैं और उन्हें ड्यूटी पर वापस बुलाया गया है। जिला प्रशासन को भी पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है।

आपातकाल के चलते पंजाब में बुधवार को सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं। वहीं, भारतीय हमले के बाद पाकिस्तान ने अपनी एयरस्पेस भी बंद कर दी थी। हालांकि आठ घंटे बाद इसे आंशिक रूप से खोला गया। कराची और लाहौर से कुछ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर शुरू हुईं, लेकिन लाहौर का हवाई क्षेत्र फिर से 24 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है।

भारतीय सेना ने यह हमला ऑपरेशन सिंदूर के तहत किया। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल से हमला किया है।

इस हमले के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल (एनएससी) की आपात बैठक बुलाई।

# फ्रेडरिक मर्त्ज जर्मनी के चांसलर चुने गए

## दूसरे राउंड की वोटिंग में 325 वोट मिले, पहले राउंड में बहुमत से 6 वोट कम मिले थे

बर्लिन, 7 मई (एजेंसियां)। जर्मनी की कंजरवेटिव क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) पार्टी के नेता फ्रेडरिक मर्त्ज मंगलवार को जर्मनी के चांसलर चुने लिए गए। उन्हें दूसरे राउंड की वोटिंग में 325 वोट मिले। सीक्रेट वोटिंग में उन्हें 630 में से 316 वोट की जरूरत थी, लेकिन पहले राउंड में उन्हें सिर्फ 310 ही वोट मिले थे, जबकि उनके गठबंधन के पास 328 सीटें थीं।

जर्मनी के इतिहास में यह पहला मौका था जब कोई चांसलर पद का उम्मीदवार पहले दौर में बहुमत हासिल नहीं कर पाया था। अगर मर्त्ज या फिर कोई और उम्मीदवार बहुमत हासिल नहीं कर पाता तो, राष्ट्रपति संसद भंग कर सकते थे।

फरवरी में हुए राष्ट्रीय चुनावों में सीडीयू/सीएसयू गठबंधन ने सबसे ज्यादा 28.5 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। हालांकि, बहुमत से सरकार बनाने के लिए उन्हें दूसरी पार्टी का समर्थन भी लेना पड़ा। जर्मन राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टीनमीयर ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए एक छोटा सा भाषण दिया। इसके बाद मर्त्ज अपनी कार से संसद रवाना हो गए, जहां उन्हें शपथ दिलाई गई। मर्त्ज का जन्म 11 नंबर 1955 को पश्चिमी जर्मनी के सॉरलैंड जिले में हुआ था। वे रोमन कैथोलिक परिवार में जन्मे थे। मर्त्ज ने कानून की पढ़ाई की है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत कॉर्पोरेट वकील के तौर पर शुरू की। मर्त्ज ने 1972 में सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी जॉइन की। वे सॉरलैंड से पहली बार 1994 में जर्मन संसद के लिए चुने गए थे। अपनी आर्थिक समझ की वजह से राजनीति में तेजी से आगे बढ़े।



2000 के दशक की शुरुआत में मर्त्ज सीडीयू के संसदीय नेता के तौर पर चुने गए। इसी साल एंजेला मर्केल सीडीयू पार्टी की नेता चुनी गई। 2002 में मार्केल ने संसदीय पद के लिए दावा ठोका। 2005 में जब सीडीयू ने एसपीडी के साथ मिलकर सरकार बनाई, तो मर्त्ज को सरकार में शामिल नहीं किया गया था। एंजेला मर्केल से बेहतर रिश्ते न होने के चलते मर्त्ज को पार्टी में हाशिए पर डाल दिया गया। इसके बाद 2009 में उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया। इसके बाद वे लगभग 1 दशक तक प्राइवेट सेक्टर से जुड़े रहे। उन्होंने ब्लैकरॉक जैसी बड़ी कंपनी के साथ काम किया।

मर्त्ज ने 2018 में राजनीति में वापसी की। तब तक चांसलर एंजेला मर्केल ने भी पद छोड़ने का फैसला कर लिया था। इसके बाद मर्त्ज ने 2018 और 2021 में पार्टी लीडर का चुनाव लड़ा, हालांकि तब वे हार गए।



# पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक के बाद सीएम भजनलाल ने गुजरात में किया कार्यक्रम रद्द



जयपुर, 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में भारतीय वायुसेना द्वारा रात में की गई एयर स्ट्राइक के बाद राजस्थान में हाई अलर्ट की स्थिति बन गई है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज वडोदरा (गुजरात) में राजस्थानी समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम रद्द कर दिया। वे गुजरात से जयपुर के लिए रवाना हो चुके हैं और कुछ ही देर में जयपुर पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री को आज दोपहर 12:25 बजे से 1:10 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करनी थी। लेकिन राज्य की सुरक्षा स्थिति को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने दौरा रद्द किया। सीएम भजनलाल शर्मा ने पूरी रात जागकर प्रदेश के विभिन्न सीमावर्ती जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर की स्थिति पर नजर रखी और उच्च अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते रहे।

रातभर मुख्यमंत्री का प्रशासनिक अधिकारियों से संवाद बना रहा और उन्होंने हर जिले की अपडेट समय-समय पर ली। प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सतर्कता बनाए रखने के लिए उन्होंने कई अहम फैसले भी लिए हैं। मुख्यमंत्री की सक्रियता को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में है।

बता दें कि राजस्थान के भाजपा के सांसद-विधायक गुजरात के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में हैं। यहां तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ है। प्रशिक्षण शिविर का आज आखिरी दिन है।

प्रशिक्षण शिविर में अलग-अलग सत्र चलते रहे और इनमें पार्टी के अलग-अलग नेताओं ने राजस्थान से आए भाजपा के सांसद-विधायक व मंत्रियों को कई जरूरी बातों की सीख अपने संबोधन में दी। सत्र में गुजरात भाजपा के पूर्व प्रभारी और केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और इनके बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने संबोधित किया।

कल सुबह टेंट सिटी के नर्मदा किनारे पर राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव समेत अन्य मंत्री व विधायक-सांसदों ने योग-प्राणायाम कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान वे सभी नर्मदा किनारे टहलने भी निकले। आज दोपहर में प्रशिक्षण शिविर का समापन होगा।

# गहलोत-सरकार ने सोच-समझकर कदम उठाया है

## डोटासरा बोले - ऐसे समय में सीएम ले रहे प्रशिक्षण



जयपूर, 7 मई (एजेंसियां)। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। भारतीय वायु सेना ने 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल दागी है। जिसे लेकर देशभर में खुशी का माहौल बना हुआ है। लोग पटाखे और मिठाईयां बांटकर जश्न मना रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुशी जताते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र कर भारत माता की जय का स्लोगन एक्स पर पोस्ट किया। वहीं, पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी के साथ-साथ पूरे विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को भरोसा दिलाया।

### सरकार ने उठाए स्टेप टू स्टेप कदम- गहलोत

एयरस्ट्राइक को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि 'पहलगाम हमला बहुत दर्दनाक था। राहुल गांधी समेत पूरे विपक्ष ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार का समर्थन किया था। सबको इंतजार था कि कुछ होने वाला है, अभी तक जो खबर आ रही है उसमें सैन्य ठिकानों पर कोई एक्शन नहीं हुआ है, आतंकियों के 9 ठिकानों पर हमला हुआ है। सरकार ने सोच-समझकर के स्टेप टू स्टेप कदम उठाया है। केवल समय ही बताएगा कि स्थिति क्या मोड़ लेती है। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा।'

### सीएम गुजरात में प्रशिक्षण ले रहे- डोटासरा

वहीं, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि 'पहलगाम में जिस तरह से आतंकवादियों ने पर्यटकों की हत्या की, तब से पूरे देश में लोग कार्रवाई की मांग कर रहे थे। आज हम सभी भारतीय सेना द्वारा की गई इस कार्रवाई का समर्थन करते हैं और हम सब एक साथ हैं। ऐसे समय में हमारे राजस्थान सरकार के मुखिया और मंत्रियों को गुजरात के बजाय राजस्थान में होना चाहिए। देश में ऐसे ऑपरेशन हो रहे है, ऐसे में मुख्यमंत्री वहां पर प्रशिक्षण लें, ये राजस्थान के लोगों को ठीक नहीं लगता।'

### ऑपरेशन सिन्दूर का समर्थन करता हूं- पायलट

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने एयरस्ट्राइक को लेकर कहा कि 'इस समय पूरा देश एकजुट होकर ऑपरेशन सिन्दूर का समर्थन करता है। आतंकवाद का पूरी तरह से सफाया होना चाहिए। पहलगाम में हुए कायराना हमले का मुँहतोड़ जवाब देना जरूरी है।'

### 9 आतंकी ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक

पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना ने बड़ा एयर स्ट्राइक किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सेना ने मिसाइल दागकर हमला किया है।

सेना ने बुधवार तड़के बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में 9 जगहों पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। इंडियन एयरफोर्स ने बहावलपुर, मुरीदके, गुलपुर, सवाई, बिलाल, कोटली, बरनाला, सरजाल और महमूना में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत एयरस्ट्राइक की है।

# बीजेपी विधायक को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

## 2 सप्ताह में करना होगा सरेंडर; विधायकी जाना तय



जयपुर, 7 मई (एजेंसियां)। राजस्थान की राजनीति में बड़ा उलटफेर सामने आया है। अंता से बीजेपी विधायक कंवरलाल मीणा को सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका लगा है। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली खंडपीठ ने मीणा की याचिका खारिज करते हुए उन्हें दो सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश दिया है। साथ ही उनकी सजा पर भी कोई रोक नहीं लगाई गई, जिससे अब उनकी विधायकी स्वतः समाप्त मानी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब कंवरलाल मीणा को 14 दिन में जेल जाना होगा। संविधान और जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत, उनकी विधायकी स्वतः समाप्त मानी जाएगी। वहीं , विधानसभा अध्यक्ष की कार्रवाई पर भी सबकी नजरें टिकी हैं।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से पहले कांग्रेस ने बड़ा राजनीतिक हमला बोला था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान विधानसभा सचिवालय को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने मांग की कि तीन साल की सजा पाए विधायक की सदस्यता तुरंत रद्द की जाए।

डोटासरा ने आरोप लगाया था कि विधानसभा अध्यक्ष को स्वतः संज्ञान लेते हुए विधायक की सदस्यता रद्द करनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने न तो कार्रवाई की और न ही विपक्ष की बात सुनी। उन्होंने कहा कि कानून के मुताबिक दो साल या उससे अधिक की सजा पर विधायक की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है।

यह मामला साल 2005 का है, जब विधायक कंवरलाल मीणा की तत्कालीन एसडीएम रामनिवास मेहता से तीखी बहस हो गई थी। आरोप है कि इस दौरान मीणा ने अपनी रिवॉल्वर निकालकर एसडीएम की कनपटी पर तान दी और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा, घटना का वीडियो बना रहे वीडियोग्राफर की कैसेट निकालकर तोड़ दी गई थी।

# कांग्रेस नेता का बड़ा बयान: मोदी सरकार को आखिरकार राहुल गांधी की मांग को स्वीकार करना पड़ा



सिरोही, 7 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस संगठन की ओर से प्रदेश में संविधान बचाओ रैली के तहत आगामी दिनों में सिरोही जिले में भी संविधान बचाओ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सिरोही जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष आनंद जोशी की अध्यक्षता एवं पूर्व सीएम सलाहकार एवं पूर्व विधायक संयम लोढा और रेवदर विधायक मोतीराम कोली की उपस्थिति में डाक बंगला सिरोही में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लोढा ने कहा कि देश के वर्तमान हालातों को लेकर कांग्रेस के नेता हर कदम पर केंद्र सरकार को आगाह कर रहे हैं। देशहित में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जा ती य जनगणना की पुरजोर मांग उठाई थी, जिसे केंद्र सरकार को आखिरकार स्वीकार करना पड़ा। कांग्रेस देशहित के लिए हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

रेवदर विधायक मोतीराम कोली ने कहा कि मौजूदा केंद्र और राज्य सरकार संविधान में लिखी बातों को दरकिनार करते हुए मनमाने तरीके से निर्णय ले रही है, जिसका विरोध देशभर में हो रहा है। संविधान के मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है और उन्हीं कर्तव्य को निभाते हुए देश का प्रत्येक कांग्रेसी देश के नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद जोशी ने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से सरकारी एजेंसियों का अपने लाभ के लिए उपयोग करना संवैधानिक मूल्यों का हनन है। ऐसे में कांग्रेस संगठन द्वारा देशभर में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है।

कांग्रेस जिला प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल ने बताया कि 15 मई से पहले जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 11 से 17 मई के बीच विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली एवं 20 मई से 30 मई के बीच ब्लॉक एवं मंडल स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली के दौरान जातीय जनगणना के मुद्दे को भी जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# बीकानेर में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से मचा हड़कंप

## तीन की मौत, कई घायल; रेस्क्यू ऑपरेशन

बीकानेर7 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के बीकानेर से बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनी मार्केट में अंडरग्राउंड दुकानों में रखे घरेलू गैस सिलेंडर में हुए ब्लास्ट से तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। छह से अधिक लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सिलेंडर में विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास की दुकानों और दीवारों को भी नुकसान पहुंचा। तीन शव मलबे से निकाले जा चुके हैं और तीन घायलों को पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर नम्रता व पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाली। पुलिस, दमकल और नगर निगम की टीमें मलबा हटाने और घायलों को बचाने में जुटी हुई हैं।

प्रारंभिक जांच के अनुसार जिन दुकानों में ब्लास्ट हुआ वे अंडरग्राउंड थीं। इन दुकानों में घरेलू उपयोग के एलपीजी सिलेंडर का अवैध रूप से इस्तेमाल किया जा रहा था। माना जा रहा है कि गैस रिसाव या सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते यह विस्फोट हुआ। बता दें, हादसे के बाद सोनी मार्केट और आसपास का इलाका सील कर दिया गया है। दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया है, लेकिन मलबे में अब भी लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सिलेंडर आपूर्ति और उपयोग से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है। इधर, जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

# भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तानी मेजर का सिर काटने वाले 'फौजी' की बड़ी चेतावनी



जयपुर, 7 मई (एजेंसियां)। भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद इंडियन आर्मी के बेस्ट कोबरा कमांडो में से एक रिटायर्ड फौजी दिगेंद्र सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। दिगेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू—कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों को धर्म पूछकर मारा गया। लेकिन, अब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और हमारी तीनों सेनाओं ने 9 जगहों पर स्ट्राइक की। इससे पाकिस्तान और आतंकवादियों को संदेश गया है कि अब भारत इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। दिगेंद्र सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। मैं हमारी रक्षा सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमलों का स्वागत करता हूं। साथ ही मैं चाहता हूं कि पाकिस्तान के आतंक ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए, ताकि पहलगाम जैसा आतंकी हमला दोबारा ना हो। हालांकि, पीएम मोदी ने एयर स्ट्राइक करके दुश्मन देश को काफी नुकसान पहुंचाया है। यह बहुत अच्छी बात है।

### पाकिस्तान को चेताया- आंख दिखाई तो आंख निकाल लेंगे

दिगेंद्र सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि आज महात्मा गांधी वाला भारत नहीं है, जब एक गाल पर थप्पड़ पड़ने पर दूसरा गाल आगे कर दिया जाता था। अगर आज के दौर में ऐसा कि जाएं तो लोग गाल लाल कर देते हैं। आज सुभाष चंद्र बोस वाला भारत है। अगर दुश्मन आंख उठाकर देखेगा तो हम आंखें निकाल लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने कभी आगे से युद्ध नहीं किया है। लेकिन, जब-जब पाकिस्तान ने हमें आंख दिखाने की कोशिश की है, हर बार भारत ने मुंहतोड़ जबाब दिया है।

### युद्ध हुआ तो बॉर्डर पर जरूर जाएंगे

रिटायर्ड फौजी दिगेंद्र सिंह ने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध होता हैं तो वे बॉर्डर पर जरूर जाएंगे। भारतीय सेना उनका परिवार है और वो अपने परिवार का साथ देने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। यदि उन्हें युद्घ लड़ने का मौका नहीं मिला तो वे जवानों को मोटिवेशन करेंगे। साथ ही सेना को हथियार पहुंचाने का काम करेंगे। वो अपनी मां की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे।

### कौन है दिगेंद्र सिंह?

बता दें कि राजस्थान के सीकर जिले के रहने वाले रिटायर्ड फौजी दिगेंद्र सिंह ने साल 1999 के कारगिल युद्ध में चाकू से पाकिस्तानी मेजर अनवर खान का सिर काटकर जम्मू कश्मीर में तोलोलिंग पहाड़ी की बर्फीली चोटी पर तिरंगा लहराया था। इतना ही नहीं, शरीर में पांच गोली लगने के बाद भी दिगेंद्र सिंह ने 48 पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। युद्ध के बाद दिगेन्द्र सिंह को राष्ट्रपति डॉक्टर केआर नारायणन ने महावीर चक्र से नवाजा था।

# कोटा में रहकर रीट की तैयारी कर रहे स्टूडेंट की हत्या

कोटा, 7 मई (एजेंसियां)। कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र के राजीव गांधी नगर में चचेरे जीजा ने मोबाइल शॉप में घुसकर गोली मारकर साले की हत्या कर दी। मृतक 24 वर्षीय हरिओम अपने परिवार का इकलौता बेटा था और रीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह कप्यूटर सीखने के लिए अपने रिश्तेदार की दुकान पर गया था, जहां आरोपी जीजा शंकर ने उसे निशाना बनाकर कई राउंड फायर किए। आरोपी शंकर मृतक के चाचा बद्रीलाल का दामाद है। पुलिस ने बताया कि हत्या की वजह जमीन के रास्ते को लेकर पारिवारिक विवाद है। मृतक के पिता संपत और उनके भाई बद्रीलाल के बीच झालावाड़ जिले के बांसखेड़ा गांव में खेत के रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते जुलाई 2024 में भी शंकर ने अपने साथियों के साथ हरिओम के परिवार के साथ मारपीट की थी, जिसकी शिकायत पनवाड़ थाने में दर्ज कराई गई थी।

सीआई रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि हत्या के बाद से आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। इधर, हरिओम के परिजनों ने एमबीएस हॉस्पिटल में शव लेने से इंकार करते हुए आरोपी के खिलाफ सत कार्रवाई और आर्थिक सहायता की मांग की। लाडपुरा तहसीलदार राजवीर यादव की समझाइश पर परिजन दोपहर 2 बजे शव उठाने को राजी हुए। हरिओम के ताऊ राधेश्याम और चचेरे भाई कुंज बिहारी ने बताया कि आरोपी शंकर और उसके पिता रामप्रसाद आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। परिजनों ने शंकर के घर पर बुलडोजर चलाने और मृतक परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# चप्पल पहनकर आराध्य स्थल पर चढ़े युवक वीडियो वायरल होने पर तीन गिरफ्तार

जैसलमेर7 मई (एजेंसियां)। लाठी कस्बे में स्थित एक आराध्य स्थल की छतरी पर चप्पल पहनकर चढ़े युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर सक्रिय हुई लाठी थाना पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में लाठी निवासी 20 वर्षीय रोशन खां पुत्र जलाल खां, देदासरी थाना बाप हाल लाठी निवासी 22 वर्षीय यासीन खां पुत्र सदीक खां और वीडियो बनाने वाला 25 वर्षीय मोईनदीन पुत्र अकबर खां शामिल हैं। वीडियो में दो युवक चप्पल पहने आराध्य स्थल की छतरी पर चढ़े नजर आ रहे थे, जिसे स्थानीय सोशल मीडिया ग्रुप्स पर तेजी से वायरल किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पोकरण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार के निर्देशन और पोकरण वृत्ताधिकारी भवानीसिंह के सुपरविजन में लाठी थानाधिकारी राजेन्द्र खदाव के नेतृत्व में उप निरीक्षक इन्द्राराम और टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी वीडियो, ऑडियो या कंटेंट को बिना सत्यापन के सोशल मीडिया पर वायरल न करें। जिला पुलिस सोशल मीडिया पर पूरी नजर बनाए हुए है और इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## लड़की ने शादी के बाद पति को छोड़कर प्रेमी से की कोर्ट मैरिज

# गुस्साए परिजनों ने प्रेमी के गांव के युवक की कर दी हत्या, 5 आरोपी गिरफ्तार

बारां, 7 मई (एजेंसियां)। बारां पुलिस ने मांगरोल में कृषि उपज मंडी गेट के सामने चाय की थड़ी पर बैठे युवक की लोहे के पाइप और सरिए से ताबड़तोड़ वारकर हत्या करने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को मृतक ड्राइवर युवक पर उनके परिवार की विवाहित बेटी की दुसरी जगह शादी कराने का शक था। इसी बात की रंजिश को लेकर पहले भी जान से मारने की धमकी दी थी। तीन दिन पहले 3 मई को मौका देखकर इन्होंने उसे मौत के घाट उतार दिया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने बताया कि मृतक ड्राइवर रामदयाल गुर्जर निवासी रूण्डी 3 मई की दोपहर मांगरोल कृषि उपजमंडी गेट के सामने छोटूलाल गुर्जर की चाय की थड़ी पर बैठा हुआ था। यहां कुछ लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। बाद में जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। इस पर रूण्डी (मांगरोल) निवासी मृतक के चचेरे भाई कमलेश गुर्जर ने रिपोर्ट दी थी। इसके बाद एएसपी राजेश चौधरी व उपाधीक्षक श्योजीलाल मीणा ने तथा 4 मई को पुलिस अधीक्षक ने मौका निरीक्षण किया था। घायल अवस्था में रामदयाल को निजी वाहन से बारां अस्पताल ले जाते समय उसने बताया था कि टगरिया की ढाणी निवासी रामनिवास गुर्जर, रामावतार गुर्जर निवासी मुण्डीया व सुरेश गुर्जर निवासी गुदरावनी ने उससे लोहे की पाइप से मारपीट की थी।

# सड़क हादसा में पति-पत्नी और बेटी समेत चार की मौत

कोटा, 7 मई (एजेंसियां)। मुंबई एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज स्पीड में कार अनकंट्रोल हो गई और पोल से जाकर टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जिसमें पति, पत्नी व बेटी शामिल है। वहीं बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। इसके अलावा हादसे में कार मालिक की भी मौत हो गई। दर्दनाक हादसा कोटा जिले के रामगंजमंडी इलाके में हुआ। हादसे के बाद घायल बच्चे को उपचार के लिए पहले रामगंजमंडी अस्पताल ले जाया गया। फिर झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के एसआरजी अस्पताल में रेफर किया गया। जहां बच्चे का इलाज जारी है। रामगंजमंडी थाना अधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया कि दुर्घटना सनखेड़ा के निकट पुलिया के पास लगे हुए खंभे से टकराने से हुई है।

# 19 साल का दूल्हा और 16 साल की दुल्हन की रचा रहे थे शादी, बारात निकलने से ठीक पहले पहुंची टीम

कोटा, 7 मई (एजेंसियां)। बाल अधिकारिता विभाग, तहसीलदार लाडपुरा एवं उद्योग नगर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर एक नाबालिग का विवाह रुकवाया। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा ने बताया कि कार्रवाई में चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर नरेश मीणा, सृष्टि सेवा समिति के जिला समन्वयक भूपेंद्र सिंह, लाडपुरा तहसील से पटवारी शालिनी गुप्ता, संजय नामदेव कानूनगो, उद्योग नगर थाने से उप निरीक्षक मोहमद इब्राहिम शामिल रहे।

संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि एक नाबालिग किशोर की शादी बूंदी जिले में थी और बारात जाने की तैयार थी, टीम जब किशोर के घर पर पहुंची तो हड़कंप मच गया। इसके बाद टीम ने किशोर के उम्र संबंधी शैक्षणिक दस्तावेज देखे, जिसमें बालक 19 वर्ष का पाया गया, जो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत विवाह के अयोग्य है। जिस पर जिला प्रशासन की टीम ने बालक के परिजनों को बाल विवाह न करने को लेकर पाबंद किया। इधर जहां किशोर की शादी होनी थी उसको लेकर बूंदी चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित कर किशोरी की उम्र की जानकारी ली गई तो 16 वर्ष पाई गई। जिस पर बूंदी चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करके अस्थाई आश्रय दिलवाया गया। किशोरी के परिजनों को प्रशासन की टीम ने पाबंद किया।

# मौसम विभाग का बड़ा अपडेट!

## अगले 5 दिनों तक अंधड़ के साथ होगी भारी बारिश आईएमडी का अलर्ट जारी

जयपुर, 7 मई (एजेंसियां)। राजस्थान में मौसम विभाग ने बड़ा अलर्ट जारी करते हुए अगले 5 दिन तक पश्चिमी विक्षोभ का असर रहने की संभावना जताई है। ऐसे में दक्षिणी पूर्वी और पश्चिमी भागों में आगामी 4-5 दिन मेघगर्जन के साथ हल्की मध्यम बारिश और आंधी के दौर जारी रहने की संभावना है। वहीं उदयपुर और कोटा संभाग के कई जिलों में जिलों में भारी बारिश और आंधी की संभावना जताई है। आईएमडी ने आज राजस्थान के 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, सिरोही और उदयपुर में भारी बारिश, मेघगर्जन, वज्रपात और 60 से 70 की स्पीड से झोंकदार तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है।

# मिस वर्ल्ड प्रतिभागियों के फील्ड टूर के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देगी सरकार





हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में पर्यटन पर विचार करते समय, हैदराबाद, जो कि सबसे युवा राज्य की राजधानी है, लगातार एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरता है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में, राज्य सरकार अब मिस वर्ल्ड इवेंट की मेजबानी का लाभ उठाकर ग्रामीण पर्यटन के वैश्विक प्रचार को प्राथमिकता दे रही है। तेलंगाना सरकार मिस वर्ल्ड मंच का उपयोग राज्य के ग्रामीण सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पर्यटन खजाने से दुनिया को परिचित कराने के लिए एक असाधारण अवसर के रूप में करने की योजना बना रही है। 120 से अधिक देशों की भागीदारी और 150 से अधिक देशों में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होने के साथ, वारंगल और अन्य ग्रामीण पर्यटन स्थलों को प्रमुखता से प्रदर्शित करने, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने और ग्रामीण परिदृश्य को बदलने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है।

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिस वर्ल्ड प्रतिभागियों की यात्रा कार्यक्रम है। प्रमुख रूप से 12 मई: आध्यात्मिक पर्यटन स्थल नागार्जुन सागर में बुद्धवनम और बौद्ध थीम पार्क की यात्रा, 14 मई: वारंगल में ऐतिहासिक हजार स्तंभ मंदिर और वारंगल किले का भ्रमण करें, उसके बाद यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल रामप्पा मंदिर की यात्रा करें। पारंपरिक पेरिनी शिवतांडवम नृत्य प्रदर्शन देखेंगे। 15 मई: यदाद्री भुवनगिरी जिले में यदागिरिगुट्टा मंदिर की आध्यात्मिक यात्रा और पोचमपल्ली इकत हथकरघा के साथ व्यावहारिक अनुभव करेंगे। इसी क्रम में 16 मई: महबूबनगर जिले में प्राचीन पिल्लामरी बरगद के पेड़ को देखने जाएंगे। 21 मई: शिल्परमम में कला और शिल्प कार्यशाला में भाग लें, स्थानीय कारीगरों से बातचीत करें और पारंपरिक शिल्प कौशल के बारे में जानेंगे। यह वैश्विक कार्यक्रम तेलंगाना के ग्रामीण पर्यटन स्थलों के बारे में अभूतपूर्व जानकारी प्रदान करेगा, जिसमें राज्य की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक आख्यान और आधुनिक विकास को उजागर किया जाएगा।

## सेना पर देश को गर्व: बिनय यादव



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आपरेशन सिन्दूर ने पाकिस्तानी आतंकियों के अड्डे को ध्वस्त करने पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। बिहार सहयोग समिति तेलंगाना के अध्यक्ष बिनय कुमार यादव ने बताया कि सेना द्वारा चलाए गए आपरेशन की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है।

उन्होंने मांग की है कि आतंकवादियों को सबक सिखाने के साथ ही पाकिस्तान का भी अकड़ निकाल देना चाहिए, ताकि वह दोबारा भारत की ओर आंख उठा कर देखने की भी हिम्मत न कर सके। जब जब हमारे देश के ऊपर आंच आती है ,तो हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम है। इसका उदाहरण कई बार देखा जा चुका है। आज पूरा देश सरकार के साथ खड़ा है ,और सभी पार्टियों ने एक साथ आकर आतंकवादी का खात्मा के लिए सरकार के कदम का जिस तरह से समर्थन किया है वह भी स्वागतयोग्य कदम है।

# रोहित शर्मा ने अचानक लिया टेस्ट से रिटायरमेंट

## इंग्लैंड के लिए टीम इंडिया का होना था ऐलान

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज के लिए टीम का सिलेक्शन होने से पहले टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाई और अपने दिल की बात कह दी। टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तानों में से एक रोहित शर्मा के लिए हालिया फॉर्म चिंता का विषय थी। यही वजह है कि उन्हें लेकर कहा जा रहा था कि यह संभव है कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उनका सिलेक्शन न हो या कप्तानी से हटा दिया जाए।



रोहित के लिए आखिरी सीरीज ऑस्ट्रेलिया की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी रही, जिसमें वह खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। आलोचना जब होने लगी तो उन्होंने आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखने का फैसला किया। उसी समय इस बात की अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं कि रोहित शर्मा का टेस्ट करियर अब थम गया है। हालांकि, रोहित शर्मा इसके बाद मीडिया के सामने आए और उन्होंने इससे इनकार किया।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया की कप्तानी की। पाकिस्तान की मेजबानी वाले टूर्नामेंट उन्होंने न केवल कप्तानी बल्कि बल्ले से भी कमाल किया। टीम इंडिया ने 12 साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था। वह एमएस धोनी की खास लिस्ट में शामिल हुए। उनकी कप्तानी में पिछले साल टी20 विश्व कप का खिताब भी भारत ने जीता था। रोहित शर्मा ने अपनी टेस्ट कैप इंस्टाग्राम स्टोरी लगाते हुए लिखा- हेलो एवरीवन! आप सभी को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले रहा। अपने देश के लिए खेलना गर्व की बात है। सालों से मुझे सपोर्ट करने के लिए आप सभी का शुक्रिया। मैं वनडे में अपने देश के लिए खेलता रहूंगा।

## जीएचएमसी आयुक्त को ज्ञापन सौंपा



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। जामबाग डिवीजन के पार्षद श्री राकेश जायसवाल ने जीएचएमसी आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मनबढ़ जीएचएमसी अधिकारियों श्रीमती मंजुला सिंह , नरेश और आरिफ के खिलाफ उनके साथ अपमानजनक व्यवहार करने के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ आयुक्त से मिलकर आरोपित कर्मचारियों के खिलाफ सतर्कता जांच शुरू करने की भी मांग की है। उन्होंने बताया कि उक्त अधिकारियों ने उनके साथ बेहद अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए गालियां भी दी हैं। उक्त आरोपियों ने पुरानी कट्टलमंडी के निवासी राज कुमार के साथ मारपीट की, जो 64 वर्ग गज की संपत्ति के लिए भवन निर्माण की अनुमति के बारे में पूछताछ करने के लिए जीएचएमसी सर्कल नंबर 14 कार्यालय गए थे।

जायसवाल के साथ शंकर यादव, भाजपा फ्लोर लीडर और पार्षद, बेगम बाजार, लाल सिंह पार्षद, गोशामहल डिवीजन, तथा बी. दर्शन , पार्षद, जियागुडा डिवीजन, एम. कृष्ण, संयोजक, भाजपा गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र ने भी आयुक्त से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं. जी/इ.29/टीआर./निविदा सूचना/06/2025-26 दि.5-5-2025** PUB/0522

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-12-2025-26 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः (।) टीपीटीवायडब्ल्यू(तिरुपति पश्चिम) स्टेशन के सब-सेक्शनिंग एवं पैराल्लेलिंग पोस्ट (एसएसपी) पर अतिरिक्त या एडीशनल बीएम का प्रावधान। (।।)। गुंटकल डिवीजन के जीडीआर-आरयु-केपीडी सेक्शन में जंग लगे या रस्टेड कैन्टिलेवर्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट करना।

**अनुमानित लागतः**रु.92,77,061.00

**पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)**रु. 1,85,600.00

**निविदा बंद करने की तिथि व समयः**30-05-2025 के 15.00 बजे

टिप्पणीः निविदाकर्ता, निविदा दस्तावेज को निःशुल्क रूप में वेबसाइटः www.ireps.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन, गुंटकल**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. सी.इ.221/इएलएस/एलजीडी/आरसी/394/25-26/04, दि.6-5-2025** PUB/0520

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं. 1. निविदा सं. व दि. सी.इ.221/इएलएस/एलजीडी/आरसी/394, दि.6-5-2025 कार्य विवरणः3 फेज लोकोमोटिव्ज के 5 नंबर्स डब्ल्यूएपी7(7475/7775 केवीए) ट्रैक्शन की मरम्मत/रिवाइंडिंग करना। अनुमानित लागतःरू.1,67,76,052.00 बोली सुरक्षा(रू.) 2,33,9.00.00 निविदा प्रपत्र मूल्यःरू. शून्य ठेका अवधिः 36 महिने बंद करने तथा खोलने की तिथि व समयः28-05-2025 के 15.00 बजे एवं 28-05-2025 के 15.15 बजे आफर की वैधताः

निविदा खोलने की तिथि से लेकर 60 दिन

निविदा दस्तावेज की प्रस्तुतिः आईआरईपीएस वेबसाइटःwww.ireps.gov.in के माध्यम से

निविदा शर्तों/अन्य विवरण, निविदा दस्तावेजों के आईआरईपीएस के हमारे **वेबसाइटःwww.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, टीआरएस/लालागुडा**

**खुली निविदा सूचना सं. बी-इ29-टीआरडी-टीएनडीआर-05-2025-26, दि.6-5-2025** PUB/0523

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु आईआरईपीएस के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. बी-इ29-टीआरडी-टीएनडीआर-05-2025-26 कार्य विवरणः विजयवाडा डिवीजन- दुव्वाडा -विजयवाडा सेक्शन में बहुत पुराने इन्सुलेटर्स तथा जंग लगे कैन्टिलेवर्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट करना। अनुमानित लागत रु. 3,23,11,949.26 कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने बोली सुरक्षा (पूधरा)रु. 3,11,600.00 बंद करने की तिथि व समयः 26-05-2025 के 15.00 बजे

**क्रम सं.1-निविदा प्रपत्र मूल्यःरू. शून्य**

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, टीआरडी, विजयवाडा**

**खुली निविदा सूचना सं. बी-ई-29-टीआरडी-टीएनडीआर-06-2025-26 दि.6-5-2025** PUB/0524

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु आईआरईपीएस में निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं. बी-इ29-टीआरडी-टीएनडीआर-06-2025-26 कार्य विवरणः विजयवाडा डिवीजनः गुडूर-विजयवाडा सेक्शन में बहुत पुराने इन्सुलेटर्स एवं जंग लगे कैन्टिलेवर्स का रिप्लेसमेंट या प्रतिस्थापन। अनुमानित लागत रू. 3,23,13,732.60 कार्य पूरा करने की अवधिः12 महिने बोली सुरक्षा(पूधरा)रू.3,11,600.00 बंद करने की तिथिः 28-05-2025 के 15.00 बजे

**क्रम सं.1-निविदा प्रपत्र मूल्यः रू. शून्य**

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, टीआरडी, विजयवाडा**

**निविदा सूचना सं. एससीआर-बीजेडए-एसएनटी-ईओ1-ओटी-25-26, दि.6-5-2025** PUB/0521

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु दि.2-6-2025 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1. कार्य विवरणः निविदा सूचना सं. एवं तिथिःएससीआर-बीजेडए-एसएनटी-ईओ1-ओटी-25-26, दि.6-5-2025 विजयवाडा डिवीजनः सिग्नल एवं दूर संचार विभागः तत्संबंधित के प्रति एस एण्ड टी कार्यः 1. विजयवाडा डिवीजन के उच्च घनत्व या हाय डेन्सिटी नेटवर्क रूट्स पर सामलकोट(एसएलओ)-विशाखापट्नम (वीएसकेपी) सेक्शन के बीच गुल्लीपाडु (जीएलयु) पर इलेक्ट्रानिक इन्टरलाकिंग का प्रावधान। 2. गुल्लीपाडू(बीजेडए-वीएसकेपी सेक्शन) -डाउन साइड पर अतिरिक्त लूप लाइन सहित डबल लाइन पर स्टैन्डर्ड ले आउट के प्रावधान हेतु प्रस्ताव।

निविदा मूल्य रु.4,91,13,682.45 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु. 3,95,600.00 मात्र, आनलाईन या बिड सेक्युरिटी द्वारा सीटीबीःरु.शून्य कार्य पूरा करने की अवधिः 365 दिन

क्रम सं.1. कार्य विवरणः बंद करने की तिथि व समयः दि.2-6-2025 के 15.30 बजे

भावी निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि, किसी भी निविदा के परिवर्तनों/ शुद्धिपत्रों के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

**विभागीय रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी), विजयवाडा**

A0646

**निविदा शर्तों/अधिक जानकारी एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्स / https://www.ireps.gov.in तथा www.scr.indianrailways.gov.in पर जाएं।**


## केसीआर ने सटीक हमलों के लिए की भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना

**आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकता का किया आह्वान**



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों के सटीक हमलों पर गर्व व्यक्त किया और इस कार्रवाई को भारत की सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करार दिया। उन्होंने कहा कि एक भारतीय के रूप में, मुझे भारतीय सेना द्वारा प्रदर्शित सैन्य कौशल पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और उग्रवाद, किसी भी रूप में और किसी भी देश में, मानवता के लिए खतरा हैं। आतंकवाद के खिलाफ एकजुट वैश्विक रुख का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि जब दुनिया की सभी सकारात्मक सोच वाली शक्तियां एकजुट होंगी, तभी शांति और सद्भाव स्थापित हो सकता है। एक बयान में पूर्व मुख्यमंत्री ने राष्ट्र की रक्षा में निरंतर सतर्कता और क्षमता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को और अधिक शक्ति और मजबूती प्रदान करने की भी प्रार्थना की।

## मुठभेड़ में मारे गए 15 से अधिक नक्सली



बीजापुर, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के जंगलों में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 15 से अधिक नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जहां व्यापक स्तर पर उग्रवाद रोधी अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि सुबह अंतरराज्यीय सीमा पर करेंगुट्टा पहाड़ी के जंगल में मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि अब तक 15 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं और अभियान जारी है। बस्तर क्षेत्र में शुरू की गई सबसे बड़ी आतंकवाद विरोधी कार्रवाइयों में से एक, चल रहे ऑपरेशन संकल्प में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, विशेष कार्य बल (एसटीएफ), राज्य पुलिस की सभी इकाइयां, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा सहित विभिन्न इकाइयों के लगभग 24,000 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। यह अभियान माओवादियों के सबसे मजबूत सैन्य संगठन बटालियन संख्या 1 के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और माओवादियों की तेलंगाना राज्य समिति की मौजूदगी के बारे में मिली सूचना के आधार पर 21 अप्रैल को शुरू किया गया था।

## कराची बेकरी पर हमला

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। नाम में क्या रखा है? जब भी पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव बढ़ता है, तो हैदराबाद और विशाखापत्तनम की मशहूर कराची बेकरी के परिवार वालों से यह सवाल पूछा जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभक्ति का जोश पूरे जोश में है, इसलिए यह स्वाभाविक है कि कराची बेकरी के परिवार के सदस्यों और हैदराबाद में प्रिय कराची बेकरी की शाखाएं स्थापित करने वाले कई फ्रेंचाइजी मालिकों को कुछ तनावपूर्ण क्षणों का सामना करना पड़ सकता है।

दरअसल, मंगलवार को पहलगाम की घटना के कारण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कुछ उत्साही पार्टी कार्यकर्ताओं ने विशाखापत्तनम में प्रसिद्ध कराची बेकरी पर हमला कर दिया था। एक अन्य घटना में, 2019 में पुलवामा हमले के बाद, बेंगलुरु में कराची बेकरी आउटलेट को भारी विरोध का सामना करना पड़ा था और दुकान को अपने साइनबोर्ड से 'कराची' शब्द को ढंकने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उन सभी कार्यकर्ताओं के लिए यह बात स्पष्ट कर देना चाहिए जो अपनी नाराजगी व्यक्त करने और देशभक्ति प्रदर्शित करने के लिए किसी आसान लक्ष्य की तलाश में हैं, कराची बेकरी एक ऐसा भारतीय ब्रांड है जिसकी शुरुआत हैदराबाद से हुई है। फलों के बिस्कुट बनाने में माहिर प्रतिष्ठित कराची बेकरी की स्थापना खानचंद रामनानी ने 1953 में की थी और अब इसे उनके पोते राजेश और हरीश रामनानी चलाते हैं।

# अनुशासन और अपील नियम विषय बहुत व्यापक, संवेदनशील : अरुण कुमार जैन

## डीएआर मामलों के दोष मुक्त प्रबंधन पर व्याख्यान आयोजित



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। क्षमता निर्माण पहल के हिस्से के रूप में दक्षिण मध्य रेलवे की सतर्कता शाखा ने रेल निलयम ऑडिटोरियम, सिकंदराबाद में डीएआर मामलों के दोष मुक्त प्रबंधन पर एक व्याख्यान आयोजित किया। सतर्कता शाखा द्वारा क्षमता निर्माण पहल के एक हिस्से के रूप में फोर्टिफाई लेक्चर सीरीज़ के तहत यह तीसरा व्याख्यान है। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर इस सत्र के मुख्य अतिथि थे। नीरज अग्रवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक, एससीआर सम्मानित अतिथि, जे. विनयन, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, एससीआर अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। मल्लादी श्रीनिवास, उपमहाप्रबंधक समन्वय एवं महाप्रबंधक के सचिव, एससीआर मुख्य वक्ता थे और उन्होंने "डीएआर मामले के दोष मुक्त प्रबंधन" पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान पर विस्तार से बताते हुए, मल्लादी श्रीनिवास ने कहा कि, भारतीय रेलवे में डीएआर (अनुशासन और अपील नियम) कार्रवाई अनुशासन बनाए रखने, नैतिक मानकों को बनाए रखने और रेलवे कर्मचारियों के बीच जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक है। डीएआर मामलों को संसाधित करते समय और जांच करने के दौरान उचित प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। अक्सर, अनुशासनात्मक कार्यवाही के दौरान की गई प्रक्रियात्मक खामियों के कारण प्रशासन कोई भी समापन कार्रवाई करने में असमर्थ हो जाता है। व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य दोष मुक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के प्रति जागरूकता लाना था। मौजूदा नियमों का पालन करते हुए दोष मुक्त आरोप पत्र तैयार करने, जांच करने और दंड लगाने की उचित प्रक्रियाओं के मुद्दों पर चर्चा की गई। अनुशासनात्मक कार्यवाही के संचालन में देखी गई अनियमितताओं पर विभिन्न केस कानूनों पर भी चर्चा की गई। प्रतिभागियों को प्रक्रियागत चूक से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों और कानूनी मंचों पर अदालती मामला चलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही को कैसे संभालना है, इस बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों के ज्ञान को समृद्ध करने और विषय पर उनकी समझ को बढ़ाने में यह सत्र अत्यधिक लाभकारी रहा। सभा को संबोधित करते हुए, अरुण कुमार जैन ने कहा कि अनुशासन और अपील नियम (डीएआर) विषय बहुत व्यापक, संवेदनशील है और इससे निपटने के लिए बहुत अनुभव और विशेषज्ञता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह सत्र इस विषय से निपटने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बहुत उपयोगी और शिक्षाप्रद होगा। उन्होंने यह भी बताया कि डीलर को डीएआर मामले से निपटने में गलतियों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सतर्कता हमेशा निवारक होनी चाहिए, दंडात्मक नहीं। इस दिशा में एससीआर सतर्कता टीम ने 'फोर्टिफाई व्याख्यान श्रृंखला' आयोजित करके अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया, जिससे संगठन को बहुत लाभ हुआ और कामकाज में पारदर्शिता को बढ़ावा मिला। नीरज अग्रवाल ने दक्षिण मध्य रेलवे के कर्मचारियों और अधिकारियों के लाभ के लिए व्याख्यान श्रृंखला आयोजित करने में सतर्कता शाखा के प्रयासों की सराहना की।

## सैनिक स्कूलों में तेलंगाना कोटा बहाल करने की मांग

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता और पूर्व सांसद बी विनोद कुमार ने आंध्र प्रदेश में स्थित सैनिक स्कूलों में तेलंगाना के आरक्षण कोटे को हटाने पर कड़ी आपत्ति जताई।

उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि अगर कोटा बहाल नहीं किया गया तो वे कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से आग्रह किया कि वे दिल्ली जाएं और तुरंत आदेश वापस करवाएं। तेलंगाना भवन में बोलते हुए विनोद कुमार ने कहा कि कोरुकोंडा और कलिकिरी सैनिक स्कूलों में दाखिले के दौरान आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों के छात्रों को लगभग 67 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। उन्होंने कहा कि अब, कोटा पूरी तरह से आंध्र प्रदेश को आवंटित कर दिया गया है। यह तेलंगाना के छात्रों के साथ घोर अन्याय है।

उन्होंने निष्क्रियता के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की आलोचना की और कहा कि बाद वाले ने तेलंगाना के लिए सैनिक स्कूल की मांग करने वाले उनके पहले के पत्र का मज़ाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि बोल्लारम में सैनिक स्कूल के वादे का क्या हुआ? हमारे राज्य में अभी भी एक भी सैनिक स्कूल नहीं है, जबकि आंध्र प्रदेश में चार हैं। उन्होंने तेलंगाना के कांग्रेस और भाजपा सांसदों की आलोचना की और इस तरह के गंभीर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में उनकी विफलता पर सवाल उठाया। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति बीआरएस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए विनोद कुमार ने कहा कि पार्टी ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ सभी निर्णायक कार्रवाई का समर्थन करती है।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। पूर्व विधायक गोंगिडी सुनीता, पूर्व एमएलसी पल्ला राजेश्वर रेड्डी और बीआरएसवी अध्यक्ष गेलु श्रीनिवास यादव भी उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### ऑपरेशन सिंदूर से ...

सिंधु जल संधि पर ब्रेक लगाने और उनसे बहने वाले नदियों की धाराओं को नियंत्रित करने के मौजूदा भारतीय कोशिशों के बाद प्रधानमंत्री के संदेश ने विश्व को समझा दिया कि अब भारत रुकने वाला नहीं है और वही करेगा जो उसके हित में होगा।

पहलगाम में आतंकी हमला 22 अप्रैल को हुआ था और दो दिन बाद 24 अप्रैल को ही बिहार के मधुबनी में एक आमसभा में हिंदी में बोलते-बोलते प्रधानमंत्री मोदी अचानक अंग्रेजी में बोलने लगे और वहीं से पूरी दुनिया को बता दिया कि भारत क्या करने जा रहा है। उनकी बातों में दृढ़संकल्प था, जो ऑपरेशन सिंदूर के रूप में सामने आया है। उस दिन उन्होंने कहा था, 'आज बिहार की मिट्टी से मैं पूरी दुनिया से कहता हूं...भारत हर आतंकवादी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पीछा करेगा और उन्हें दंडित करेगा। हम धरती के अंत तक उनका पीछा करेंगे।...आतंकवाद से भारत की भावना कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा। भारत आतंकवाद के आगे कभी नहीं झुकेगा। जो भी मानवता में विश्वास रखता है, वो भारत के साथ है।' आतंकवाद से दुनिया के ज्यादातर देश पीड़ित हैं और ज्यादातर में किसी न किसी रूप में पाकिस्तान का हाथ रहा है, ऐसे में उसके आतंकी ठिकानों को मिटाने में भारत को किसी भी तरह की हिचकिचाहट नहीं हुई।

सिंधु जल संधि पर ब्रेक

सिंधु जल समझौते के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तीन बार सीधी लड़ाई हो चुकी है। लेकिन, भारत ने फिर भी कभी सिंधु जल संधि को हाथ नहीं लगाया। जबकि, यह समझौता पूरी तरह से पाकिस्तान के हक में है। बंटवारा तीन-तीन नदियों का तो हुआ है, लेकिन पाकिस्तान इसके ज्यादातर पानी का सुख भोगता आया है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सबसे बड़ा कदम यही उठाया कि सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया। इसके बाद भारत ने इससे जुड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट पर रुके हुए कार्यों को तेज करना शुरू कर दिया है और इस बात के लिए तैयार है कि चाहे कुछ भी हो जाए, इस अंतरराष्ट्रीय संधि के नाम पर देश हित से समझौता नहीं होने देगा। अपने इस रुख से भारत विश्व को यह संदेश दे पाया है कि अब भारत अपना भला-बुरा देखकर ही फैसला करेगा, उसे कूटनीतिक शब्द जाल में उलझाया नहीं जा सकता।

जब पहलगाम हमला हुआ था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुस्लिम देश सऊदी अरब में थे। उनकी मौजूदगी का असर ये हुआ कि उसने भी अपनी प्रतिक्रिया में सीमा-पार आतंकवाद की निंदा की। वहां से लौटते वक्त पीएम मोदी का विमान पाकिस्तानी एयरस्पेस को नजरअंदाज करके भारत लौटा। तभी दुनिया को संदेश चला गया कि भारत का मूड बहुत खराब हो चुका है और इसका अंजाम पाकिस्तान को भुगतना पड़ जाएगा। आगे चलकर भारतीय कूटनीति का असर ये हुआ की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ईरान जैसे अगुवा मुस्लिम देशों ने भी आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का समर्थन किया।

मोदी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड

मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने पहले उरी और फिर पुलवामा हमले का जो बदला क्रमशः सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक के रूप में लिया था, वह सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत के बदले में था। लेकिन, पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने 25 बेगुनाह पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी को धर्म और पहचान पूछकर चुन-चुनकर मार डाला था। बेगुनाहों का इस तरह से कत्लेआम के बाद भी भारत चुप रह जाएगा, यह किसी कूटनीतिक मूर्ख ने भी नहीं सोचा होगा। यही वजह था कि दुनिया को पता था कि भारत बदला लेकर रहेगा; और उसमें न तो देर होगी और वह पूरी तरह से माकूल भी होगा।

## पुनर्निर्धारित की जाएगी केआरएमबी समिति की बैठक

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (केआरएमबी) की तीन सदस्यीय समिति की इस सप्ताहांत बैठक होने की संभावना है, जिसमें दोनों तेलुगु राज्यों द्वारा रखी गई ताजे पानी की मांग पर निर्णय लिया जाएगा। तेलंगाना ने जुलाई 2025 के अंत तक अपनी पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए 10.26 टीएमसी कृष्णा जल का मांगपत्र प्रस्तुत किया है। अनुरोध में शामिल हैं- महबूबनगर जिले के लिए कलवाकुर्ती लिफ्ट सिंचाई योजना से 300 क्यूसेक, हैदराबाद और नलगोंडा को आपूर्ति करने के लिए अलीमिनेटी माधव रेड्डी परियोजना (एएमआरपी) से %50 क्यूसेक और खम्मम जिले के लिए नागार्जुन सागर परियोजना से 300 क्यूसेक।

तेलंगाना ने केआरएमबी से जुलाई 2025 के अंत तक पीने के पानी के लिए आंध्र प्रदेश के आवंटन को केवल 0.5 टीएमसीएफटी तक सीमित करने का भी आग्रह किया है क्योंकि राज्य ने पहले ही अपना आवंटित हिस्सा समाप्त कर दिया है।


स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com



**दक्षिण मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. 01/डीआरएम/एमईसीएच/एनडीडी/ओटी/25-26, दि.6-5-2025** PUB/0529

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु खुली ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1. टेंडर नं. टी-07/लाइनन डिस्ट्री./एसी कोच/4 टीआर./ओटी/24-27, कार्य विवरणः एक वर्ष की अवधि के लिए, ट्रेन नं.12715/16, 17611/12, 17614/13 व 17630/29 के वातानुकूलित शयनयानों या एयर-कण्डीशनिंग कोचेस के लाईनन डिस्ट्रीब्यूशन वर्क की आउटसोर्सिंग करना। (दो पैकेट प्रणाली)। कार्य की अनुमानित लागतःरू. 4,63,74,953.82 (जीएसटी@18% सहित) पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रू. 3,81,900/- निविदा प्रपत्र मूल्य रू. शून्य (एफए एण्ड सीएओ/एससी की पत्र सं. ए/जीएसटी/स्पष्टीकरण/2019 दि.6-4-2020 नुसार)

उपरोक्त निविदा, दि.27-05-2025 के 15.00 बजे बंद होगी। अन्य विवरण तथा ई-निविदाओं की प्रस्तुति के लिए, कृपया वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज चेक करें।

**वरिष्ठ विभागीय यांत्रिक अभियंता/नांदेड**

A0659

**निविदा शर्तों/अधिक जानकारी एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्स / https://www.ireps.gov.in तथा www.scr.indianrailways.gov.in पर जाएं।**

# हार्दिक और गुजरात के चीफ कोच नेहरा पर जुर्माना

## मुंबई का दूसरी बार स्लो ओवर; कप्तान पर 24 लाख और खिलाड़ियों पर भी फाइन






मुंबई, 7 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या सहित प्लेइंग इलेवन में शामिल खिलाड़ियों और इंपैक्ट प्लेयर पर स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। वहीं गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा पर भी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला हुआ।

मुंबई इंडियंस का इस सीजन में स्लो ओवर रेट का यह दूसरा मामला है। ऐसे में टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 24 लाख और इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित प्लेइंग इलेवन के सभी सदस्यों पर 6 लाख या मैच का 25 प्रतिशत जो भी कम हो जुर्माना लगाया गया है।

**साई किशोर पर नेहरा हुए गुस्सा**

गुजरात टाइटंस के हेड कोच आशीष नेहरा पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें IPL आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला है। उन्होंने अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया जो खेल की भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है। उन्होंने मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया है।

दरअसल मुंबई इंडियंस की पारी के 5वें ओवर की आखिरी गेंद में फॉर्म चल रहे मुंबई इंडियंस के बैटर सूर्य कुमार यादव को जीवनदान मिला। मिडविकेट पर खड़े साई किशोर के हाथ से गेंद निकल गई। जिसके बाद गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा आपा खो गए और वह डगआउट से ही चिल्लाने लगे।

**गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हराया**

गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के वर्षा बाधित मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हराया। गुजरात को 155 रन का टारगेट मिला था। खेल दोबारा शुरू हुआ और गुजरात को 147 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। टीम को 6 गेंद पर 15 रन की जरूरत पड़ी। दीपक चाहर इसे डिफेंड नहीं कर सके।

वानखड़े स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। विल जैक्स ने 53 और सूर्यकुमार यादव ने 35 रन बनाए। साई किशोर ने 2 विकेट झटके।

**इस सीजन में स्लो ओवर के लिए नौवीं बार जुर्माना**

इस सीजन में स्लो ओवर के लिए नौवीं बार जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत, शुभमन गिल (गुजरात टाइटंस), अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स), संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), रजत पाटीदार (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स) और हार्दिक पांड्या (मुंबई इंडियंस) सभी को इस सीजन में धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया है।

# निहाल करेंगे एशियाई महाद्वीपीय शतरंज में भारत की अगुवाई



अल ऐन, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। नौ दौर की इस प्रतियोगिता में शीर्ष वरीयता प्राप्त और फॉर्म में चल रहे सरीन खिताब के साथ-साथ इस साल के अंत में अक्तूबर में नई दिल्ली में होने वाले अगले विश्व शतरंज कप में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। सबसे कड़ी एशियाई चैंपियनशिप में 18 भारतीय ग्रैंडमास्टर चुनौती पेश करेंगे जिसमें से शीर्ष 10 खिलाड़ी अगले विश्व शतरंज कप के लिए क्वालिफाई करेंगे।

हाल ही में ताशकंद ओपन जीतने वाले सरीन अब भारत के अगले 2700 ईएलओ रेटिंग खिलाड़ी बनने के करीब हैं। वह इस प्रतिष्ठित रेटिंग से सिर्फ सात अंक पीछे हैं। हालांकि ईरान के अमीन तबातबाई और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव जैसे कई एशियाई दिग्गजों की मौजूदगी में सरीन की राह आसान नहीं होगी। इन दोनों को क्रमशः दूसरी और तीसरी वरीयता मिली है। चौथी वरीयता प्राप्त मुरली कार्तिकियन पर भी सबकी निगाहें रहेंगी जबकि लियोन ल्यूक मेंडोंका और मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन वी प्रणव भी पोडियम पर जगह बनाने के दावेदार हैं। सूर्य शेखर गांगुली और पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन अभिजीत गुप्ता की चुनौती को नकारा नहीं जा सकता।

महिला चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई अंतरराष्ट्रीय मास्टर और शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण पदक विजेता वंतिका अग्रवाल करेंगी। अन्य भारतीय महिला खिलाड़ियों में पीवी नंधिधा, पद्मिनी राउत और रक्षिता रवि भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। यह पहली बार होगा जब रूस के खिलाड़ी फिडे (शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था) के झंडे तले खेलते हुए एशियाई प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते क्या आईपीएल 2025 पर गिरेगी गाज?

## बीसीसीआई ने दिया अपडेट




नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल अटैक कर दिया। इस हमले में बड़ी संख्या में आतंकी मारे गए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कुल मिलाकर नौ जगहों को निशाना बनाया गया। भारत के इस अभियान को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। इस स्ट्राइक की वजह से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है, जिससे भारत में जारी आईपीएल पर भी खतरा मंडराने लगा। लेकिन अब बीसीसीआई ने स्थिति को पूरी तरह साफ कर दिया है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने 'एएनआई' से बात करते हुए कहा कि आईपीएल 2025 सामान्य रूप से जारी रहेगा। सूत्र ने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों का आईपीएल शेड्यूलिंग और मैचों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और यह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही चलेगा।

**कुल 9 जगहों पर हुए हमले**

सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में चार ठिकानों को निशाना बनाया और नष्ट कर दिया, जिनमें बहावलपुर, मुरीदके और सियालकोट के प्रमुख स्थान शामिल थे, जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में पांच अन्य ठिकानों को भी सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया। भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना ने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया और अपने संसाधनों और सैनिकों को तैनात किया।

**भारत की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई**

सूत्रों ने आगे बताया कि सभी नौ ठिकानों पर हमले सफल रहे। भारतीय सेना ने भारत में आतंकवादी गतिविधियों को स्पॉन्सर करने में शामिल जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के टॉप नेताओं को निशाना बनाने के लिए स्थानों का सिलेक्शन किया था। यह पिछले पांच दशक से ज्यादा समय में पाकिस्तानी क्षेत्र में भारत सरकार की सबसे महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई है।

# चोट है या कोई और वजह? केकेआर के खिलाफ मैच से पहले एमएस धोनी ने नहीं की ट्रेनिंग, कोच का बयान आया सामने




चेन्नई, 7 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 से पहले ही बाहर हो चुकी पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी। इस मैच से पहले सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कथित तौर पर ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा नहीं लिया, जिससे उनकी फिटनेस को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। धोनी की फिटनेस को लेकर अब टीम के बॉलिंग कोच एरिक सिमंस ने कंफर्म कर दिया है कि वो कोलकाता के खिलाफ मैच में मैदान पर उतरेंगे।

मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए सिमंस ने धोनी के प्रैक्टिस सेशन छोड़ने की चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने सीएसके कप्तान के ट्रेनिंग छोड़ने के पीछे के तर्क को भी समझाया। उन्होंने कहा, 'हां, कल उनके खेलने की उम्मीद है। धोनी के मामले में वह अपनी स्थिति को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। वह जानते हैं कि वह कहां हैं। अपनी तैयारियों के मामले में वह हमेशा किसी भी टूर्नामेंट की शुरुआत में बहुत मेहनत करते हैं और फिर खुद को एडजस्ट करते हैं। वो खुद को ऐसी जगह पर ले जाते हैं, जहां वह तैयार होते हैं। इसलिए कोई समस्या नहीं है, वह बस जानते हैं कि वह कब तैयार हैं और कब नहीं।'

**यही उनकी क्षमता और खासियत है- सिमंस**

सीएसके के बॉलिंग कोच ने आगे कहा, 'आप एमएस धोनी को एक क्रिकेटर के रूप में देखते हैं। हम हमेशा उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखते हैं जो एक असाधारण व्यक्ति हैं। टीम पर उनका प्रभाव, रुतुराज गायकवाड़ को निखारने की उनकी क्षमता, युवा क्रिकेटरों को निखारने की उनकी क्षमता, यही उनकी खासियत है।'

आईपीएल 2025 के लिए सीएसके का फुल स्क्वॉड- आयुष म्हात्रे, शेख रशीद, सैम कुरेन, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी (विकेटकीपर/कप्तान), शिवम दुबे, दीपक हुड्डा, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, रविचंद्रन अश्विन, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र, मुकेश चौधरी, उर्विल पटेल, नाथन एलिस, आंद्रे सिद्धार्थ।

# विजेंदर से लेकर साइना-योगेश्वर तक ओलंपिक पदक विजेताओं ने भी भारत के कार्रवाई की सराहना



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला भारत ने ले लिया है। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मिसाइल दागे और उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। इस कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान और वहां के नेताओं की ओर से गीदड़भभकियां भी शुरू हो गई हैं। वहीं, भारतीय लोग ऑपरेशन सिंदूर से बेहद खुश हैं। खेल जगत से भी इसको लेकर काफी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ियों ने इसको लेकर प्रतिक्रियाएं दी हैं और खुशी जताई है।

2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा, 'जय हिंद'। वहीं, 2008 बीजिंग ओलंपिक में मुक्केबाजी में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने वाले विजेंदर सिंह और 2012 लंदन ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। विजेंदर ने लिखा, 'भारत माता की जय।' योगेश्वर ने लिखा, 'आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत। जय हिंद, जय जवान।'

शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा, 'मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया। आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिए। ऑपरेशन का कितना सुंदर नाम। भारत माता की जय।' राष्ट्रमंडल खेलों में तीन बार की पदक विजेता बबीता फोगाट ने लिखा, 'जिहादियों ने कहा था मोदी को बता देना...जाओ बता भी दिया और मिट्टी में मिला भी दिया..भारत माता की जय।' उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा, 'भारतीय सेना ने मिट्टी में मिला दिया। जय हिंद की सेना! आतंकवादियों ने हमारी मां बहनों की मांग से सिंदूर छीने थे, मोदी जी ने आतंकवादियों के हलक से उनकी जान छीन ली!!'

22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ। उसमें 25 पर्यटकों और एक नेपाली नागरिक की जान गई थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत इसका जवाब देगा। इसके बाद 29 अप्रैल को सेना के तीनों प्रमुखों, सीडीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार समेत वरिष्ठ मंत्रियों के साथ हुई बैठक में भी प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का जवाब किस तरह होगा और कब होगा, यह तय करने के लिए सेना को खुली छूट दी गई है। इसके बाद यह तय हो गया था कि भारत जल्द कार्रवाई करेगा। पहलगाम हमले में आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी थी। हमले के 15 दिन बाद 6 और 7 मई की दरमियानी रात यह कार्रवाई पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, दोनों के अंदर ऐसी जगहों पर हुई, जहां आतंकियों के ठिकाने मौजूद हैं। कुल नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसमें यह ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान का कोई सैन्य ठिकाना इसकी जद में न आए। भारत ने इस मामले में संयम बरता और सिर्फ आतंकी ढांचों को निशाना बनाया।

**ऑपरेशन सिंदूर ही नाम क्यों?**

22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम स्थित पर्यटक स्थल पर आतंकियों ने गोलियां बरसाई थीं। इन आतंकियों ने लोगों से धर्म पूछा था। हिंदू पुरुषों को अलग किया और उनके परिवार के सामने उन्हें गोली मार दी। हमले में कई महिलाओं ने अपने पति को खोया। इनमें से कुछ महिलाओं की कुछ ही दिन पहले शादी हुई थी और वे पति के साथ पर्यटन के लिए पहलगाम आई थीं। इस हमले में जिन महिलाओं के माथे का सिंदूर छिन गया, उन्हीं के सम्मान में एक संदेश देने के लिए भारत ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया।

# नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

## पाकिस्तान से आया था ईमेल

अहमदाबाद, 7 मई (एजेंसियां)। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) को पाकिस्तान से एक ईमेल आया है, जिसमें नरेंद्र मोदी स्टेडियम को विस्फोट कर उड़ाने की धमकी दी गई है। जीसीए ने अहमदाबाद पुलिस को इसकी सूचना दी और अहमदाबाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और बम निरोधक दस्ते की एक टीम ने स्टेडियम में जांच की है।इस बारे में एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने बताया कि यह ई-मेल पाकिस्तान जेके के नाम से आया था और एक लाइन में 'वी विल ब्लास्ट योर स्टेडियम' लिखा था। आगामी दिनों में यहां आईपीएल के मैच भी होने हैं। 63 एकड़ में फैले स्टेडियम में एक लाख 32 हजार लोगों के बैठने की क्षमता। दुनिया का पहला स्टेडियम, जहां लाल व काली मिट्टी से बनीं 11 मल्टीपल पिच। 7 सौ करोड़ रुपए की लागत से बना था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसका उद्घाटन किया। 13 हजार गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था, परछाई हटाने वाली एलईडी लाइट्स। 30 मिनट के अंदर मैदान सुखाने का ड्रेनेज सिस्टम, 11 मल्टीपल पिच। 76 एयर कंडीशंड कॉर्पोरेट बॉक्स। अहमदाबाद के इस स्टेडियम में अभी आईपीएल के दो मैच शेष हैं। पहला मैच 14 मई को और दूसरा मैच 18 मई को खेला जाएगा। गुजरात पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी, जबकि दूसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला करेगी। नरेंद्र मोदी स्टेडियम दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इसकी दर्शक क्षमता 1 लाख 32 हजार है। इससे पहले दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न का नाम शुमार था। एमसीजी की क्षमता एक लाख दर्शक है।

# भारतीय सेना के बाद एक्शन में सचिन तेंदुलकर

## 22 शब्दों में दिया पाकिस्तान को कड़ा संदेश



मुंबई, 7 मई (एजेंसियां)। आधी रात को पाकिस्तान पर भारतीय वायु सेना का एक्शन हुआ। और, जब सुबह हुई तो एक्शन में वो भी दिखे जो 22 गज के धुरंधर हैं. जी हां, सेना के बाद सचिन तेंदुलकर भी पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन में नजर आए. बड़ी बात ये रही कि पाकिस्तान तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए 22 गज की पट्टी के माहिर खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने इस्तेमाल भी सिर्फ 22 शब्दों का किया. वो 22 शब्द भारत की ताकत को बताते हैं. उसकी उस एकता और अखंडता का एहसास कराते हैं, जिसके बारे में सचिन तेंदुलकर ने पाकिस्तान को बताना चाहा है.

सचिन तेंदुलकर ने अपने एक्स हैंडल पर वो 22 शब्द लिखते हुए पाकिस्तान को ये पैगाम दिया है, कि इस दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं. जब भी आतंक या आतंकवाद से सामना होगा, हम एक टीम बनकर खड़े रहेंगे. उन्होंने लिखा कि भारत की ताकत असीम है और उसकी एकता उसके बेखौफ होने प्रमाण. रही भारत की ढाल की बात तो वो उसके लोग हैं. जय हिंद.

**सचिन ही नहीं धवन ने भी दिया पैगाम**

सचिन तेंदुलकर ने तो पाकिस्तान को अपनी भाषा में समझाया ही. कुछ दूसरे भारतीय क्रिकेटरों ने भी ऐसा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. पिछले दिनों भारतीय सेना पर कटाक्ष करने वाले शाहिद अफरीदी को उन्होंने अच्छा जवाब दिया था. अब जब भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाया तो धवन ने गर्व से भारत माता की जय कहते हुए कहा-आतंकवाद फैलाने वालों के खिलाफ इंडिया कार्रवाई करेगा.

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गौतम गंभीर क्या बोले?**

टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच और बाएं हाथ के जबरदस्त बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर तो भारत वायु सेना की कार्रवाई के बाद गर्व महसूस कर रहे हैं. उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को कुछ यूं बयां किया है.

# खेलो इंडिया युवा खेल में निशानेबाज मयंक का जलवा

## दो दिन में जीता दूसरा स्वर्ण



नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। राजस्थान के मयंक चौधरी ने खेलो इंडिया युवा खेलों में लड़कों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए दो दिन में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। मयंक ने इससे पहले सोमवार को मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था।

**मध्य प्रदेश के युग प्रताप सिंह राठौर भी चमके**

मयंक ने 239.2 अंक हासिल करते हुए चंडीगढ़ के धैर्य पराशर (235.3) को आसानी से पछाड़ा। मध्य प्रदेश के युग प्रताप सिंह राठौर ने 214.8 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता।

**प्राची ने तिलोत्तमा सेन को हराया**

प्राची गायकवाड़ ने लड़कियों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन को हराया। अपने दूसरे खेलो इंडिया युवा खेलों में हिस्सा लेते हुए प्राची ने पिछले सत्र के प्रदर्शन में सुधार किया, जहां उन्होंने कांस्य पदक जीता था।

पेरिस ओलंपिक के पदक विजेता स्वप्निल कुसाले से प्रेरणा लेने वाली महाराष्ट्र की इस निशानेबाज ने तिलोत्तमा के 455.6 अंकों के मुकाबले 458.4 अंक हासिल किए।

# हिमाचल कबड्डी में बेटियों का डंका फेडरेशन कप जीता



बिलासपुर, 7 मई (एजेंसियां)। कबड्डी में पहाड़ की बेटियों ने फिर लोहा मनवाया है। बेटियों ने चौथे सीनियर महिला फेडरेशन कप अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में रेलवे की टीम को 33-25 के अंतर से हराकर हिमाचल ने दबदबा कायम किया। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने बताया कि टीम ने सेमीफाइनल में हरियाणा की मजबूत टीम को 29-28 के करीबी अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। विजेता टीम में पुष्पा राणा, साक्षी शर्मा, ज्योति ठाकुर, भावना ठाकुर, अंकिता चंदेल, शगुन, तन्वी लुक्टा, दिव्या मेहता, शैली चंदेल, स्वाति, अंशुल, रंजना, कृतिका और दिव्या ज्योति शामिल रहीं। टीम की कोच पूजा ठाकुर थीं। वहीं, सहायक कोच के रूप में सुमन शर्मा टीम के साथ रहीं। महासचिव ने इस जीत का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत, बेहतरीन कोचिंग और हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन को दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचली की टीम न केवल राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन कर रही है।

# ताइवान ओपन बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन, मनराज-मानसी दूसरे दौर में बाहर



ताइपे, 7 मई (एजेंसियां)। मनराज को मलयेशिया के तान जिया जी से 21-9, 19-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि रघु को पुरुष एकल में इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्लाह से 16-21, 17-21 से शिकस्त मिली। महिला एकल में प्रतिस्पर्धा कर रही मानसी को थाईलैंड की पिचामोन ओपातनिपुथ ने 17-21, 10-21 से हराया।

इससे पहले क्वालिफायर के शुरुआती मुकाबले में रघु ने मकाऊ के पुई पैंग फोंग पर 14-21, 21-16, 21-14 से जीत दर्ज की थी। मनराज ने स्थानीय खिलाड़ी चेंग काई को 19-21, 21-13, 21-11 से हराया था। पुरुष एकल में आर्यमान टंडन और मिथुन मंजुनाथ को क्वालिफायर के शुरुआती दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में इशाराणी बरुआ, इरा शर्मा और श्रेया लेले भी पहले दौर में ही बाहर हो गईं। मानसी ने ताइवान की ल्याई हिसन-पेई को 22-20, 14-21, 21-17 से मात दी थी।

# भारतीय सेना का समर्थन करने का मजबूत संदेश दिया जाना चाहिए : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत लक्षित सैन्य हमलों की श्रृंखला के बाद समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत लक्षित सैन्य हमलों की श्रृंखला के बाद समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पूरे देश द्वारा भारतीय सेना का समर्थन करने का एक मजबूत संदेश दिया जाना चाहिए। राजनीति नहीं होनी चाहिए और कठिन समय में पार्टियों को संयम बनाए रखना चाहिए। आपातकालीन सेवाओं में लगे सभी विभागों के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। सभी कर्मचारियों को सेवाएं देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मंत्री और अधिकारी भी उपलब्ध रहें और यदि कोई विदेश यात्रा हो तो उसे रद्द कर दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में सरकारी कर्मचारियों द्वारा विवादास्पद बयान दिए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। जनता के लिए चौबीसों घंटे टोल-फ्री नंबर उपलब्ध कराया जाएगा। पुलिस अधिकारियों को अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिकों को हिरासत में लेने का आदेश दिया। कमांड कंट्रोल सेंटर में एक संचार प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। शांति और सुरक्षा को बाधित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को आपातकालीन जरूरतों के लिए ब्लड बैंकों और आपातकालीन दवाओं में रक्त का भंडारण करने के लिए कहा गया है। निजी अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता के बारे में समय-समय पर जानकारी अपडेट की जानी चाहिए। रेड क्रॉस के साथ समन्वय को मजबूत करें। खाद्यान्न भंडार भी पर्याप्त मात्रा में बनाए जाएं। साइबर सुरक्षा के बारे में सतर्क रहें और फर्जी खबरें फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। लोगों में चिंता और दहशत पैदा करने वाली फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष सेल काम करेगा। ग्रेटर हैदराबाद शहर में तीनों पुलिस आयुक्तालयों में सभी सीसीटीवी कैमरों को कमांड कंट्रोल रूम से जोड़ने के लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। सभी जिला मुख्यालयों और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाएँ और सुरक्षा बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में सभी विदेशी वाणिज्य दूतावासों में सुरक्षा कड़ी करें। सभी आईटी कंपनियों में सुरक्षा उपायों को बढ़ाएँ। मुख्यमंत्री ने हैदराबाद पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने और जरूरत पड़ने पर शांति समितियों के साथ बातचीत करने का निर्देश दिया। पुलिस विभाग को हिस्ट्रीशीटर और पुराने अपराधियों की हरकतों पर भी नजर रखनी चाहिए। इसी क्रम में सीएम रेवंत रेड्डी ने कमांड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया।

# एनटीए ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पीजी 2025 के जारी किए नतीजे

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानों में सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी 2025 के परिणाम जारी किए। अभ्यर्थी अपना स्कोर कार्ड आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन संख्या और जन्म तिथि दर्ज करके डाउनलोड कर सकते हैं। एनटीए के अनुसार, 13, 15, 16, 18, 19, 21, 30 मार्च और 1 अप्रैल को कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में आयोजित परीक्षाओं के लिए 654019 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया और 523032 उपस्थित हुए। सीयूईटी (पीजी) - 2025 में कुल 191 विश्वविद्यालयों (केंद्रीय/राज्य/निजी और अन्य) ने भाग लिया। एनटीए ने कहा कि मेरिट सूची भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों/संगठनों द्वारा तैयार की जाएगी, और कहा कि विश्वविद्यालय एनटीए द्वारा उपलब्ध कराए गए सीयूईटी (पीजी) - 2025 स्कोर कार्ड के आधार पर अपनी व्यक्तिगत काउंसलिंग के बारे में निर्णय लेंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री दामोदरम संजीवय्या की पुण्यतिथि मनाई गई



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दामोदरम संजीवय्या की पुण्यतिथि के अवसर पर मंत्री पोन्नम प्रभाकर, वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी के नेता वीएच, बीसी आयोग के अध्यक्ष निरंजन ने एलबी स्टेडियम के सामने दामोदरम संजीवैया की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।बाद में, उन्होंने दामोदरम संजीवय्या घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद वी हनुमंत राव ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक महान व्यक्ति थे जिनके पास मुख्यमंत्री पद पर बने रहने के लिए अपना घर भी नहीं था और वे युवाओं के लिए एक आदर्श व्यक्ति थे। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय की चैंपियन है। कांग्रेस पार्टी ने एक गरीब दलित को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बना दिया। कांग्रेस पार्टी के एक अनुशासित नेता के रूप में दामोदरम संजीवय्या हम सभी के लिए एक उदाहरण हैं। हम आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कर्नूल जिले का नाम उनके नाम पर रखने के लिए पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि मैं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के माध्यम से एक पत्र भी लिखूंगा और दामोदरम संजीवय्या का नाम बदलने के लिए कदम उठाऊंगा। उन्होंने कहा कि हम उनके द्वारा दिखाए गए सामाजिक नेतृत्व को आगे बढ़ा रहे हैं, भले ही वे संयुक्त राज्य के कर्नूल जिले से संबंध रखते हों। इस कार्यक्रम में पीसीसी महासचिव आर लक्ष्मण यादव, कैलाश लकपति गौड़ और गरुगंती रमेश नागभूषण उपस्थित थे।

# भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट जब्त, दो गिरफ्तार




हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी पुलिस आयुक्त टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व क्षेत्र टीम ने संतोष नगर पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों के साथ मिलकर कालापत्थर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत प्रतिबंधित ई-सिगरेट बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया और लगभग 4 लाख 50 हजार रुपये मूल्य की प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम यानी ई-सिगरेट जब्त की। पुलिस ने इस मामले में मोहम्मद जाहेद हुसैन निवासी संतोष नगर, हैदराबाद, और सैयद नाज़िश अहमद, निवासी, मोगलपुरा, हैदराबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि विश्वसनीय सूचना आयुक्त के टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व क्षेत्र टीम ने दो व्यक्तियों मोहम्मद जाहेद हुसैन और सैयद नाज़िश अहमद को गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों के पास प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम के विभिन्न ब्रांड के ई-सिगरेट मिलें हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि, उन्होंने प्रतिबंधित ई-सिगरेट मोहम्मद शोएब नाम के एक व्यक्ति, मोगलपुरा, हैदराबाद से खरीदी है और जरूरतमंद ग्राहकों को ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध रूप से भारी मुनाफा कमा रहे हैं। यह छापेमारी एस. सैदाबाबू, पुलिस निरीक्षक, दक्षिण-पूर्व जोन टास्क फोर्स टीम की देखरेख में एसआई, पी. साईराम, एस.के. कविउद्दीन, एम. मधु और पीसी सैयद अजीज मोहम्मद और कमिश्नर टास्क फोर्स, दक्षिण-पूर्व जोन हैदराबाद के कर्मचारियों के साथ-साथ संतोष नगर पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा की गई।

# कार की चपेट में आया बच्चा, अस्पताल में मौत

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। बचुपल्ली के मधुरा नगर में सड़क पर लापरवाही से चलाई जा रही कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए तीन वर्षीय बच्चे की मंगलवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्चा अनिल कुमार, जिसके पिता सूरी बाबू प्रशांति हिल्स स्थित एक अपार्टमेंट में चौकीदार हैं, अपने परिवार के साथ बेसमेंट के एक कमरे में रहता था।

घटना शाम को उस समय घटी जब अनिल कुमार घर के बाहर खेल रहा था और वह मुख्य सड़क पर पहुंचा, तभी तेज गति व लापरवाही से चलाई जा रही एक कार ने बच्चे को कुचल दिया। पुलिस ने बताया, 'वह कार के अगले टायर के नीचे आ गया और उसे गंभीर चोटें आईं। उसके परिवार के सदस्यों को जब घटना का अहसास हुआ तो वे उसे पास के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।' बाचुपल्ली पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रगतिनगर एसपीडीसीएल एई एसीबी के जाल में

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। प्रगतिनगर, टीजीएसपीडीसीएल एई (संचालन) ए ज्ञानेश्वर को एसीबी के रंगारेड्डी इकाई के अधिकारियों ने उस समय पकड़ा, जब उसने शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी और आधिकारिक पक्षपात दिखाने के लिए 10 हजार रुपये स्वीकार किए। यानी "63 केवी ट्रांसफॉर्मर के लिए कार्य पूर्णता आदेश जारी करने और शिकायतकर्ता के प्लॉट पर नौ तृतीय चरण मीटर लगाने के लिए"। आरोपी की निशानदेही पर उससे रिश्वत की रकम बरामद की गई। ए ज्ञानेश्वर, एई (संचालन), प्रगतिनगर, टीजीएसपीडीसीएल को गिरफ्तार किया गया और हैदराबाद के नामपल्ली में प्रथम अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश, एसपीई और एसीबी मामलों के समक्ष पेश किया गया।



# सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का खुलासा एक कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने 72 घंटे के अंदर दोहरे हत्याकांड का खुलासा किया है। इस मामलें एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। अलवाल पुलिस स्टेशन, सीसीएस मेडचल और एसओटी मेडचल जोन की टीमों ने आरोपी को 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर दोहरे हत्याकांड का खुलासा किया। पुलिस उपायुक्त, मेडचल जोन, साइबराबाद एन. कोटि रेड्डी ने बताया कि बीते चार मई को बोज्जा लता, पत्नी वेंकन्ना, माचाबोलरम निवासी से एक शिकायत प्राप्त हुई। उसने बताया कि उसका परिवार पिछले 8 वर्षों से माचाबोलरम में रह रहा था, और एक अपार्टमेंट में चौकीदार के रूप में काम कर रहा था। उसके माता-पिता, राजम्मा और कनकैय्या, पिछले 5 महीनों से अलवाल में पास में ही रह रहे थे। उसके पिता पिछले दो महीनों से बीमार थे, और वह रोजाना उनसे मिलने जाती थी। बीते 3 मई को, लगभग शाम सात बजे उसके माता-पिता उसके घर आए और लगभग दोपहर दो बजे चले गए। अगली सुबह, 4 मई को सुबह वह अपने माता-पिता के घर दूध का पैकेट देने गई। वहां देखा तो उन्हें सिर पर गंभीर चोट और खून बहने के साथ खाट पर लेटा हुआ पाया। अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें डंडे से हमला करके मार डाला और सोने व चांदी के आभूषण चुरा लिए। घटना रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामलें की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस उपायुक्त, मेडचल जोन, साइबराबाद एन. कोटि रेड्डी ने आगे बताया कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपी चिंताकिंडी अनिल कुमार, निवासी कृष्णा नगर कॉलोनी, माचाबोलारम को गिरफ्तार किया गया। अनिल चोरी, हत्या के प्रयास, बलात्कार आदि कई मामलों का आरोपी है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण के साथ पिछले अपराध रिकॉर्ड की समीक्षा की गई। आरोपी को पकड़ने वाली टीमों में अलवाल पुलिस स्टेशन की अपराध टीम, सीसीएस मेडचल, एसओटी मेडचल जोन शामिल रही। डीसीपी मेडचल जोन, साइबराबाद एन. कोटि रेड्डी की देखरेख में अलवाल पीएस के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर ऑफ पुलिस और सीसीएस मेडचल तथा एसओटी मेडचल जोन की टीमों के सराहनीय प्रयासों की हम बहुत सराहना करते हैं। उनके समर्पण और त्वरित कार्रवाई को उचित रूप से पुरस्कृत किया जा रहा है।

# एससी, एसटी छात्रों को किया गया निराश

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। किसानों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और कर्मचारियों को यह महसूस होने के बाद कि कांग्रेस सरकार उनसे किए गए अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है, अब छात्रों, विशेषकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को सत्तारूढ़ पार्टी की खोखली बातों को समझने की बारी है। एक शैक्षणिक वर्ष समाप्त होने और परिणाम घोषित होने के बाद भी छात्र विद्या ज्योतिलु योजना के तहत वादा किए गए वित्तीय सहायता पर सरकार की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रत्येक एससी और एसटी छात्र को 10,000 रुपये, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने पर 15,000 रुपये, स्नातक पूरा करने पर 25,000 रुपये और स्नातकोत्तर पूरा करने पर 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने का वादा किया था। इसके अलावा, एमफिल और पीएचडी पूरा करने वालों को 5-5 लाख रुपये की सहायता देने का वादा किया गया था। ये आश्वासन पार्टी के घोषणापत्र में शामिल थे और संसदीय चुनावों के दौरान भी छात्रों को दोहराए गए थे।

पिछले महीने कक्षा 10 और इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए गए थे। महबूबाबाद जिला, जिसमें काफी एससी और एसटी आबादी है, नतीजों में सबसे आगे रहा। इसी तरह, मेडचल ने इंटरमीडिएट के पहले साल और मुलुगु ने दूसरे साल के नतीजों में शीर्ष स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कक्षा 10 के परिणाम जारी किए, जबकि उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने इंटरमीडिएट के परिणाम जारी किए। हालांकि दोनों ने छात्रों को उनके नतीजों पर बधाई दी, लेकिन दोनों ने एससी और एसटी छात्रों को दिए जाने वाले वित्तीय आश्वासन पर रणनीतिक चुप्पी बनाए रखी। कई लोग सोच रहे हैं कि क्या कांग्रेस सरकार को छात्रों से किए गए ये वादे याद भी हैं। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने विधानसभा में वार्षिक बजट पेश करते हुए कहा था कि सरकार अनुसूचित जनजाति विशेष विकास निधि के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के लिए धन आवंटित कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि एससी/एसटी उपयोजना को लागू करने के अलावा, सरकार 2025-26 वित्तीय वर्ष में अपेक्षित धनराशि जारी कर रही है। तदनुसार, एससी कल्याण के लिए 40,232 करोड़ रुपये और एसटी कल्याण के लिए 17,169 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित किया गया। जमीनी हकीकत यह है कि ये सब महज दिखावा था, तथा कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्र समुदाय को भी निराश किया है।

# तिरुमाला में टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड की बैठक संपन्न



तिरुमला, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष बी.आर. नायडू ने घोषणा की है कि विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक तीर्थस्थल तिरुमाला की पवित्रता की रक्षा के लिए सात पहाड़ियों से सटी भूमि निजी व्यक्तियों को आवंटित नहीं की जानी चाहिए।

टीटीडी ट्रस्ट बोर्ड मंडल की बैठक बुधवार को तिरुमाला के अन्नामैया भवन में हुई। इससे पहले, टीटीडी बोर्ड ने तिरुपति ग्रामीण मंडल के पेरूरू गांव में सर्वे नंबर 604 में आंध्र प्रदेश पर्यटन प्राधिकरण (एपीटीए) की 24.68 एकड़ जमीन टीटीडी को हस्तांतरित करने का फैसला किया था। उस जमीन के बदले में, टीटीडी बोर्ड ने तिरुपति शहरी सर्वे नंबर 588-ए में टीटीडी की 24.68 एकड़ जमीन एपीटीए को हस्तांतरित करने को मंजूरी दे दी है। इसी प्रकार, तिरूपति ग्रामीण में सर्वेक्षण संख्या 604 में एपीटीए की अन्य 10.32 एकड़ भूमि का टीटीडी को हस्तांतरण और उसके बदले में टीटीडी बोर्ड ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वह तिरूपति शहरी में सर्वेक्षण संख्या 588-ए में टीटीडी की 10.32 एकड़ भूमि एपीटीए को आवंटित करने की प्रक्रिया में तेजी लाए। टीटीडी ईओ जे. श्यामला राव, अतिरिक्त ईओ चौधरी वेंकैया चौधरी, जेई वीरब्रह्मम, बोर्ड के सदस्य वी. प्रशांति रेड्डी, पनबाका लक्ष्मी, जस्ति पूर्ण संबाशिव राव, नन्नपनेनी सदाशिव राव, एम. शांताराम, टी. जानकीदेवी, जी. भानुप्रकाश रेड्डी ने बैठक में भाग लिया, जबकि ज्योतिला नेहरू, एम.एस. राजू, एस नरेश कुमार, सुचित्रा एला, एन नरसी रेड्डी, ए मुनिकोटेश्वर राव, बंदोबस्ती सचिव विनय चंद, आयुक्त रामचंद्र मोहन ने भाग लिया।

# ओडिशा के दो अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार




हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। विशाखापट्टनम से काचीगुडा तक अंतरराज्यीय गांजा तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया गया। ओडिशा के दो गांजा तस्करों को 3.154 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसकी कीमत 1,57,700 रुपये बतायी जा रही है। जीआरपी और आरपीएफ काचीगुडा ने काचीगुडा रेलवे पुलिस (जीआरपी) और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से काचीगुडा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ अचानक जांच की और विशाखापट्टनम-महबूबनगर एक्सप्रेस में विशाखापट्टनम से हैदराबाद तक श गांजा ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार गांजा तस्करों में भगबन चंपती निवासी गोलाबैसन, खोरदा जिला, ओडिशा, सुमंत मोहंती निवासी गोलाबैसन, खोरदा जिला, ओडिशा शामिल हैं।

जबकि बावन सुबुधी, निवासी ओडिशा फरार है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपी दोस्त हैं और ओडिशा राज्य के गोलाबैसन गांव के रहने वाले हैं। भगबन चंपती हैदराबाद के शादनगर के पास एक निजी कंपनी में काम करता है। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, शुरुआत में उन्होंने गुजरात जाने से पहले अपने गाँव में एक दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम किया, जहाँ उन्होंने प्रति माह 15,000 कमाए। हालाँकि, वह उस आय से अपनी बुरी आदतों को बरकरार रखने में असमर्थ था, इसलिए वह गुजरात से अपने गाँव लौट आया और हाल ही में काम के लिए हैदराबाद आया था। शादनगर में काम करने के दौरान उसकी मुलाकातबावन सुबुधी से हुई, जिसने उसे विशाखापत्तनम से हैदराबाद तक गांजा पहुँचाने के लिए 5,000 की पेशकश की। कुछ दिनों पहले, सुमंत मोहंत अपने गाँव में भगबन चंपती से मिला और गर्मियों के लिए हैदराबाद में नौकरी खोजने में मदद का अनुरोध किया।भगबन चंपती ने उसे हैदराबाद में गांजा पहुँचाने में सहायता के लिए 2,000 की पेशकश का लालच दिया। मुख्य आरोपी के निर्देशानुसार दोनों ओडिशा के निराकारपुर में विशाखा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 17015) में सवार हुए बाद में वे विशाखापत्तनम-महबूबनगर एक्सप्रेस में सवार होकर काचीगुडा रेलवे स्टेशन पहुंचे। इसी बीच पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

# पटानचेरु क्षेत्र के अस्पताल का होगा कायाकल्प

संगारेड्डी, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। पटानचेरू स्थित क्षेत्रीय अस्पताल का कायाकल्प किया जाएगा, क्योंकि सरकार ने 1.70 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। पटानचेरु के विधायक गुडेम महिपाल रेड्डी ने मंगलवार को अस्पताल परिसर में निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। सरकार ने हाल ही में 70 लाख रुपए मंजूर किए हैं, जबकि यहां क्षेत्रीय अस्पताल के बगल में बनाए जा रहे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के फंड से एक करोड़ रुपए और दिए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस निधि से फर्श, जल निकासी, दरवाजे और पाइपलाइन जैसे कार्य कराए जाएंगे। जीएचएमसी पार्षद मेट्टू कुमार यादव, अस्पताल अधीक्षक श्रीनिवास रेड्डी और अन्य उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ एससीसीएल ने की कार्रवाई

हैदराबाद, 7 मई (स्वतंत्र वार्ता)। कड़ी मेहनत और देश को रोशनी देने वाले सिंगरेणी में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं में शामिल कुछ अराजक ताकतों का पहले ही सफाया किया जा चुका है और अगर ऐसी भ्रष्ट गतिविधियों को चलाने वालों और इसके पीछे मौजूद लोगों के बारे में जानकारी सामने आई तो उन्हें भी कुचल दिया जाएगा, सिंगरेणी प्रबंधन ने बुधवार को एक बयान में चेतावनी दी।

कंपनी ने यह बयान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा सिंगरेणी के एक कर्मचारी को मंगलवार को गिरफ्तार किए जाने के बाद जारी किया है। उस पर आरोप है कि उसने मेडिकल बोर्ड प्रक्रिया में अयोग्य घोषित करने, उनका तबादला करने, नौकरियों के लिए नए चयनित लोगों को मेडिकल परीक्षा में फिट करने और उन्हें प्रतिनियुक्ति, आंतरिक और बाह्य परीक्षाओं में नौकरी दिलाने का वादा करके पैसे ऐंठ लिए थे। कंपनी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह निर्दोष कर्मचारियों के साथ धोखाधड़ी करने वाले किसी भी व्यक्ति को नजरअंदाज नहीं करेगी और कहा कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रबंधन ने चेतावनी दी है कि भ्रष्ट कृत्यों में लिप्त लोगों और उनके पीछे खड़े लोगों तथा उनका समर्थन करने वालों को छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता। प्रबंधन ने कहा कि भ्रष्टाचार के शिकार या अन्य कोई भी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति, जिनके पास किसी भी तरह के भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी है, वे सिंगरेणी सतर्कता विभाग को सूचित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं के नाम गोपनीय रखे जाएंगे तथा कंपनी उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी।

साथ ही यह भी दोहराया कि भ्रष्ट व्यक्तियों के बारे में जानकारी तथा सबूत देने वाले मुखबिरों को 10,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। कंपनी ने सिंगरेणी कर्मचारियों को सलाह दी है कि वे गलत लोगों के पीछे न पड़ें तथा अपना कामकाजी जीवन बर्बाद न करें तथा ऐसे लोगों से संपर्क न करें, जो उन्हें लुभाते हैं। प्रबंधन ने यह भी सलाह दी है कि यदि सिंगरेणी के कर्मचारी या अधिकारी क्षेत्रों, खदानों, विभागों में हैं या कोई बाहरी व्यक्ति रिश्वत की उम्मीद कर रहा है, तो उसका विवरण कंपनी के सतर्कता विभाग तथा एसीबी को उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

प्रबंधन ने कंपनी के जिम्मेदार कर्मचारियों से सहयोग करने और जानकारी देने की अपील की है। प्रबंधन ने साफ किया है कि किसी को भी, चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो, बख्शा नहीं जाएगा। याद दिलाया कि पिछले दिनों सिंगरेणी में अनियमितताएं करने वाले कई कर्मचारियों की जांच की गई और उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। कंपनी की ओर से यह भी खुलासा किया गया कि कई लोगों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई भी की गई है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.